www.epaper.azadsipahi.in

29 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 218

* ओड़िशा संस्करण

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

वित्त आयोग के सामने राज्य के विकास का रोडमैप रखें : हेमंत




# Sarala Birla University

SARALA BIRLA UNIVERSITY


APPLY NOW

Admissions Open 25 - 26

Supported By

B K BIRLA GROUP OF COMPANIES

ADITYA BIRLA GROUP




UNIVERSITY OF MINNESOTA | University of Vermont | Berkeley UNIVERSITY OF CALIFORNIA | & 20+ National MoUs

## CREATING GLOBAL LEADERS

*For Social & Economic Change...!*

## Programs Offered

- **ENGINEERING & COMPUTER SCIENCE**
  Diploma • B.Tech • M.Tech
  Specialization - CSE • ME • CE • EEE • ECE • Electronics & Computer Engineering
  BCA • MCA
- **BUSINESS MANAGEMENT**
  BBA • BBA in Stock broking & Portfolio Management
  MBA
- **HUMANITIES AND LINGUISTICS**
  BA • MA
  Specialization - English • Sanskrit
- **COMMERCE**
  B.com
  Specialization- Accounts • E- Commerce • Taxation
  M.com
- **LEGAL STUDIES**
  BA LLB • BBA LLB • B.Com LLB • LLB • LLM
- **JOURNALISM AND MASS COMMUNICATION**
  BA • MA
- **YOGIC SCIENCE AND NATUROPATHY**
  Diploma • B.Sc • M. Sc
- **APPLIED SCIENCES**
  B.Sc Mathematics • M. Sc Data Science
- **SOCIAL SCIENCES**
  BA • MA
  Specialization - Economics
- **ART, CULTURE & SPORTS**
  BA • MA
  Specialization - Music • Dance • Drama • Fine Arts
- **PHARMACY**
  D.Pharma • B.Pharma
- **NURSING, CLINICAL TECHNOLOGY & PUBLIC HEALTH** ANM • GNM • B.Sc. Nursing

Admission Helpline

**1800 890 6077**

5000+ Students | 65+ Programs | In Campus Hostel For Boys & Girls | Upto 50% Scholarship Under Merit/Sports Quota

60 Acres World Class Infrastructure | 100% Placement Support | 50+ Skill Enhancement Certificates | 100+ Companies visited for Placement

SARALA BIRLA UNIVERSITY

Birla Knowledge City, PO. Mahilong, Purulia Road, Ranchi, Jharkhand, India - 835103

1800 890 6077 / +91 95251 10001

admissions@sbu.ac.in

www.sbu.ac.in

Scan Here to Register

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# इस बार राष्ट्रवाद का रंग खिलेगा बिहार के चुनावी मैदान में

## ■ भाजपा और नीतीश के लिए 'आपरेशन सिंदूर' ने बनाया अनुकूल माहौल

## ■ पहली बार जाति के आधार पर राजनीति की बात नहीं हो रही है बिहार में

## ■ एनडीए ने सीट शेयरिंग को दिया अंतिम रूप, पर इंडी अलायंस में उलझन

**आजाद सिपाही विशेष**

दुनिया को लोकतंत्र का पाठ पढ़ानेवाली भूमि के रूप में चर्चित बिहार की सियासत आम तौर पर देश के दूसरे राज्यों से अलग होती रही है। बिहार में अब तक जातिगत मुद्दे और समीकरण ही विधानसभा चुनाव की दशा-दिशा तय करते रहे हैं। इस साल के अंत में बिहार में विधानसभा का चुनाव होना है और इसके लिए जमीन तैयार हो रही है। चुनावी मुद्दों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस बार पहली बार बिहार में जाति के आधार पर राजनीति की बात नहीं हो रही है, बल्कि राष्ट्रवाद, ऑपरेशन सिंदूर और देशहित की बातें हो रही हैं। जाहिर है कि इस बदले राजनीतिक माहौल का लाभ एनडीए, यानी भाजपा-जदयू को मिलेगा, जो राज्य की सत्ता में है। पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बिहार में अपनी सार्वजनिक रैली कर चुके हैं और एक बार फिर 29-30 मई को बिहार आ रहे हैं। उनकी यात्राओं से अनुकूल माहौल बना है। इसी माहौल की पृष्ठभूमि में यह भी महत्वपूर्ण है कि एनडीए ने राज्य में सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है, जबकि विपक्षी इंडी अलायंस में अब तक इस मुद्दे को लेकर बातचीत भी शुरू नहीं हुई है। बिहार के इस दिलचस्प चुनावी परिदृश्य में एक और बात नोट करने लायक है और वह है सर्वेक्षण एजेंसियों की रिपोर्ट। ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार में किये गये तमाम सर्वेक्षण इस बात की ओर इशारा कर रहे हैं कि इस बार राज्य में राष्ट्रवाद की फसल खूब लहलहायेगी और पहली बार बिहार में जाति के आधार पर वोट शायद नहीं पड़ेगा। जाहिर है, यह निष्कर्ष एनडीए के पक्ष में ही जाता दिखाई दे रहा है। क्या है बिहार का चुनावी परिदृश्य और क्या हैं संभावनाएं, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**


राकेश सिंह

बिहार विधानसभा चुनाव 2025 की गहमागहमी शुरू हो चुकी है और इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' ने राजनीतिक माहौल को और गरमा दिया है। इन सबके बीच बिहार के मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सामने खड़ी चुनौतियों का विश्लेषण करने पर यही पता चलता है कि बिहार का माहौल तेजी से बदलता दिखाई दे रहा है। बिहार की राजनीति आम तौर पर जातीय गोलबंदी और समीकरणों में बंधी होती है। लेकिन इस साल के अंत में होनेवाले विधानसभा चुनावों का माहौल पिछले चुनावों से पूरी तरह अलग नजर आ रहा है। बिहार में इस बार जाति की बात नहीं हो रही है और न ऐसे मुद्दे ही सामने आ रहे हैं। इनके स्थान पर ऑपरेशन सिंदूर, राष्ट्रवाद, देशहित और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर लोग बात कर रहे हैं।

इसका साफ मतलब यही है कि ऑपरेशन सिंदूर, जिसमें भारतीय सेना ने पाकिस्तान की आतंकी और सैन्य संरचनाओं पर हमला किया, ने बिहार के चुनावी माहौल को नया रंग दिया है। इस ऑपरेशन ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) को एक मजबूत कहानी दी है। पीएम मोदी ने पहलगाम आतंकी घटना के दूसरे दिन ही मधुबनी में इसकी शुरुआत की थी। जब उन्होंने कहा था कि इस घटना के आतंकवादियों को धरती के आखिरी छोर तक खोज कर मारा जायेगा। फिर ऑपरेशन सिंदूर हो गया। भाजपा ने इस मौके का फायदा उठाते हुए 10 दिनों तक बिहार में तिरंगा यात्राएं निकालीं, जिससे राष्ट्रवादी भावनाओं को भुनाने की कोशिश की गयी। हालांकि, नीतीश कुमार ने इन यात्राओं को चुपचाप देखा, शायद सतर्कता के साथ, क्योंकि वह जानते हैं कि भाजपा इस मौके का इस्तेमाल अपने प्रभाव को बढ़ाने और बिहार में अपना मुख्यमंत्री स्थापित करने के लिए कर सकती है।

### भाजपा के लिए सुनहरा अवसर

भाजपा के लिए 2025 का चुनाव बिहार में अपने मुख्यमंत्री को लाने का सुनहरा अवसर है। 2020 में चिराग पासवान ने लोक जनशक्ति पार्टी (लोजपा) के जरिये नीतीश कुमार की जनता दल (यूनाइटेड) की सीटों को कम करने में अहम भूमिका निभायी थी। भाजपा अब चाहती है कि प्रशांत किशोर की नयी पार्टी जन सुराज भी ऐसा ही कुछ करे, जिससे नीतीश की स्थिति कमजोर हो और भाजपा को फायदा मिले।

### नीतीश के सामने कई चुनौतियां

नीतीश कुमार, जो बिहार के सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे हैं, इस बार कई चुनौतियों का सामना कर रहे हैं। एक सर्वे के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर से पहले ही एनडीए को बिहार में बढ़त थी। सर्वे में 60% से अधिक लोगों ने नीतीश के प्रदर्शन से संतुष्टि जतायी और 50% से अधिक ने माना कि एनडीए अगला चुनाव जीतेगा। अत्यंत पिछड़ा वर्ग (इबीसी), जो बिहार की आबादी का 36% है, में एनडीए को 68.72% समर्थन मिला, जबकि अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में 39.63% समर्थन था। अनुसूचित जाति में भी एनडीए को 48.23% समर्थन प्राप्त था।




### सर्वेक्षणों में एनडीए को बढ़त

ऑपरेशन सिंदूर के बाद बिहार में कराये गये सर्वेक्षणों में एनडीए को बढ़त हासिल हुई है। विभिन्न कंपनियों द्वारा कराये गये सर्वेक्षणों का संकेत है कि बिहार का राजनीतिक माहौल इस बार बदला हुआ रह सकता है। पहली बार बिहार में जाति की बात नहीं हो रही है, जातीय समीकरण का प्रभाव कम नजर आ रहा है और देशहित की बात ज्यादा हो रही है।

### नीतीश की लोकप्रियता गिरी

हालांकि, नीतीश की लोकप्रियता में कमी आयी है। सर्वेक्षणों के अनुसार, उनकी लोकप्रियता 18% से घटकर 15% हो गयी है और वह मुख्यमंत्री पद के लिए तीसरे पसंदीदा उम्मीदवार बन गये हैं। उनके सामने तेजस्वी यादव (35.5%) और प्रशांत किशोर (17.2%) हैं। नीतीश की घटती लोकप्रियता के कारणों में उनकी सेहत, बार-बार गठबंधन बदलने से विश्वसनीयता में कमी और एनडीए द्वारा मुख्यमंत्री चेहरा घोषित न करना शामिल हैं।

### तेजस्वी की लोकप्रियता भी घटी, कांग्रेस कमजोर कड़ी

बिहार में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता तेजस्वी यादव इस बार सबसे पसंदीदा मुख्यमंत्री उम्मीदवार हैं, हालांकि उनकी लोकप्रियता भी 40.6% से घटकर 35.5% हुई है। तेजस्वी ने बेरोजगारी और प्रवास जैसे मुद्दों को अपनी रणनीति का केंद्र बनाया है, जो सर्वे में 43.8% लोगों की प्राथमिक चिंता है। वह युवाओं और अल्पसंख्यकों को आकर्षित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस की आक्रामकता उनकी राह में बाधा बन रही है।

### प्रशांत किशोर और जन सुराज पार्टी पहली बार मैदान में

प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी पहली बार सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। किशोर ने नीतीश की सेहत और नेतृत्व को कमजोर बताकर उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठाये हैं। वह नीतीश और तेजस्वी की अनुपस्थिति से बने 'वैक्यूम' का फायदा उठाने की कोशिश कर रहे हैं, खासकर मुस्लिम और अन्य समुदायों में।

### क्या है भाजपा की रणनीति

भाजपा नीतीश को गठबंधन का चेहरा बनाये रखते हुए भी अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश में है। वह ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रवादी मुद्दों के जरिये मतदाताओं को लुभाने की कोशिश कर रही है। साथ ही चिराग पासवान और सम्राट चौधरी जैसे नेताओं को आगे बढ़ाकर वह भविष्य में नीतीश के विकल्प को भी ध्यान में रख रही है, हालांकि लोकसभा के दलीय संतुलन को देखते हुए यह सब नेपथ्य में है।

### क्या है बिहार का सामाजिक समीकरण

बिहार की आबादी में इबीसी (36%), ओबीसी (27%) और अनुसूचित जाति (19.6%) का बड़ा हिस्सा है। यदुवंशी (14.26%) और नीतीश की कुरमी जाति (2.87%) भी महत्वपूर्ण हैं। एनडीए को इबीसी और ऊपरी जातियों में मजबूत समर्थन है, जबकि राजद का आधार यदुवंशी और मुस्लिम वोटर हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा ने मुस्लिम समुदाय में भी 28.47% समर्थन हासिल किया है, जो तेजस्वी-कांग्रेस के लिए चिंता का विषय है।

### क्या हो सकते हैं दूसरे मुद्दे

बिहार में ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रवाद के बाद अन्य प्रमुख मुद्दों के रूप में बेरोजगारी और पलायन सबसे बड़े मुद्दे उभरे हैं, जो तेजस्वी की रणनीति को मजबूत करते हैं। दूसरी ओर नीतीश की सरकार ने स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास और बुनियादी ढांचे में उपलब्धियों का दावा किया है, लेकिन उनकी विश्वसनीयता पर सवाल उठ रहे हैं।

### भाजपा को मिलेगा बड़ा लाभ

ऑपरेशन सिंदूर ने बिहार के चुनावी माहौल को राष्ट्रवादी रंग दिया है, जिसका फायदा एनडीए, खासकर भाजपा, को मिल सकता है। हालांकि, नीतीश कुमार के लिए यह चुनाव आसान नहीं है। उनकी घटती लोकप्रियता, सेहत की चिंताएं और बार-बार गठबंधन बदलने की छवि उन्हें कमजोर कर रही है। तेजस्वी यादव और प्रशांत किशोर उनकी चुनौतियों को और बढ़ा रहे हैं, जबकि भाजपा अपनी रणनीति के तहत नीतीश को समर्थन देते हुए बिहार में अपने कदम मजबूत कर रही है। ऐसे में यह बात भी ध्यान देने लायक है कि एनडीए ने सीट शेयरिंग को अंतिम रूप दे दिया है, जबकि विपक्षी इंडी अलायंस अब तक इस तरफ एक कदम भी नहीं बढ़ा है। इस तरह बिहार का यह चुनाव न केवल नीतीश के लिए, बल्कि पूरे एनडीए और विपक्ष के लिए एक कड़ा इम्तिहान होगा।

---

# विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही राज्य सरकार : रघुवर दास

**सरना समाज का मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य का जनजाति समाज अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से वंचित है**



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने बुधवार को हेमंत सरकार पर बड़ा हमला बोला। वह प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा हेमंत सरकार विदेशी धर्म मानने वालों के दबाव में राज्य में पेसा कानून लागू नहीं कर रही। एक सरना समाज के मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य का जनजाति समाज अपनी पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था से वंचित है। उन्होंने कहा कि झारखंड के वीर महानायकों जिसमें धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा, सिदो-कान्हू, पोटो हो ने अंग्रेजों से इसी स्वशासन की व्यवस्था के लिए लड़ाइयां लड़ी, संघर्ष किया, अपने बलिदान दिये। उन्होंने कहा कि 1996 में देश में पेसा कानून लागू किया। जिसके तहत सभी राज्यों ने पेशा नियमावली बनायी। लेकिन अगर झारखंड को देखा जाये तो हेमंत सरकार पार्ट वन और टू के साढ़े पांच वर्ष बीत जाने के बाद भी एक सरना मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य में पेसा कानून लागू नहीं हुआ है। क्या पेसा कानून लागू होने से हेमंत सरकार को खतरा है? क्या इस डर से लागू नहीं कर रहे कि सरकार गिर जायेगी?

रघुवर दास ने कहा कि झारखंड सरकार ने जुलाई 2023 में पेसा नियमावली प्रारूप को प्रकाशित कर पंचायती राज विभाग द्वारा आम लोगों एवं संस्थाओं से प्रतिक्रिया मांगी थी। इसके बाद मंतव्य के साथ नियमावली प्रारूप विधि विभाग को भेजी गयी थी। महाधिवक्ता ने 22 मार्च 2024 को नियमावली प्रारूप पर अपनी सहमति दी और कहा कि नियमावली को सुप्रीम कोर्ट और हाइकोर्ट के न्यायिक आदेशों के अनुरूप बनाया गया है। कहा कि इतना ही नहीं इस संबंध में क्षेत्रीय सम्मेलन में भी गहन विमर्श हुआ जिसमें भारत सरकार के साथ साथ झारखंड, ओड़िशा, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश के प्रतिनिधि शामिल हुए और सभी ने पेसा प्रारूप नियमावली पर सहमति दी। जब सारी वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है तो फिर आखिर कौन सी शक्ति है जो इसे लागू होने से रोक रही है? क्या विदेशी धर्म मानने वालों को नुकसान और सरना धर्म को फायदा होने वाला है इसलिए इसे लागू नहीं किया जा रहा है?

### विदेशी धर्म मानने वाले भ्रम फैला रहे

विदेशी धर्म मानने वाले इस संबंध में लगातार भ्रम फैला रहे हैं। ऐसे लोगों ने समिति बनाकर 2010 से 2017 तक कानून को चुनौती दी। इसे 5वीं अनुसूची वाले राज्य में नहीं बल्कि 6ठीं अनुसूची में लागू किया जाये। लेकिन उच्चतम न्यायालय ने इसे खारिज करते हुए 5वीं के तहत लागू करने का आदेश दिया। ऐसी ताकतें नहीं चाहती कि आदिवासी समाज की पारंपरिक रूढ़िवादी व्यवस्था आगे बढ़े। आदिवासी धर्म छोड़कर दूसरे धर्म मानने वालों का इस व्यवस्था में प्रवेश चाहते हैं। जो इस नियमावली की मूल भावना के खिलाफ है। पेसा नियमावली में निर्वाचित व्यवस्था का प्रावधान नहीं है बल्कि इसके तहत पारंपरिक रूढ़िवादी स्वशासन व्यवस्था लागू होगी। 6ठी अनुसूची के तहत ऑटोनोमस काउंसिल का प्रावधान है जिसमें नामांकन के आधार पर प्रतिनिधि चुने जायेंगे और विदेशी धर्म वाले जिन्होंने आदिवासी परंपरा को छोड़ दिया है इस माध्यम से अपना प्रतिनिधि शामिल करना चाहते हैं। इसलिए ऐसे लोग इसका विरोध कर रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे लोग सत्ताधारी पार्टी और राज्य सरकार ने शामिल हैं। बड़े पद लेकर बैठे हैं और ऐसे लोगों के दबाव में राज्य सरकार पेसा कानून लागू नहीं कर रही। कांग्रेस झामुमो के लोग ऐसे लोगों की गोद में बैठे हैं। पेसा लागू होने से 112 अनुसूचित प्रखंडों में सारी योजनाओं का अधिकार आदिवासी समाज के पारंपरिक प्रधान को मिल जायेंगे। कांग्रेस बताये क्यों 1961 की जनगणना में आदिवासी कोड क्यों हटाया।

---

# रघुवर बतायें उनके समय में क्यों नहीं बनी पेसा नियमावली : विनोद पांडेय

आजाद सिपाही संवाददाता

- रघुवर दास आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, न कि समाधान देना
- भाजपा को आदिवासियों के स्वशासन से नहीं, बल्कि सत्ता से मतलब है
- आदिवासी समाज को विदेशी धर्म और मूल धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया
- भाजपा आदिवासियों को इसाई बताकर उनकी नागरिकता, रोजगार और अधिकारों को संदेह के घेरे में खड़ा करती रही है

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास की ओर से हेमंत सरकार पर लगाये गये आरोपों पर सत्तासीन झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडेय ने बुधवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि भाजपा और रघुवर दास आदिवासी समाज के मुद्दों को लेकर केवल राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं, न कि समाधान देना। विनोद पांडेय ने कहा कि रघुवर दास को पेसा कानून की याद अब आ रही है, जबकि उनके पूरे शासनकाल में इस दिशा में एक भी ठोस कदम नहीं उठाया गया। उन्होंने पूछा कि यदि उन्हें आदिवासी समाज की इतनी ही चिंता थी तो 2014 से 2019 के दौरान भाजपा सरकार ने पेसा कानून लागू क्यों नहीं किया। भाजपा नेता बतायें कि उन्होंने राज्यसभा, लोकसभा, विधानसभा आखिर कहीं पर सरना आदिवासी धर्म कोड या पेसा नियमावली के लिए कोई पहल नहीं की।



उन्होंने कहा कि भाजपा को आदिवासियों के स्वशासन से नहीं, बल्कि सत्ता से मतलब है। झामुमो महासचिव ने कहा कि भाजपा को पेसा कानून की मूल भावना से नहीं, बल्कि इसे अपने एजेंडे के अनुसार मोड़ने में रुचि है। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार पेसा नियमावली को लेकर गंभीरता से काम कर रही है और तमाम वैधानिक प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद अब अंतिम स्तर पर प्रक्रिया हो रही है।

उन्होंने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन स्वयं आदिवासी हैं, सरना धर्म को मानने वाले हैं और भाजपा को यह रास नहीं आता। इसलिए वह समाज को भ्रमित करने का प्रयास कर रही है। पांडेय ने भाजपा पर आदिवासी समाज को विदेशी धर्म और मूल धर्म के नाम पर बांटने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि यह वही भाजपा है, जो आदिवासियों को इसाई बताकर उनकी नागरिकता, रोजगार और अधिकारों को संदेह के घेरे में खड़ा करती रही है।

www.epaper.azadsipahi.in

29 मई, 2025
ज्येष्ठ, शुक्ल पक्ष, तृतीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा
# आजाद सिपाही

रांची
गुरुवार, वर्ष 10, अंक 218

राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर में नयी सरकार बनाने की तैयारी



FLORENCE
GROUP OF INSTITUTIONS
(A Unit of :Haji Abdur Razzaque Educational Society)
ADMISSION OPEN
COLLEGE OF NURSING
2 YEARS M.Sc. Nursing
2 YEARS Post Basic B. Sc. Nursing
4 YEARS B.Sc. Nursing
3 YEARS GNM (General Nursing And Midwifery)
2 YEARS ANM (Auxiliary Nursing And Midwifery)
COLLEGE OF PARA MEDICAL SCIENCE
4 YEARS BMLT
2 YEARS DMLT
2 YEARS OT ASSISTANT
2 YEARS ECG
2 YEARS OPHTHALMIC ASST.
2 YEARS CRITICAL CARE (ICU)
2 YEARS RADIO-IMAGING
2 YEARS ANESTHESIA TECH.
1 YEARS DRESSERS
COLLEGE OF PHARMACY
2 YEARS D-PHARM
4 YEARS B-PHRRM
Separate Hostel For Boys & Girls
9031231082, 7903999411, 6205145470
E-mail: fsnirba@gmail.com
Website: www.florenceinstirba.com

SMD TRADERS
कटहल मोड़ चौक
पटाखा गली, श्रीराम नगर
गुटवा, थाना - नगरी, रॉंची
हम मुर्गा छाप एवं अन्य ब्राण्डेड कंपनियों के पटाखें अन्यों से 10% कम भाव में थोक एवं खुदरा विक्रेता
जाओ मम्मी - पापा जाओ एसएमडी के पटाखे लाओ
क्यो ?................इसलिए !
मम्मी पापा से कहते है बच्चे एसएमडी के पटाखे अच्छे
संपर्क करें :
6201474385
7488680098
9717720847

## मोदी सरकार ने किसानों को दिया तोहफा

# धान, कपास, ज्वार समेत 14 फसलों का समर्थन मूल्य बढ़ा

- केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला
- ब्याज सहायता योजना जारी रखने का एलान





आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** केंद्रीय कैबिनेट की बुधवार को हुई बैठक में कई बड़े फैसले लिये गये। सरकार ने किसानों को सौगात देते हुए एमएसपी में 50 फीसदी की बढ़ोत्तरी की है। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि किसानों के लिए एक बड़ा फैसला लिया गया है। पिछले 10-11 वर्षों में खरीफ फसलों के लिए एमएसपी में भारी बढ़ोतरी की गयी है। खरीफ विपणन सीजन 2025-26 के लिए एमएसपी को कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गयी है। इसकी कुल राशि लगभग 2,07,000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

**फसलों के एमएसपी में बढ़ोतरी :** सरकार ने बुधवार को 2025-26 खरीफ विपणन सत्र के लिए धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तीन प्रतिशत बढ़ाकर 2,369 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीइए) ने इस संबंध में निर्णय लिया। आगामी फसल वर्ष 2025-26 (जुलाई-जून) के खरीफ सत्र के लिए सामान्य और ए ग्रेड धान की किस्मों का समर्थन मूल्य 69 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाकर क्रमशः 2,369 रुपये और 2,389 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है। दालों में अरहर का समर्थन मूल्य 450 रुपये बढ़ाकर 8,000 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है, जबकि उड़द का एमएसपी 400 रुपये बढ़ाकर 7,800 रुपये प्रति क्विंटल और मूंग का एमएसपी 86 रुपये बढ़ाकर 8768 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया गया है।

| फसल | एमएसपी 2024-25 | एमएसपी 2025-26 | वृद्धि |
|---|---|---|---|
| धान (सामान्य) | 2,300 | 2,369 | 69 |
| धान (ए ग्रेड) | 2,320 | 2,389 | 69 |
| ज्वार (हाइब्रिड) | 3,371 | 3,699 | 328 |
| ज्वार (मालदांडी) | 3,421 | 3,749 | 328 |
| बाजरा | 2,625 | 2,775 | 150 |
| रागी | 4,290 | 4,886 | 596 |
| मक्का | 2,225 | 2,400 | 175 |
| तुअर/अरहर | 7,550 | 8,000 | 450 |
| मूंग | 8,682 | 8,768 | 86 |
| उड़द | 7,400 | 7,800 | 400 |
| मूंगफली | 6,783 | 7,263 | 480 |
| सूरजमुखी | 7,280 | 7,721 | 441 |
| सोयाबीन | 4,892 | 5,328 | 436 |
| तिल | 9,267 | 9,846 | 579 |
| रामतिल | 8,717 | 9,537 | 820 |
| कपास (मिडिल स्टेपल) | 7,121 | 7,710 | 589 |
| कपास (लॉन्ग) | 7,521 | 8,110 | 589 |

### कैबिनेट के अन्य फैसले

- बडवेल नेल्लोर फोर-लेन हाइवे को मंजूरी
- महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में भारतीय रेलवे में दो मल्टीट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी।

### ब्याज सहायता योजना जारी रखने को मंजूरी

सरकार ने संशोधित ब्याज सहायता योजना (एमआइएसएस) को 2025-26 के लिए जारी रखने को मंजूरी दे दी, जिसके तहत किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से सस्ती दर पर अल्पकालिक ऋण मिलता है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि मौजूदा 1.5 प्रतिशत ब्याज सहायता के साथ वित्त वर्ष 2025-26 के लिए एमआइएसएस को जारी रखने का निर्णय केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा लिया गया। इस योजना को जारी रखने से सरकारी खजाने पर 15,640 करोड़ रुपये का बोझ पड़ेगा।

# वित्त आयोग के सामने राज्य के विकास का रोडमैप रखें : हेमंत

- मुख्यमंत्री ने 16वें वित्त आयोग की टीम के झारखंड दौरे के मद्देनजर राज्य सरकार की तैयारियों की समीक्षा की
- आयोग की टीम की 30 मई को राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ होगी बैठक



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को अपने आवासीय कार्यालय में 16वें वित्त आयोग की टीम के झारखंड दौरे के मद्देनजर राज्य सरकार की ओर से की गयी तैयारियों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखने का निर्देश दिया। इस मौके पर वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, वित्त विभाग के सचिव प्रशांत कुमार, विशेष सचिव वित्त विभाग बी० राजेश्वरी सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**30 मई को सरकार के साथ होगी बैठक:** मुख्यमंत्री को अधिकारियों ने अवगत कराया कि 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में 11 सदस्यीय टीम 28 मई से चार दिवसीय दौरे पर झारखंड परिभ्रमण पर आयी है। वित्त आयोग की टीम की 30 मई को रांची में राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक प्रस्तावित है। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, प्रबंधन, अनुदान की राशि के खर्च करने का विवरण, केंद्रीय सहायता राशि का उपयोग सहित कई अन्य विषयों पर जानकारी ली जायेगी। राज्य सरकार की ओर से 16वें वित्त आयोग की टीम की जिज्ञासा से संबंधित पूरी तैयारी की गयी है। राज्य सरकार द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में हो रहे विकासात्मक कार्यों की भी पूर्ण जानकारी वित्त आयोग को दी जायेगी। वित्त आयोग की टीम के समक्ष कृषि कार्य हेतु राज्य में सिंचाई जल संग्रहण, विद्यार्थियों में क्वालिटी एजुकेशन, आम जनमानस को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करना, इंफ्रास्ट्रक्चर, पर्यटन के क्षेत्र में बढ़ावा राज्य सरकार की प्राथमिकता होगी। इस निमित्त सभी सेक्टर के आउटपुट पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत की जायेगी। बैठक में राज्य सरकार 16वें वित्त आयोग की टीम को एक ज्ञापन (मेमोरेंडम) सौंपेगी।

**हर समुदाय और वर्ग का हित सुनिश्चित हो:** मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि वित्त आयोग की टीम के समक्ष राज्य के विकास का रोडमैप रखें। राज्य के भीतर शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों में भी विकास की रफ्तार तेज हो, इस उद्देश्य के साथ हमारी सरकार निरंतर आगे बढ़ रही है। राज्य में कई ऐसे सेक्टर हैं, जिस पर अधिक फोकस रखने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की सिफारिश ऐसी हो, जिससे सभी वर्ग-समुदाय के लोगों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को वित्त आयोग के समक्ष राज्य सरकार की ओर से कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों को रखने संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिये।

### टीम देवघर में स्थानीय निकायों के साथ करेगी बैठक

रांची (आजाद सिपाही)। 16वें वित्त आयोग की टीम बुधवार को झारखंड पहुंच गयी है। आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया गुरुवार को पहुंच रहे हैं। टीम के लिए स्थानीय रैडिसन ब्लू में ठहरने की व्यवस्था की गयी है। तय कार्यक्रम के अनुसार आयोग की टीम 29 मई को देवघर जायेगी। वहां वित्त आयोग की टीम प्रमंडल स्तर पर स्थानीय निकाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेगी। इसमें देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा व पाकुड़ जिले के जिला परिषद अध्यक्ष, एक मुखिया और एक प्रमुख शामिल होंगे। रांची में 30 मई को स्थानीय निकायों, ट्रेड इंडस्ट्री, चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रतिनिधियों के साथ मुलाकात करेगी। इसके बाद राज्य सरकार के सभी मंत्रियों एवं अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गयी है। इस बैठक में राज्य की वित्तीय स्थिति, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति सहित कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। टीम 30 मई को ही झारखंड के प्रमुख राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी बातचीत करेगी। वित्त आयोग की टीम 31 मई को रांची से दिल्ली के लिए रवाना होगी।

## न्यूज रील्स

### झारखंड हाइकोर्ट के नये चीफ जस्टिस होंगे तरलोक सिंह चौहान


रांची। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव का त्रिपुरा हाइकोर्ट में तबादले की सिफारिश की गयी है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के सीनियर जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अनुशंसा की है। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने 26 मई की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में केंद्र सरकार से चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव के तबादले की सिफारिश की है। कॉलेजियम ने हिमाचल प्रदेश हाइकोर्ट के सीनियर जस्टिस तरलोक सिंह चौहान को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस नियुक्त करने की अनुशंसा की है। उन्होंने शिमला से स्कूली शिक्षा प्राप्त की और पंजाब यूनिवर्सिटी (चंडीगढ़) से कानून की पढ़ाई की है। वह लाइसेंस लेने के बाद 1989 में वकालत के पेशे में आये थे। वर्ष 2014 में उन्हें हाइकोर्ट के अतिरिक्त जज के तौर पर पदोन्नत किया गया था। उसी साल उन्हें स्थायी न्यायाधीश नियुक्त किया गया था। चीफ जस्टिस एमएस रामचंद्र राव को 21 सितंबर 2024 को झारखंड हाइकोर्ट का चीफ जस्टिस बनाया गया था।

# शराब घोटाला: आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से एसीबी करेगी पूछताछ, दो दिन की रिमांड मिली

- एसीबी ने अदालत से सात दिन की रिमांड देने की मांग की थी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड शराब घोटाले में गिरफ्तार आइएएस विनय चौबे और गजेंद्र सिंह से पूछताछ के लिए एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) को दो दिनों की रिमांड मिली है। एसीबी की विशेष अदालत ने इस बाबत आदेश दिया है। एसीबी की ओर से इनसे पूछताछ के लिए सात दिनों की रिमांड मांगी गयी थी। सुनवाई के बाद विशेष अदालत ने आदेश सुरक्षित रख लिया था। इसके बाद एसीबी को दो दिनों की रिमांड का लेने आदेश जारी किया। अधिकारी इनसे दो दिनों तक पूछताछ करेंगे।



**विनय चौबे समेत पांच को एसीबी कर चुकी है गिरफ्तार :** झारखंड शराब घोटाले में एसीबी अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। झारखंड के तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय चौबे और संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 20 मई को पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद जियाडा के रीजनल डॉयरेक्टर और जेएसबीसीएल के तत्कालीन जीएम सुधीर कुमार, वर्तमान जीएम फाइनेंस सुधीर कुमार दास और मार्शन के प्रतिनिधि नीरज को 22 मई को गिरफ्तार किया गया था।

### रिम्स में भर्ती हैं विनय चौबे

बताते चलें कि 20 मई को रांची एसीबी ने झारखंड शराब घोटाले में बड़ी कार्रवाई की थी। विनय चौबे से पूछताछ के बाद उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था। साथ ही संयुक्त उत्पाद आयुक्त गजेंद्र सिंह को भी गिरफ्तार किया गया थे। दोनों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा सेंट्रल जेल भेज दिया गया था। जहां, तबीयत खराब होने के बाद विनय चौबे को रिम्स में भर्ती कराया गया। फिलहाल वह रिम्स में हैं और उनका इलाज चल रहा है।

# पाकिस्तान से सटे राज्यों में आज मॉक ड्रिल

- जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान में शाम चार बजे बजेगा सायरन
- इससे पहले ऑपरेशन सिंदूर के दिन देशभर में 244 जिलों में हुई थी मॉक ड्रिल

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** पाकिस्तान से सटे चार राज्यों में गुरुवार की शाम मॉक ड्रिल होगी। इनमें जम्मू-कश्मीर, गुजरात, पंजाब और राजस्थान शामिल हैं। लोगों से सतर्क रहने की अपील की गयी है। इससे पहले सात मई को देश के 244 जिलों में मॉक ड्रिल हुई थी। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी गयी। यह इसलिए किया गया, ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। देश में पिछली बार ऐसी मॉक ड्रिल 1971 में हुई थी। तब भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध हुआ था। यह मॉक ड्रिल युद्ध के दौरान हुई थी। दरअसल, 22 अप्रैल को हुए पहलगाम आतंकी हमले के बाद सात मई को भारत ने पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) और पाक में मौजूद नौ आतंकी ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की थी। सेना ने 100 आतंकियों को मार गिराया था। इसे ऑपरेशन सिंदूर नाम दिया गया। इसके बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बना हुआ है। यह मॉक ड्रिल केवल लोगों को सतर्क रहने और भविष्य में सुरक्षित रहने के लिए जागरूक करने के लिए हो रहा है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का निधन

**मोहाली।** पंजाब में अकाली दल के प्रमुख नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री सुखदेव सिंह ढींढसा का बुधवार को निधन हो गया। वे 89 साल के थे। वे पिछले कुछ समय से बीमार थे। उन्होंने मोहाली के अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 14वीं लोकसभा के लिए पंजाब के संगरूर से चुने गये थे।

सत्यमेव जयते
भारत सरकार
सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग
5 वीं मंजिल, पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
****************

**वर्ष 2025 के लिए दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 'ऑनलाइन' माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना**

वर्ष 2025 के लिए दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए आवेदन / नामांकन जमा करने के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल 15 मई, 2025 से 15 जुलाई, 2025 तक खुला है। इसका विवरण निम्नानुसार है :

i. आवेदन / नामांकन राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **www.awards.gov.in** पर किए जायेंगे ।

ii. वर्ष 2025 के राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए 15 जुलाई, 2025 तक प्राप्त आवेदनों / नामांकनों पर ही विचार किया जाएगा।

iii. वर्ष 2025 के लिए आवेदन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **(www.awards.gov.in)** पर ऑनलाइन जमा किया जाना है। नामांकन में उपरोक्त पोर्टल पर उपलब्ध प्रारूप में निर्दिष्ट सभी प्रासंगिक विवरण शामिल होने चाहिए, जिसमें उल्लेखनीय और प्रेरक उपलब्धियों को स्पष्ट रूप में शामिल किया जाना चाहिए तथा उपलब्धियों से सम्बंधित सहायक दस्तावेज भी अपलोड करना चाहिए।

iv. **भौतिक रूप से या किसी अन्य रूप से प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

v. पात्रता मानदंड और अन्य विवरणों के लिए विभाग की वेबसाइट **(www.depwd.gov.in)** तथा राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल **(www.awards.gov.in)** पर उपलब्ध "दिव्यांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय पुरस्कारों के लिए दिशानिर्देश" देखे जा सकते हैं।

CBC 38117/11/0001/2526

# राउरकेला में नक्सलियों ने लूटा विस्फोटक से भरा ट्रक

- डेढ़ टन विस्फोटक होने का अनुमान, सारंडा जंगल में छिपाने की सूचना
- हाइ अलर्ट पर झारखंड और ओड़िशा पुलिस



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची/राउरकेला।** ओड़िशा के राउरकेला में नक्सलियों ने सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए एक ट्रक लूट लिया। ट्रक में करीब डेढ़ टन विस्फोटक सामग्री लदी थी। यह ट्रक केबलांग थाना क्षेत्र से होकर बांको पत्थर खदान की ओर जा रहा था। ट्रक को रोककर चालक को बंधक बनाया गया और वाहन को सारंडा के जंगल की तरफ ले गये। घटना के बाद झारखंड और ओड़िशा पुलिस को अलर्ट पर रखा गया है। पुलिस दोनों राज्यों की सीमाओं पर वाहनों की जांच कर रही है। जंगलों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया है।

**23 हथियारबंद नक्सलियों ने दिया अंजाम:** प्राप्त जानकारी के अनुसार ओड़िशा के राउरकेला में मंगलवार रात नक्सली घटना घटी। करीब डेढ़ टन विस्फोटक सामग्री से भरे एक ट्रक को नक्सलियों ने लूट लिया। ट्रक को झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले के सारंडा जंगल के पास ले जाकर छिपा दिया गया है। ट्रक अपने गंतव्य पर लगभग पहुंच ही गया था कि 23 हथियारबंद नक्सली वहां पहुंचे और ट्रक को कब्जे में लेकर घने जंगल की ओर भाग निकले। नक्सलियों ने ट्रक चालक को देर रात छोड़ दिया, जो ओड़िशा के महूपदा थाना पहुंचने की कोशिश कर रहा है। हालांकि, विस्फोटक से भरा ट्रक अभी भी नक्सलियों के कब्जे में है।

### केबलांग थाने में मामला दर्ज किया गया

इस वारदात को लेकर ओड़िशा के केबलांग थाने में केस दर्ज किया गया है। घटना की गंभीरता को देखते हुए पश्चिमी सिंहभूम और ओड़िशा पुलिस पूरी तरह सतर्क हो गयी है। इस घटना के बाद सारंडा के सभी सीपीआरएफ कैंपों को अलर्ट कर दिया गया है। झारखंड पुलिस ने बॉर्डर पर निगरानी बढ़ा दी है। वर्तमान में सारंडा और ओडिशा बॉर्डर के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। दोनों राज्यों के पुलिस और सीआरपीएफ को एलर्ट किया गया है।

## जदयू नेताओं ने की डीसी से मुलाकात




**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** जनता दल यूनाइटेड हजारीबाग के प्रदेश एवं जिला के पदाधिकारी ने हजारीबाग उपायुक्त से मिलकर हजारीबाग में पदभार लेने पर उनका स्वागत किया। साथ ही हजारीबाग के जन समस्याओं से उन्हें अवगत कराया। उपायुक्त ने भी नेताओं को हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। नेताओं में प्रदेश महासचिव अर्जुन कुमार मेहता, जदयू के वरिष्ठ नेता चंद्र मोहन पटेल, जिला प्रवक्ता राकेश ठाकुर और जिला महासचिव भुवनेश्वर ठाकुर शामिल थे।

## मेधावी विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** सांढ पंचायत की मुखिया सुलेखा कुमारी और इंटर आर्ट्स कॉलेज की संयुक्त तत्वावधान में सांढ पंचायत भवन में मैट्रिक के मेधा विद्यार्थियों के लिए बुधवार को पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मैट्रिक में प्रथम स्थान रहे 25 विद्यार्थियों को सांढ पंचायत के मुखिया सुलेखा कुमारी और पूर्व मुखिया भीखन महतो, स्कैनर पॉलिटिकल साइंस के लेखक विपिन कुमार, इंटर आर्ट्स कॉलेज के उप प्राचार्य अवधेश कुमार और शिक्षक सुमित कुमार द्वारा विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मौके पर मैट्रिक के छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुखिया सुलेखा कुमारी ने कहा कि मैट्रिक के विद्यार्थी अपनी भविष्य के लिए अभी से ही प्रतियोगिता की परीक्षाओं की तैयारी में लग जायें। स्कैनर पॉलिटिकल साइंस के लेखक सह स्टौमैक्स हजारीबाग के संस्थापक व निर्देशक विपिन कुमार ने कहा कि विद्यार्थी देखा - देखी में विषय को चयन न करें, बल्कि अपने रुचि के अनुसार विषय का चयन करें। इससे विषयों पर खास पकड़ होगी, और अच्छे अंक से सफलता भी मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि उच्च शिक्षा प्राप्त कर जेएसएससी, जीपीएससी, यूपीएससी की परीक्षा में सफलता अर्जित कर अपने गांव समाज का नाम रोशन करें। पूर्व मुखिया भीखन महतो ने विद्यार्थियों की सफलता पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने के लिए सहयोग करते रहेंगे। मौके पर शिक्षक मिथिलेश कुमार, उप मुखिया हेवंती देवी, वार्ड सदस्य टेकलाल कुमार, विजय कुमार, गिन्नी वर्मा, वासुदेव कुमार, प्रभाकर कुमार, उमेश प्रसाद, नंदकिशोर कुमार, दीपक कुमार सहित अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन लेखक विपिन कुमार ने किया।

## कोडरमा के 25वें उपायुक्त के रूप में ऋतुराज ने पदभार ग्रहण किया



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी ऋतुराज ने बुधवार को कोडरमा जिले के 25वें उपायुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया। समाहरणालय स्थित उपायुक्त कार्यालय में निवर्तमान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने पदभार सौंपा। इस अवसर पर जिला के अनुमंडल पदाधिकारी, अपर समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी और अन्य वरीय पदाधिकारीगण, विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारीगण और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने जिले के समग्र विकास, जनहित में सुशासन और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर निवर्तमान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने जिले में अपने कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग के लिए सभी अधिकारियों और कर्मचारियों का आभार व्यक्त किया और नव नियुक्त उपायुक्त ऋतुराज को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कोडरमा जिला विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। नव पदस्थापित उपायुक्त ने बातचीत में कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकताओं, सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जिला में क्रियान्वित किया जायेगा। सुनिश्चित किया जायेगा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। सभी के सहयोग से नई ऊर्जा और संकल्प के साथ जिला के विकास कार्यों को नई दिशा और गति दी जायेगी। जिले में स्वास्थ्य, कृषि, सहकारिता, रोजगार, लाइवलीहुड की दिशा में बेहतर कार्य करने की प्राथमिकता रहेगी।

## प्रमुख ने किया तीन योजनाओं का उद्घाटन



**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** टाटीझरिया प्रखंड क्षेत्र में पंचायत समिति मद की योजना प्रगति देते हुए कार्य पूर्ण होने पर बुधवार को खैरा पंचायत के बैदमक्का में दो योजनाओं का उद्घाटन बेदमक्का पोखर में सीढ़ी सह स्नानघर और कैलाश तुरी घर से पति पासवान के घर तक नाली निर्माण, बेडम पंचायत के मंगरपहुरा में शिव मंडली के पास फेवर ब्लॉक का उद्घाटन प्रमुख संतोष मंडल, उपप्रमुख रवि वर्णवाल, पंसस विनय कुमार दास, मंझली कुमारी के पूजा-अर्चना कर नारियल फोड़कर किया। प्रमुख संतोष मंडल ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के पंचायत में विकास का कार्य प्रगति पथ पर लाना पहला प्राथमिकता है कार्य प्रगति पर है। प्रत्येक पंचायत में विकास कार्य करना है इस अवसर पर मिथलेश वर्मा, मनोज यादव, रामसेवक यादव, प्रमेश्वर यादव, विनोद महतो, केदार प्रसाद, सौरभ सिंह, प्रमोद सिंह समेत अन्य उपस्थित थे।

## माउंट जिरामो वनस्थली विद्यापीठ के छात्र ने मुंबई में लहराया परचम



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** माउंट जिरामो वनस्थली विद्यापीठ धरगुल्ली के छात्र ने मुम्बई में लहराया परचम। 2021 के पास आउट छात्र शेख इशा वसीम ने मुंबई के लक्ष्मीचंद गोलवाला कॉलेज ऑफ कामर्स एंड इकोनोमिक्स मुंबई से बैचलर ऑफ कामर्स की पढ़ाई की। शेख इशा वसीम ने बैचलर ऑफ कामर्स में 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कालेज टॉप किया। इस बाबत विद्यालय के निदेशक सुभाष गुप्ता ने बताया कि शेख इशा वसीम बचपन से ही मेधावी छात्र रहा है। इसने 2021 में 95 प्रतिशत नंबर लाकर विद्यालय टॉप किया था और आज मुंबई में कालेज टॉप कर विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया। इस सफलता पर विद्यालय परिवार की ओर से शेख इशा वसीम की उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## उपायुक्त ने मनरेगा योजना की समीक्षा की

# 15 दिनों में सुधार लाने का दिया निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को डीसी शशि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। इस दौरान उपायुक्त ने मनरेगा के अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तार से समीक्षा करते हुए दिशा-निर्देश दिये। बैठक के दौरान डीसी ने विशेष रूप से उन प्रखंडों की पहचान की जिनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम रहा है। उन्होंने इस पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए संबंधित बीपीओ, एइ और रोजगार सेवकों को 15 दिनों के भीतर कार्य में सुधार लाकर संतोषजनक प्रगति



सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। साथ ही, अधिकारियों को नियमित क्षेत्र भ्रमण कर योजनाओं की भौतिक प्रगति की निगरानी करने और ससमय डेटा अद्यतन करने के निर्देश भी दिये गये। डीसी ने कहा कि मनरेगा योजना न केवल ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार उपलब्ध कराने का माध्यम है, बल्कि यह क्षेत्रीय विकास को भी गति प्रदान करती है। उन्होंने अधिकारियों से अपेक्षा जतायी कि वे अधिक से अधिक मानव दिवस सृजन पर ध्यान केंद्रित करें और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करें। योजना की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाये और समय पर श्रमिकों को उनकी मजदूरी का भुगतान सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निरीक्षण की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त और नियमित बनाते हुए कार्यों में पारदर्शिता लाने पर भी बल दिया। बैठक के अंत में डीसी ने कहा कि मनरेगा योजनाओं के माध्यम से हमें ग्रामीण क्षेत्रों में सतत विकास और रोजगार के अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में लगातार प्रयासरत रहना होगा। बैठक में डीडीसी इश्तियाक अहमद, जिले के सभी बीपीओ, एइ, रोजगार सेवक सहित कई अन्य कर्मी उपस्थित थे।

## महिला की हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने भेजा जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** इचाक थाना क्षेत्र के खररे गांव निवासी पत्नी हत्या के आरोपी पति सूरज कुमार दास उर्फ सूरज रविदास को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। गीता के पति सूरज कुमार उर्फ सूरज रविदास, सास सरिता देवी, ससुर कार्तिक रविदास, मौसी सास मालती देवी समेत आठ लोगों लोगों के खिलाफ इचाक थाना में आवेदन देकर साजिश के तहत गीता की हत्या कर शव को ईंट पत्थर के साथ बोरा में भरकर गोवा में फेंकने और साक्ष्य को मिटाने का आरोप लगाया था। मामले में आठ आरोपियों में से तीन की गिरफ्तारी हो चुकी है। अन्य पांच आरोपियों के गिरफ्तारी को लेकर पुलिस छापामारी कर रही है। बता दें कि शनिवार की रात मृतिका गीता की सास सरिता



देवी ने सहयोगियों के साथ मिलकर बहू की निर्माण हत्या करने के बाद शव को पास के कुएं में फेक दिया था। जिसका शव को रविवार को कुएं से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मामले में तीन आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। पांच अन्य की तलाश में पुलिस जुटी है।

## एसपी अंजनी अंजन ने लिया हजारीबाग जिले का प्रभार

आजाद सिपाही संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के नये पुलिस अधीक्षक के रूप में अंजनी अंजन ने बुधवार को पदभार ग्रहण किया। मंगलवार को झारखंड सरकार द्वारा जारी किये गये अधिसूचना के बाद बुधवार को उन्होंने अपना पदभार तत्कालीन एसपी अरविंद सिंह से ग्रहण कर लिया है। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने बताया कि हजारीबाग वासियों में सुरक्षा को लेकर आश्वस्त करने के लिए निर्बाध तरीके से कार्य करता रहूंगा। वहीं उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इतने पुराने जिला का पुलिस अधीक्षक के रूप में जो उन्होंने योगदान देने के लिए भेजा है उनके भरोसे पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा। 1931 से यह जिला बना हुआ है जो कि झारखंड में अपना काफी महत्वपूर्ण स्थान रखता है। हजारीबाग वासियों को इन चीजों



से आश्वस्त कर देना चाहता हूं, ताकि उन्हें किसी भी तरह की परेशानियों का सामना न करना पड़े। बताते चलें कि अंजनी अंजन इससे पूर्व लातेहार जिले में पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य कर चुके हैं और वर्तमान में रांची में एसीबी पुलिस अधीक्षक के रूप में अपना योगदान दे रहे थे। जिले के तमाम पुलिस पदाधिकारी व जिले के सभी थाना प्रभारी के साथ सामूहिक बैठक कर कई जानकारियां ली।

## सड़क दुर्घटना में महिला की मौत, चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

**मरकच्चो।** नवलशाही थाना क्षेत्र के कोडरमा गिरिडीह मुख्यमार्ग पर कानीकेंद जंगल के समीप (चौकीदार शे ड) के पास सब्जी लोड टेम्पू में हाइवा की टक़्कर से एक महिला की मौत हो गई। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना बुधवार दोपहर की है। दुर्घटना में मृतक महिला की पहचान सुमा देवी (उम्र 40 वर्ष पति छोटन साव) वहीं घायलों की पहचान प्रीतम मेहता (उम्र 60 वर्ष, पिता स्व. बाबूलाल मेहता), पुरण कुमार मेहता (उम्र 30 वर्ष, पिता लालू मेहता), लालू मेहता (उम्र 65 वर्ष, पिता भेखलाल मेहता), कृष्णा साव (उम्र 14 वर्ष, पिता छोटन साव) सभी साकिन



फुलवरिया थाना नवलशाही के रूप में किया गया। जानकारी के अनुसार सभी लोग टेम्पू में सब्जी लोड कर घोड़थम्भा बाजार सब्जी बेजने जा रहे थे। इसी दौरान कानीकेंद जंगल के पास टेम्पू में पीछे से एक हाइवा ने जोरदार टक़्कर मार दिया जिससे टेम्पू दुर्घटनाग्रस्त हो गया। घटना की सूचना नवलशाही पुलिस को मिलते ही सभी घायलों को सदर अस्पताल कोडरमा भेज दिया गया। डॉक्टर ने इलाज कर एक की स्थिति को गंभीर देखते हुए रांची रिम्स रेफर कर दिया। वही थाना प्रभारी शशिभूषण दोनों वाहन को जब्त कर नवलशाही थाना परिसर ले आए।

## कुआं से शव बरामद

**चंदवारा (आजाद सिपाही)।** चंदवारा थानां क्षेत्र अंतर्गत करोंजिया गांव के समीप कुंवा से पुलिस ने बुधवार को एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। मृतक की पहचान चंदवारा थानां क्षेत्र के कारोंजिया निवासी हरेंद्र पासी (60, पिता स्व बन्धन पासी) के रूप में हुई है। मृतक ताड़ी बेचकर अपना जीवन यापन करता था। घटना के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका। घटनास्थल के पास से मृतक का टॉर्च ओर गमछा भी बरामद किया गया है। कुएं में शव होने की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा चंदवारा थानां को दी गयी। सूचना पाकर एएसआइ दिलीप मंडल, त्रिवेणी बासुकी दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुचे ओर शव को स्थानीय लोगों के सहयोग से कुएं से निकलवा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल ले गए व पोस्टमार्टम के उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया।

# एनटीपीसी ने किया स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन




आजाद सिपाही संवाददाता

**केरेडारी।** एनटीपीसी के द्वारा बेंगवरी गांव में महिलाओं के लिए विशेष जागरूकता सह चिकित्सा शिविर का आयोजन स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के तहत स्वास्थ्य और कल्याण नीति के अंतर्गत आयोजन किया गया। एनटीपीसी केरेडारी द्वारा महिलाओं की माहवारी स्वच्छता और स्त्री रोगों से संबंधित मुद्दों पर जागरूकता बढ़ाने और प्राथमिक चिकित्सा सुविधा प्रदान करने के लिए बुधवार को विशेष जागरूकता सह चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत एनटीपीसी की हेल्थ एंड वेलनेस पॉलिसी के तहत आयोजित किया गया। इस शिविर में कुल 92 महिलाओं ने भाग लिया और स्त्री रोग संबंधी परामर्श और जांच का लाभ उठाया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं में माहवारी स्वच्छता से संबंधित भ्रांतियों को दूर करना, संवाद को प्रोत्साहित करना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक बनाना था। इस अवसर पर प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. जूही चावला, डॉ. निधि मोर मेडिकल ऑफिसर ने महिलाओं की जांच की और उन्हें परामर्श दिया। दोनों डॉक्टरों ने महिलाओं से संवाद करते हुए महिला स्वास्थ्य, पोषण, मासिक धर्म के दौरान साफ-सफाई और नियमित जांच की आवश्यकता पर बल दिया। एनटीपीसी केरेडारी कोयला खनन परियोजना द्वारा समय-समय पर इस प्रकार की कल्याणकारी पहलों को आगे बढ़ाते हुए समाज में स्वास्थ्य, स्वच्छता और जागरूकता को सुदृढ़ करने की दिशा में लगातार प्रयास किये जा रहे हैं।

## डीवीसी ने मनाया विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** डीवीसी कोनार डैम में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस 2025 मनाया गया। कार्यक्रम के तहत मासिक धर्म स्वच्छता दिवस पर डीवीसी कोनार डैम द्वारा दो स्थानों पर कार्यक्रम किया गया। पहला उच्च विद्यालय और दूसरा चिदरी पंचायत भवन, चेलियाटांड़ में। कार्यक्रम का उद्घाटन द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। सैनिटरी नैपकिन का वितरण भी किया गया। बड़ी संख्या में महिलाएं और युवतियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। डीवीसी उच्च विद्यालय में वीडियो के माध्यम से छात्राओं में जागरूकता फैलाने का कार्य किया गया। वहीं दूसरी ओर चिदरी पंचायत भवन में सैनिटरी नैपकिन का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित मुखिया वीणा देवी, डॉक्टर बी एन मंडल और सीएसआर प्रभारी सुनील कुमार ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। डॉक्टर मंडल ने मासिक धर्म स्वच्छता पर महिलाओं और युवतियों कई महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने इसको लेकर सामाजिक भ्रांतियां और कुरीतियों के बारे में बताया। इसके वैज्ञानिक और चिकित्सीय पहलू पर भी जागरूक किया। सहिया राजकुमारी, लीलावती और सेविका रेशमी देवी ने भी ग्रामीण महिलाओं को स्वच्छता पर विशेष ध्यान देना चाहिए ताकि वो स्वस्थ्य रहे और परिवार की देखभाल कर सके। डीवीसी फार्मासिस्ट दिनेश किस्कू और विवेक ने भी अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में लगभग 300 महिलाओं और युवतियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डीवीसी उच्च विद्यालय बी के महतो, मध्य विद्यालय के राजेश्वर जी, संजय दास, मुनेश्वर लाल, रुकवा देवी, सीएसआर के टेकलाल महतो, देगलाल, दामोदर, कौशल और सरयू महतो रंजू देवी, विभा देवी आदि उपस्थित थे।



## आइडियल प्रोगेसिव स्कूल का छात्र अक्षय राणा बना जिला टॉपर



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड आइडियल प्रोगेसिव स्कूल पावरहाउस के विद्यार्थियों ने मैट्रिक की परीक्षा में परचम लहराया है। जिसमें 481 अंक लाकर अक्षय राणा जिला टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं 472 अंक लाकर आर्यन कुमार नौवां स्थान प्राप्त किया है। विद्यालय के निदेशक कन्हाय चंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष कुल 66 छात्र-छात्राओं परीक्षा में शामिल हुए थे जिसमें 17 विद्यार्थी 90 प्रतिशत से ऊपर अंक लाए और 80 से 89 प्रतिशत के बीच 30 विद्यार्थी हैं शेष विद्यार्थी 60 प्रतिशत सबसे ऊपर अंक प्राप्त किये हैं। उन्होंने जानकारी दिया कि अनुज कुमार 468, सौरभ कुमार 464 ,सचिन कुमार 463, संदीप कुमार 462, सोनू कुमार 461, विद्या कुमारी 460, सिद्धू कुमार 457, नंदनी कुमारी 456, प्रवीण कुमार 457, नवीन कुमार 455, राम तीरथ कुमार 454, मौसम कुमार 454, ऋषि कुमार 453, अंकुश कुमार 452 अंक प्राप्त किये हैं। निदेशक कन्हाय चंद्र यादव ने जानकारी दिया कि यह विद्यालय वर्षों से बेहतर रिजल्ट के लिए जाना जाता है। हरेक वर्ष विद्यालय के विद्यार्थी जिला में स्थान बनाते हैं और कई विद्यार्थी इस विद्यालय से निकलकर देश के अलग-अलग क्षेत्रों में सेवा दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय में सैनिक स्कूल नेतरहाट स्कूल नवोदय स्कूल की तैयारी भी करवाई जाती है। विद्यार्थियों के सफलता पर विद्यालय के प्राचार्य राम किशुन यादव, वरीय शिक्षक शिव शंकर यादव, राजेंद्र राणा, शंभू राणा, मुकेश राणा सहित कई लोगों ने बधाई दिया है।

## इंडियन प्रोगेसिव स्कूल का छात्र आनंद यादव ने जिला में नौवां स्थान प्राप्त किया



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के रुपायडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम पातिशाले इंडियन प्रोगेसिव स्कूल के छात्र आनंद यादव पिता शंभू यादव ने जिला में नौ वां स्थान 472 अंक प्राप्त कर स्कूल सहित जिला का नाम रोशन किया है। कशीश रंजन 464, अमरजीत यादव 446, रोहित कुमार 445, जुनैद अंसारी 444, कोमल कुमारी 443, लक्ष्मी कुमारी 432, तहसीन रज्जा 421, रवि कुमार 418, रेशमा परवीन 414, अकरम अंसारी 408, पुष्पा कुमारी 407 अंक प्राप्त किया है। बेको पंचायत के पंसस प्रतिनिधि अजय यादव, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि भोला यादव, विद्यालय के निदेशक ललन यादव, विद्यालय के प्राचार्य मकबूल अंसारी, शिक्षक सदाम अंसारी, रोहित यादव, अजय राणा, आशीष यादव, रंटु पांडेय, गौतम यादव, रेणु कुमारी, संजू कुमारी, बैजनाथ यादव, आसमां परवीन, कौलेशवर राणा, विभा बाला, सुनील कुमार आदि ने मिठाई खिलाकर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कोडरमा जिला टॉप टेन में बाघमारा विद्यालय के चार छात्र शामिल




**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा ने इस वर्ष की मैट्रिक परीक्षा में परचम लहराया है। बताते चलें कि इस वर्ष कुल 195 छात्र-छात्रा परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुए हैं। 90 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों की संख्या 95 है। जिसमें प्रिंस कुमार यादव जिले में तीसरा स्थान 479 अंक लाया है। नीलम कुमारी 473 अंक लाकर आठवां स्थान पर और रुखसार परवीन और संदीप कुमार 472 अंक लाकर जिले में नौवां स्थान बनाया हैं। वहीं गणित विषय में 50 विद्यार्थी 100 में 100 अंक प्राप्त किये हैं। अंग्रेजी का अधिकतम स्कोर 96 रहा है, साइंस में 99 हिंदी में 98 सोशल साइंस में 97 और संस्कृत में 96 अंक छात्र-छात्राओं को मिला है। बताते चलें कि नीतीश कुमार 467, सतीश कुमार 467, पीयूष पांडेय 465, शिवसागर 458, उदय कुमार 465, पीयूष कुमार 457, पवन कुमार 460, हिमांशु कुमार 459, सुभाष कुमार 456, नीलू कुमारी 458, सागर कुमार 460, आमिर हुसैन 462, अंक प्राप्त कर क्षेत्र को गौरवान्वित करने का काम किया है। विद्यालय के प्राचार्य प्रो. दशरथ प्रसाद राणा, निदेशक रामदेव प्रसाद यादव, उप प्राचार्य लक्ष्मण चंद्र यादव, महेश्वर पांडेय, प्रभु यादव, श्याम सुंदर यादव, पिंटू कुमार पांडेय, सिकंदर यादव, प्रकाश यादव, महेश यादव, सतीश रंजन, सुजीत राज सहित अन्य लोगों ने बधाई दिया है।

## जैक 10वीं की परीक्षा में पूनम सिंह घटवार बनी विद्यालय टॉपर








**विष्णुगढ़ (आजाद सिपाही)।** झारखंड एकेडमिक काउंसिल 10वीं बोर्ड की परीक्षा में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय विष्णुगढ़ की छात्राओं ने उम्दा प्रदर्शन किया है। वार्डेन ज्योति वर्मा ने बताया कि जैक दसवीं की परीक्षा में कुल 70 छात्राएं परीक्षा में शामिल हुईं थी। जिनमें 50 छात्राएं प्रथम और 19 छात्राएं द्वितीय श्रेणी से उत्तीर्ण हुईं हैं। वार्डेन ने बताया कि विगत वर्षों की भांति इस वर्ष छात्राओं ने आशातीत सफलताएं पायी हैं। पुनम सिंह घटवार 90.80 फीसदी अंक के साथ विद्यालय टॉपर बनी है। इसके साथ ही आंचल राज पटेल 89 और तमन्ना नूरी 83.6 प्रतिशत अंको के साथ क्रमश: विद्यालय में द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया है। वार्डेन श्रीमती वर्मा सहित विद्यालय के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मियों ने सभी सफल छात्राओं को बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया है।

## मैट्रिक में अपेक्स कोचिंग सेंटर के छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** मैट्रिक की परीक्षा में बड़कागांव प्रखंड में अपेक्स कोचिंग सेंटर के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें प्रिया भारती और कुंदन कुमार 473 अंक, सचिन कुमार राज 472 अंक, काजल कुमारी 471 अंक, सुजल कुमार 466 अंक, प्रतीक कुमार, सुभाष कुमार 463 अंक और शिवम कुमार 462 अंक, अनुराधा कुमारी 455 अंक, नेहारिका कुमारी 454, उज्जवल कुमार, दिव्या कुमारी 450 अंक लाकर जैक बोर्ड में प्रदर्शन की है। इस बेहतर अंक लाने में कोचिंग सेंटर के शिक्षक सुमित कुमार ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिया।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 मई, 2025
www.azadsipahi.in
05

## स्वच्छता पखवाड़ा दिवस पर बांटे गये सैनिटरी पैड



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** परियोजना निदेशक झारखंड महिला विकास समिति के निर्देश पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बुधवार को विश्व मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन दिवस का आयोजन जिला परियोजना और आंगनवाड़ी स्तर पर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं, किशोरियो, आंगनवाड़ी सेविकाओं, सहायिकाओं को मासिक धर्म के विषय जागरूक किया गया। मासिक धर्म से जुड़ी भ्रान्तियों को कैसे दूर किया जाये इस संबंध में चर्चा किया गया। किशोरियों को प्रोत्साहित करने और रोल मॉडल किशोरियों को सम्मानित करने के संबंध भी निर्देश दिया गया। कार्यक्रम में सीडीपीओ और महिला पर्यवेक्षिकाओं के द्वारा किशोरियों के बीच विभिन्न प्रकार की गतिविधियां भी आयोजित की गयी। साथ ही कार्यक्रम के दौरान किशोरियों के बीच सैनिटरी पैड का वितरण किया गया।

## राजेश उर्फ बॉबी राम बने सांसद प्रतिनिधि बधाई देने वालों का लगा तांता



**चतरा (आजाद सिपाही)।** चतरा सांसद कालीचरण सिंह शहर के अव्वल मुहल्ला निवासी राजेश प्रसाद उर्फ बॉबी राम को मनरेगा और 15 वीं वित्त योजना के लिए अपना प्रतिनिधि मनोनीत किया है। इस मौके पर सांसद कालीचरण सिंह के अपने आवासीय कार्यालय पर एक कार्यक्रम आयोजित कर नव मनोनीत प्रतिनिधि को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर चतरा विधायक जनार्दन पासवान भी मौजूद थे। बॉबी राम के सांसद प्रतिनिधि बनने पर कार्यकर्ताओं में काफी हर्ष है। बधाई देने वालों में शशिकांत सहाय, देवनन्दन सोनी, बबलू सिंहा, सुजीत जायसवाल, नवीन साह, विनय सिंह, बसंत यादव, जयकुमार यादव, मानिक यादव, गोविन्द यादव, दिलीप अग्रवाल उर्फ सीटू, कल्याण सिंह, विश्वनाथ यादव, सौरभ अग्रवाल उर्फ सोनू, कुलदीप कुमार, विश्वनाथ विश्वकर्मा समेत अन्य लोग शामिल हैं।

## मैट्रिक की परीक्षा में जिला टॉपर बनने पर अमृता गुप्ता को किया गया सम्मानित



**कुजू (आजाद सिपाही)।** जैक बोर्ड द्वारा जारी 10वीं परीक्षा में टेकलाल महतो उच्च विद्यालय धनबेड़वा सुगिया की छात्रा अमृता गुप्ता का रामगढ़ जिला टापर बनने पर बधाईयां का तांता लगा हुआ है। इस बीच बुधवार को विद्यालय परिवार ने सभागार में एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। समारोह के मौके पर प्रधानाध्यापिका रीना कुमारी ने जिला टॉपर बनी अमृता गुप्ता को पुष्पगुच्छ, डिक्शनरी और डायरी भेंटकर सम्मानित किया। इस बीच मैट्रिक की परीक्षा में विद्यालय के बेहतर प्रदर्शन करने वाले अन्य सात विद्यार्थियों को भी डिक्शनरी और डायरी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक मैनेजर राम और संचालन हरिहर महतो ने किया। इस अवसर पर प्रधानाध्यपिका रीना कुमारी ने कहा कि अमृता ने अपनी मेहनत और लगन के बल पर जो लक्ष्य हासिल किया है। उससे विद्यालय परिवार गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हुए बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। मौके पर विद्यालय के शिक्षक समेत कई छात्र शामिल रहे।

## मैट्रिक की परीक्षा में सुनीता रही विद्यालय के टॉप टेन में शामिल



**कुजू (आजाद सिपाही)।** पब्लिक हाई स्कूल, कुजू की छात्रा सुनिता कुमारी ने जैक बोर्ड की मैट्रिक परीक्षा में 83 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय सहित अपने माता और गुरूजनों का मान बढ़ाया है। उनकी सफलता पर लालन पालन कर रहे उत्क्रमित मध्य विद्यालय, मुरपा की प्रधानाध्यापिका मीना कुमारी व सेवानिवृत शिक्षक रामकिशोर प्रसाद ने बताया कि सुनिता बचपन से ही मेधावी छात्रा रही है। विद्यालय में 10वें रैंक हासिल की है। सुनीता ने 10वीं परीक्षा में उसने अपने मेहनत और लगन के बल पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। उन्होंने बताया कि सुनिता को बचपन से ही अपने पास रखकर पढ़ाई लिखाई में मदद किया। आगे भी उसके भविष्य को संवारने के लिए मदद करने के साथ उसको पढ़ाने का काम करेंगे। इधर, सुनिता ने कहा कि आगे पढ़ाई जारी रखते हुए सरकारी नौकरी पाने की तैयारी में अभी से ही जुट जाने की बात कही।

## मजदूर की बेटी बनी हंटरगंज प्रखंड की टॉपर



**हंटरगंज/चतरा (आजाद सिपाही)।** हंटरगंज प्रखंड के मजदूर की बेटी निक्की कुमारी ने झारखंड एकेडमिक काउंसिल में मैट्रिक की परीक्षा में प्रखण्ड टॉप किया है। उसने जिला में टॉप टेन में अपनी जगह बनायी है। प्रखण्ड के काशीकेवाल गांव निवासी मजदूर पंडित यादव और माता सुनीता देवी की पुत्री निक्की ने 500 में 469 अंक प्राप्त किया है। ज्ञात हो कि निक्की के पिता रांची में मजदूरी करते हैं। इसी से वे अपने जीवन का भरण पोषण करते हैं। आठवीं तक की पढ़ाई उसने उत्क्रमित मध्य विद्यालय काशीकेवाल तथा उसके बाद प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल हंटरगंज से अपनी पढ़ाई पूरी की है। निक्की ने अपनी सफलता का श्रेय अपने शिक्षक रोहित कुमार यादव और अपने माता पिता को दी। मां सरस्वती कोचिंग संस्थान के शिक्षक रोहित कुमार और उसके माता-पिता ने उसे मिठाई खिलाकर बधाई दी है। निक्की बताती है कि रोजाना 8 घंटे पढ़ाई करती थी।

## मासिक आचार्य अभ्यास वर्ग संपन्न



**लावालौंग /चतरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत एकल विद्यालय का मासिक अभ्यास वर्ग लावालौंग स्थित डाक बंगला हॉल परिसर में बुधवार को संपन्न हुई। अभ्यास वर्ग में एकल अभियान के संच प्रमुख राम भजन कुमार उपस्थित थे अभ्यास वर्ग में प्रखंड अंतर्गत संचालित एकल अभियान के तहत सभी विद्यालय ग्राम आचार्य शामिल थे। इस बैठक में पिछले माह के कार्यों की समीक्षा किया गया और बच्चों की वार्षिक परीक्षा की परिणाम और विद्यालय तीन घंटे का पाठ्यक्रम के अनुसार चलना ग्राम समिति की बैठक ग्राम विद्यालय से बच्चे का वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट तैयार करके संच बैठक मेंजमा किया गया। एकल अभियान के निर्देशानुसार विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा किया गया। इस दौरान गोपाल कुमार, राजेंद्र भारती, अनिल गंझू, विकास कुमार, रुक्मणी कुमारी, यशोदा कुमारी, राधा देवी समेत सभी आचार्य शामिल थे।

# वित्त आयोग की टीम पहुंची पतरातू

आजाद सिपाही संवाददाता



**पतरातू।** वित्त आयोग के टीम बुधवार को पर्यटन विहार पहुंचे। जहां पर्यटक विभाग के द्वारा ढोल नगाड़ों के साथ पारंपरिक झारखंडी अंदाज में उनका स्वागत किया। इस दौरान वित्त आयोग की टीम ने पतरातू डैम में वोटिंग का भी आनंद लिया। इस मौके पर वित्त आयोग के केंद्रीय सदस्य मनोज पंडा एमएस डिप्टी डायरेक्ट सिखा सिंह, मनीष गुप्ता, पर्सनल सेक्रेटरी कोमल सिंह, कांति घोष, शिखा सिंह, प्रिया शरीफ,एनी जार्ज मैथ्यू, इकोनामिक एडवाइजर प्रशांत कुमार पांडा महा प्रबंधक जेटीडीसी राजीव कुमार सिंह, अपर सचिव वित्त विभाग रांची, एसडीओ रामगढ़ अनुराग कुमार तिवारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज गुप्ता, अंचलाधिकारी मनोज चौरसिया, लेक रिजॉर्ट प्रबंधक अरुण कुमार, थाना प्रभारी एसके गुप्ता आदि शामिल थे।

# सहयोगियों को सतर्क रहने की सलाह दे रहा है मिश्रा

## मीडियाकर्मी के खिलाफ भी जहर उगलने में लगा पूरा नेटवर्क

आजाद सिपाही संवाददाता



**रामगढ़।** दैनिक अखबार 'आजाद सिपाही' में 'कोयला तस्करों के साथ पार्टनर की भूमिका में मिश्रा जी ने किया अपने शागिर्द को प्रमोट' शीर्षक से छपी खबर के बाद पूरा नेटवर्क तिलमिला गया है। खुद मिश्रा जी बेहद परेशान हैं। अपने लोगों को आश्वासन दे रहे हैं कि खबर का हिसाब होगा। तुम लोग काम में लगे रहो, लेकिन काम में पूरी सतर्कता बरतनी है। कोई गलती नहीं करनी है। जैसे काम हो रहा है, वैसे ही काम होगा। यदि तस्कर महादेव (मुरारी) अकाउंट में कोयला नहीं गिराया, तो उसका बोरिया-बिस्तर भी समेट देंगे।

**मीडियाकर्मी के खिलाफ भी जहर उगलने लगा है नेटवर्क:** अखबार में खबर छपने के बाद मिश्रा जी की नाराजगी का आलम यह है कि उनका पूरा नेटवर्क मीडियाकर्मी के खिलाफ जहर उगलने लगा है। मीडियाकर्मी को किसी मामले में फंसाने की साजिश की जा रही है। मिश्रा जी को लगता है कि अभी वह जो चाहेंगे, वही होगा।

**लैब सेटिंग के लिए मृत्युंजय को दी चंद पैसों की लालच, तो झुक गया मालिक का वफादार:** इधर सूत्रों ने बताया कि मृत्युंजय नामक आदमी को लैब (कोयला जांच घर) में अहम पद पर रखा गया है। मालिक को पूरा विश्वास है कि मृत्युंजय काफी इमानदार है। लेकिन वह भी मुरारी (महादेव) और मिश्रा जी के जाल में फंस गया। शराब के शौकीन मृत्युंजय की हालत यह है कि वह चंद पैसे की लालच में उसने पाला बदल लिया है।

# रामगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की बैठक, वार्षिक आम सभा 22 को



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** शहर के बिजुलिया स्थित रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में बुधवार को सत्र 2025-27 की तीसरी बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता चेंबर अध्यक्ष मंजीत साहनी और संचालन मानद सचिव मनोज चतुवेर्दी ने किया। इस दौरान चेंबर अध्यक्ष साहनी ने चेंबर के द्वारा पिछले दिनों किये गये कार्यों को चेंबर के कार्यकारिणी सदस्यों और सभी उप समिति के सभापतियों के समक्ष रखा। तत्पश्चात अध्यक्ष मंजीत साहनी ने आगामी 22 जून 2025 रविवार को होने वाले चेंबर के वार्षिक आम सभा को सफल बनाने के लिए उपस्थित लोगों से विचार मांगा। उपस्थित सदस्यों ने आम सभा को सफल बनाने के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन करने और मुख्य अतिथि के नाम का प्रस्ताव दिया। वहीं, मानद सचिव मनोज चतुवेर्दी ने आये गये पत्रों की जानकारी दी। अंत में चैंबर उपाध्याय अमरेश गणक ने सभी आए हुए पदाधिकारियों उपसमिति के सभापतियों और अतिथियों को धन्यवाद देते हुए राष्ट्रगान के साथ बैठक समाप्त करने की घोषणा की।

### बैठक में ये थे उपस्थित

बैठक में चेंबर के उप सचिव इंद्रपाल सिंह सैनी, पूर्व अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, अधिवक्ता आनंद अग्रवाल, अनुप कुमार सिंह, बिमल बुधिया, विनय कुमार अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य सीपी संतन, अमित साहू, मुरारीलाल अग्रवाल, राहुल जैन पाटनी, विवेक अग्रवाल, उमेश अग्रवाल, बिनय कुमार सिंह, अभिजीत कुमार, नीलेश कुमार गुप्ता, अशोक कुमार सोनी, दीपक प्रसाद साहू, दिनेश कुमार, जय प्रकाश सिंह, रामजी प्रसाद, शिव कुमार गुप्ता, रामधन शर्मा, रमेश बेंदिया, सत्येन्द्र सिंह छाबड़ा, सुमित अग्रवाल, सुरेश बागड़िया, राजकुमार अग्रवाल, विशाल बासुदेव, अजय गुप्ता, महेंद्र प्रताप सिंह, मनोज बंशल, मनोज कुमार अग्रवाल, नरेंन्द्र सिंह चमन, अरविंद गोयल, ओंकार मल्होत्रा, परमिंदर सिंह जस्सल, राम प्रवेश गुप्ता, मंजीत सिंह होरा, रमेश कुमार अग्रवाल, अधिवक्ता प्रवीण मुखर्जी, परमजीत सिंह, अनूज कुमार, अनिल मित्तल, धीरज सिंह, किशोर जाजू, माणिक चंद जैन, परशुराम साहा, अधिवक्ता अनमोल सिंह, आदित्य गुप्ता, नरेन्द्र सिंह, अमनदीप सिंह, सुरेन्द्र सोबती आदि उपस्थित थे।

# झारखंडियों की सांस्कृतिक धरोहर है मंडा पर्व : मनोज



आजाद सिपाही संवाददाता

**रजरप्पा।** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड न 27 के हुहुवा गांव में मंडा त्योहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो शामिल हुए विशिष्ट अतिथि पंचायत के वार्ड न 27 के पार्षद मुखिया रोशन कुमार आदि मौजूद थे। देर रात नप उपाध्यक्ष ने छऊ नृत्य कला मंच का फीता काटकर विधिवत रूप से उद्घाटन किया और ढोल नगाड़ा बजाते हुए छऊ नृत्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया, नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो ने उपस्थित लोगों को बताया कि मंडा त्योहार हमारे पूर्वजों की देन है झारखंड के प्राचीन परंपरा से जुड़ा त्योहार है यह हमारा झारखंडियों की सांस्कृतिक धरोहर है जिसे बचाये रखने की आवश्यकता है ग्रामीणों को उल्लास पूर्वक मनाने की जरूरत है, पूर्व में ही संजोत की रात्रि में भोक्ताओं ने मंदिर का परिकर्मा कर लहटन सेवा दिए। इसके पूर्व 1 सप्ताह तक पूरे गांव में मां भगवती का पाट लेकर जागरण का आयोजन किया गया। एक सप्ताह तक चलने वाले पर्व मे 36 घंटा निर्जला उपवास रहकर भगवान शिव पार्वती कठिन तपस्या कर आस्था का उपासना किया गया। रात्रि में छऊ नृत्य का आयोजन किया गया जिसमें पुरुलिया और बांकुड़ा के छऊ कलाकारों द्वारा मुखौटा फहनकर एक से बढ़कर एक धार्मिक और सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किया, जिसमें महिला पुरुष नन्हे मुन्ने बच्चे सहित हजारों ग्रामीण ने रात नृत्य का लुफ्त उठाया। बुधवार सुबह 101 भोक्ताओं द्वारा दहकते हुए अंगारों पर नंगे पाव चलकर कठिन तपस्या की परीक्षा दी, शिव भक्तों ने पीठ पर लोहे का कील ठोककर दर्जनों शिवभक्त बनस झूला झूले, सुबह मनोकामना के लिए दर्जनों लोगों ने मंडई पर बकरे की बली चढ़ाई, मंडा पर त्योहार में भव्य मेला का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों के खिलौने का सामान खूब खरीददरी की ग्रामीण मिठाइयां भी जमकर खरीदे। इस मौके पर अध्यक्ष विश्वनाथ बेदिया, सचिव रामानंद महतो, महेश महतो, महेंद्र चौधरी, रामनाथ महतो, काशीनाथ मुंडा, राजेंद्र महतो, कामेश्वर महतो, मनोज कुमार, राजेश राम, शुभम कुमार, विक्की साव, विशाल कुमार, संजय महतो, हरि महतो, शिवदेव कुमार, विनोद महतो, लखन बेदिया, उपेंद्र कुमार, राजन कुमार, अविनाश साव, परेश महतो, भीम कुमार गांगुली सहित कई का योगदान रहा।

# सांसद प्रतिनिधि के प्रयास से कैंसर पीड़ित को 4.81 लाख की सहायता राशि दी गयी

**सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में जरूरतमंदों को मिल रही है मदद: धनंजय**

आजाद सिपाही संवाददाता




**रामगढ़।** हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन और सांसद प्रतिनिधि (मीडिया) धनंजय कुमार पुटूस के प्रयास से एक कैंसर पीड़ित मरीज को उसके इलाज के लिए सरकार से 4,81,823 की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी गयी है। ज्ञात हो कि कुछ दिन पूर्व रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले एक कैंसर पीड़ित के परिजनों ने अधिवक्ता विधान सिंह के साथ धनंजय कुमार पुटूस के जनता दरबार में इलाज में सहयोग के लिए आवेदन दिया था। मामले की गंभीरता को समझते हुए धनंजय कुमार पुटूस ने इसे तुरंत संज्ञान में लेते हुए सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन में तत्परता के साथ आवश्यक पहल की। जिसके फलस्वरूप पीड़ित को सहयोग मिल सका। इस मानवीय सहयोग के लिए सांसद प्रतिनिधि धनंजय कुमार पुटूस ने बुधवार को सांसद मनीष जायसवाल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस प्रक्रिया में महत्वपूर्ण सहयोग देने के लिए सिविल सर्जन डॉ. महालक्ष्मी प्रसाद, सिविल सर्जन कार्यालय के हेड क्लर्क नरेश राम, क्लर्क अरविंद कुमार और अधिवक्ता विधान सिंह को भी धन्यवाद ज्ञापित किया, जिनकी समन्वित भूमिका से यह सहायता समय पर स्वीकृत हो सकी। धनंजय कुमार पुटूस ने कहा कि जनहित से जुड़े मामलों में सांसद मनीष जायसवाल के मार्गदर्शन वे हम सब सदैव तत्पर रहते हैं और यह प्रयास आगे भी जारी रहेगा ताकि समाज के प्रत्येक जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जा सके।

## जिले के 14वें डीसी के रूप में फैज अक अहमद मुमताज ने पदभार ग्रहण किया



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** जिले के 14वें डीसी के रूप में बुधवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा के फैज अक अहमद मुमताज ने पदभार ग्रहण किया। इस दौरान निवर्तमान डीसी चंदन कुमार ने उन्हें अपना प्रभार सौंपा। पदभार ग्रहण के उपरांत मीडिया प्रतिनिधियों से बात करते हुए डीसी फैज अक अहमद मुमताज ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना उनका उद्देश्य होगा। साथ ही स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में जिले का विकास करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल होगा। उन्होंने कहा कि निवर्तमान डीसी चंदन कुमार द्वारा अपने कार्यकाल में जो भी पहल किये गये हैं उन पर जिला प्रशासन की ओर से निरंतर कार्य किया जायेगा।

## प्रधान डाकघर में डीपीएम का विदाई समारोह आयोजित



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** प्रधान डाकघर में बुधवार को डीपीएम सरोजिनी प्रसाद का विदाई समारोह आयोजित किया गया। उनका स्थानांतरण प्रधान डाकघर से रामगढ़ कोर्ट उप डाकघर में हुआ है। कार्यक्रम का संचालन डाक सहायक रवि शंकर राय ने किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि स्थानांतरण होना विभागीय प्रक्रिया है। इस मौके पर डाकपाल मनोज कुमार ने सरोजिनी प्रसाद की कर्तव्य निष्ठा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरोजिनी प्रसाद ने अपनी योग्यता से डाकघर आने वाले खाता धारकों को सेवा दी है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रीति गुप्ता, रिमझिम कुमारी, प्रिया वर्णवाल, बबीता सोरेन, चांदनी कुमारी, जस्मीना, रामखेलावन चौधरी, शंभू दत्ता सिंह, राजकपूर कुमार, अभिनाश कुमार, कुंदन कुमार, संतोष कुमार, दीपक कुमार पटेल, विकास कुमार, विवेक रंजन, पंकज कुमार, रणजीत रजवार, दीपक कुमार, अरुण कुमार, प्रशान्त कुमार, शुभम कुमार, गौरव कुमार, अमन कुमार, बीरबल मांझी, गंभीर करमाली, शुभम कुमार राम, आदर्श अनिकेत, चंदन कुमार, पन्ना, राजेंद्र सिंह, चंदन कुमार राय, शंभू कुमार, राम कुमार, अभिषेक आदि उपस्थित थे।

## चतरा के 32वें एसपी के रूप में सुमित अग्रवाल ने दिया योगदान



**चतरा (आजाद सिपाही)।** नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक सुमित अग्रवाल ने जिले के 32 वें एसपी के रूप में अपना योगदान दिया। बुधवार की शाम समाहरणालय स्थित एसपी कार्यालय कक्ष में सुमित अग्रवाल ने निवर्तमान एसपी विकास कुमार पांडेय से पदभार लिया। पदभार ग्रहण करने के बाद नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जिले में शांति व्यवस्था कायम करना, अपराध और उग्रवाद पर जीरो टॉलरेंस के तहत कार्य किये जायेंगे। आम लोगों को एक बेहतर पुलिसिंग देखने को मिलेगा। उन्होंने कहा कि आम लोग अपनी समस्याओं को लेकर कभी भी उनसे सीधे संपर्क कर सकते हैं। पुलिस का पूरा सिस्टम आम लोगों के लिए ही कार्य करेगी। जिले में अफीम व ब्राउन शुगर से संबंधित कारोबार को पूरी तरह से ध्वस्त किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर निवर्तमान एसपी विकास कुमार पांडेय ने कहा कि चतरा में उनका पहला पोस्टिंग था। उन्होंने अपने स्तर से जिले को उग्रवाद व अपराध मुक्त बनाने में हर संभव प्रयास किया। इसमें उन्हें काफी हद तक सफलताएं भी मिली। चतरा के आम लोगों के मिले सहयोग और पुलिस पदाधिकारियों के सहयोग से यह संभव हो पाया। पदभार ग्रहण करने से पहले नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा अर्चना किया। इसके अलावा उन्होंने मंदिर परिसर में स्थित अन्य मंदिरों में जाकर देवी देवताओं का भी पूजा अर्चना कर दर्शन किया। इस मौके पर इटखोरी थाना प्रभारी ने नवपदस्थापित पुलिस अधीक्षक को मां भद्रकाली का स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## जमीन कारोबारी बंधु यादव पर गोली चलाने के मामले का नहीं हुआ खुलासा

**चतरा (आजाद सिपाही)।** शहर से सटे बभने गांव स्थित मनोकामना मंदिर के पास जमीन कारोबारी बंधु यादव पर गोली चलाने के मामले का खुलासा अभी तक नहीं हो पाया है। पुलिस घटना के 17 दिन बाद भी अपराधी को गिरफ्तार करने में विफल रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होने से बंधु यादव एवं उसके परिजन काफी चिंतित हैं। इन्हें जान-माल का खतरा सता रहा है। इस मामले को लेकर इलाजरत बंधु यादव ने झारखंड के पुलिस महानिरीक्षक से मुलाकात कर उन्हें घटना की विस्तृत जानकारी दिया और अपराधियों की गिरफ्तारी कर न्याय दिलाने की गुहार लगाया है। बंधु यादव ने पुलिस महानिरीक्षक को बताया कि इस गोली काण्ड में सदर थाना में प्राथमिकी संख्या 165/25 दर्ज कराया गया है। उसमें 13 संदिग्ध अपराधियों के नाम भी बताए गए हैं लेकिन सदर थाना की पुलिस कुछ लोगों को अपनी हिरासत में लेकर पूछताछ कर पीआर बांड पर छोड़ दिया है। अभी तक पुलिस किसी भी अपराधी को गिरफ्तार नहीं कर पायी है।

**शपथ पत्र**

शपथ पत्र क्र. सं. 2156 दिनांक 27.05.2025 के अनुसार, मैं उमा कुमारी पति रमेश कुमार, पता - एस. बी. आई बैंक के सामने धर्मशाला रोड चुटिया, थाना - चुटिया, जिला - राँची, झारखंड 834001 शपथ पूर्वक निम्न घोष्णा करती हूँ की
1. यह कि मै उपरोक्त पते का निवासी हूँ 2. यह कि मेरे आधार कार्ड में नाम उमा कुमारी दर्ज है। आधार सं. 3177 4576 0905 है 3. यह कि मेरे पेन कार्ड में नाम उमा देवी दर्ज है पैन नम्बर - AQQPD5960J है।
4. यह कि 'उमा कुमारी' और 'उमा देवी' एक ही महिला का नाम है जो स्वयं में ही हैं। 5. यह कि उक्त वर्णित सारी बातें मेरी जानकारी में सही है गलत पाये जाने पर सारी जिम्मेवारी मेरी होगी।

**पूर्व मध्य रेल**

खुली निविदा सूचना
संख्या: RP/ECR/DNR/TRL/BRKA
दिनांक– 26.05.2025

1. कार्य का नाम एवं स्थान : Design, Supply, erection, testing & commissioning and modification of 132 KV D/C 3-phase transmission line for Barkakana/TSS under CEE/Project office of East Central Railway, 2. कार्य का अनुमानित लागत : रूपये 74586198.75/–, 3. निविदा फार्म की किमत: रूपये 0.00, 4. आवश्यक बयाना राशि : रूपये 522900.00/–, 5. निविदा प्रस्ताव जमा करने एवं निविदा खुलने की तारीख एवं समय: निविदा प्रस्ताव जमा करने की प्रारंभिक तारीख दिनांक–04.06.2025 निविदा खुलने की तारीख एवं समय–दिनांक 18.06.2025 को 15:00 बजे।, 6. वेबसाइट विवरण, नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है: पात्रता मानदंड एवं अन्य शर्तें व विवरण निविदा प्रपत्र में है जिसे www.ireps.gov.in, वेवसाइट पर देखा जा सकता है।, 7. पता एवं अन्य जानकारी : मुख्य विद्युत अभियंता / रेल परियोजना/ दानापुर कार्यालय जगजीवन स्टेडियम के निकट, खगौल पोस्ट–खगौल जिला–पटना, पिन–801105

उप मुख्य विद्युत अभियंता
रेल परियोजना, दानापुर

पीआर/0322/प्रोजेक्ट/डीएनआर/ईएलईसीटी/टी/25–26/36

# भरोसा बढ़ेगा

पहलगाम में जम्मू-कश्मीर कैबिनेट की विशेष बैठक विश्वास बहाली की दिशा में अहम प्रयास है। इससे देश के लोगों में तो भरोसा जगेगा ही, सीमापार तक भी यह संदेश पहुंचेगा कि आतंकी गतिविधियां जम्मू-कश्मीर की तरक्की को रोक नहीं सकतीं।

**पर्यटक बढ़े :** सरकारी आंकड़े बताते हैं कि विशेष दर्जा खत्म होने और केंद्र शासित प्रदेश बनने के बाद से जम्मू-कश्मीर में पर्यटकों की आमद बढ़ी है। विधानसभा में पेश रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 से 2024 के बीच 7.49 करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट यहां पहुंचे थे। इसमें से 99.93 लाख से अधिक पर्यटकों ने घाटी की सैर की। जम्मू के मुकाबले कश्मीर का डेटा भले कम हो, लेकिन इसमें लगातार बढ़ोतरी हो रही है। अच्छी बात यह रही कि इस दरम्यान कश्मीर में विदेशी पर्यटक अधिक आए, 2024 में 65 हजार से भी ज्यादा।

**डराना था मकसद :** ये आंकड़े केवल पर्यटन का हाल नहीं बताते, बल्कि साबित करते हैं कि जम्मू-कश्मीर, खासकर घाटी में चीजें सामान्य हो रही थीं। जो इलाका आतंकवाद का दंश दशकों से झेल रहा था, वह पूरे भारत के साथ कदमताल करने लगा था। आतंकी इसी पर चोट करना चाहते थे और पहलगाम हमले का मकसद यही था। इसी वजह से पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने टारगेट किलिंग कर देश में सांप्रदायिक उन्माद फैलाने की कोशिश की।

**उमर अब्दुल्ला ने नीति आयोग की बैठक में यह सुझाव भी दिया था कि पीएसयूएस के लिए कश्मीर में बैठक करना अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही, संसदीय समितियों को भी घाटी में जाकर मीटिंग करनी चाहिए।**

**आर्थिक झटका :** पहलगाम के बाद जम्मू-कश्मीर के तमाम पर्यटक स्थलों को बंद कर दिया गया था और होटल-टैक्सी वगैरह की 90% तक बुकिंग कैंसल हो गई थीं। यह झटका केवल उनके लिए नहीं है, जिनका रोजगार सीधे पर्यटन से जुड़ा हुआ है, यह चोट पूरे राज्य की आर्थिक सेहत और टूरिज्म बढ़ाने के लिए हाल के बरसों में किए गए तमाम प्रयासों पर है।

**अकेला नहीं छोड़ना :** सीएम उमर अब्दुल्ला ने ठीक कहा कि अगर हम इन जगहों पर नहीं जायेंगे तो कौन जायेगा। अगर बंदूकों से डरकर घाटी को अकेला छोड़ दिया जाता है, तो यह आतंकी मंसूबों की जीत होगी। यही तो वे चाहते हैं। उनकी गोलियों का जवाब देने के साथ-साथ यह संदेश भी पहुंचना चाहिए कि हिंदुस्तान के किसी कोने में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं है।

**प्रयास बढ़ाये जायें :** उमर अब्दुल्ला ने नीति आयोग की बैठक में यह सुझाव भी दिया था कि पीएसयूएस के लिए कश्मीर में बैठक करना अनिवार्य होना चाहिए। साथ ही, संसदीय समितियों को भी घाटी में जाकर मीटिंग करनी चाहिए। ये कदम छोटे-छोटे ही सही, पर स्थानीय लोगों में सुरक्षित होने का अहसास पैदा करने के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस कड़ी में पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला की यह बात भी गौर करने लायक है कि केवल टूरिज्म पर निर्भर न रहकर इंडस्ट्री लायी जाये। इससे तमाम दूसरे रास्ते अपने आप खुल जायेंगे।

अभिमत
आजाद सिपाही

**लोकल सर्किल्स के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, देश के 62 से अधिक परिवारों ने कश्मीर जाने का प्लान कैंसल कर दिया। होटल और गेस्टहाउस खाली होने लगे। हमले से पहले पहलगाम में गूंज रहीं हंसी, कदमों की आहट और कैमरे क्लिक-क्लिक एकदम से बंद हो गयी। सुनायी देने लगी तो चीख-पुकार, मातम, फौजी जूतों की थाप। और धरती के इस स्वर्ग को खौफ और पहले वाले सन्नाटे ने अपने आगोश में ले लिया। यह सन्नाटा सिर्फ. व्यापार का नुकसान नहीं है। कई महिलाओं के लिए यह उनकी आय का एकमात्र स्रोत का खोना भी है।**

# कश्मीरी महिलाओं के सामने फिर आया 'बड़ा संकट'



तृप्ति सिंघल सोमानी



**पूर्व के एक अध्ययन से पता चला है कि कश्मीर में पर्यटन ने महिलाओं को पैसे कमाने, नये कौशल सीखने और अधिक स्वतंत्र होने का मौका दिया है। पर्यटन का हिस्सा बनना उनके लिए काम से कहीं बढ़ कर है - यह उनकी पहचान है, उनका अस्तित्व है, मगर एक हमले ने इन महिलाओं को जिंदगी की दौड़ में फिर सबसे पीछे लाकर खड़ा कर दिया है।**

पहलगाम, जिसे चरवाहों की घाटी के नाम से जाना जाता है, कश्मीर की सबसे खूबसूरत जगहों में से एक है। यह खामोशी से हिमालय की गोद में बसा है, जहां बर्फीली नदियां, हरे देवदार के जंगल और दूर तक फैले घास के मैदान हैं। दुनिया भर से लोग शांति महसूस करने, टट्टू की सवारी का आनंद लेने, नदी किनारे गर्म कहवा पीने और ताजी पहाड़ी हवा में सांस लेने के यहां लिए आते हैं। इसे धरती पर स्वर्ग कहा जाता है।

इस साल, वसंत का मौसम कश्मीर घाटी के लिए विशेष था। महामारी और राजनीतिक अशांति के कारण वर्षों की खामोशी के बाद, कश्मीर का पर्यटन सीजन आखिरकार उम्मीद के संकेत दे रहा था। स्थानीय बाजार फिर से खुल रहे थे, और होमस्टे को फिर से बुकिंग मिल रही थी। क्षेत्र की अधिकांश महिलाओं के लिए पर्यटन पैसे कमाने, अपने घरों से बाहर निकलने और अपनी पहचान बनाने का एक तरीका बन गया है। वे खाने के स्टॉल चला रही थीं, प्रकृति की सैर करा रही थीं, हाथ से बने कपड़े बेच रही थीं और पर्यटकों को कढ़ाई सिखा रही थीं। धीरे-धीरे और चुपचाप, वे सम्मान और आर्थिक स्वतंत्रता का जीवन जी रही थीं।

**कश्मीर में अस्थिर परिस्थितियां सीधे तौर पर वहां के लोगों के लिए आर्थिक आघात में बदल जाती हैं।**

लेकिन 22 अप्रैल, 2025 को एक ही झटके में सब कुछ बदल गया। उस दिन, हथियारों से लैस पांच आतंकवादियों ने पहलगाम में पर्यटकों के एक समूह पर हमला किया। यह अचानक और क्रूर था। इसमें छब्बीस लोग मारे गये और बीस से ज्यादा घायल हो गये। यह हाल के वर्षों में भारत का सबसे खतरनाक आतंकी हमला बन गया। इस खबर ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया। इसके बाद लोगों के साथ जो हुआ - खास कर कश्मीर की महिलाओं के साथ-वह काफी हद तक अनदेखा रहा। पर्यटकों ने तुरंत अपनी यात्रा योजनाएं रद्द करनी शुरू कर दीं।

लोकल सर्किल्स के एक हालिया सर्वेक्षण के अनुसार, देश के 62 से अधिक परिवारों ने कश्मीर जाने का प्लान कैंसल कर दिया। होटल और गेस्टहाउस खाली होने लगे। हमले से पहले पहलगाम में गूंज रहीं हंसी, कदमों की आहट और कैमरे क्लिक-क्लिक एकदम से बंद हो गयी। सुनायी देने लगी तो चीख-पुकार, मातम, फौजी जूतों की थाप। और धरती के इस स्वर्ग को खौफ और पहले वाले सन्नाटे ने अपने आगोश में ले लिया। यह सन्नाटा सिर्फ. व्यापार का नुकसान नहीं है। कई महिलाओं के लिए यह उनकी आय का एकमात्र स्रोत का खोना भी है। यह आत्मविश्वास और उम्मीद का नुकसान है।

अरु घाटी के पास एक छोटा सा कहवा स्टॉल चलाने वाली रुबीना की आंखों में आंसू थे जब उन्होंने कहा, हमने अभी-अभी कोविड से उबरना शुरू ही किया था। अप्रैल हमारा सबसे व्यस्त महीना माना जाता था। अब सब कुछ वापस शून्य पर आ गया है। अनंतनाग की कारीगर शबनम ने कहा, हमें आखिरकार वे पर्यटक मिल रहे थे जो हर साल हमसे खरीदारी करने आते थे। इस हमले ने सबकुछ खत्म कर दिया, पर्यटक अब डरे हुए हैं और हम फिर से पहले वाली स्थिति में पहुंच गए हैं।

पूर्व के एक अध्ययन से पता चला है कि कश्मीर में पर्यटन ने महिलाओं को पैसे कमाने, नये कौशल सीखने और अधिक स्वतंत्र होने का मौका दिया है। पर्यटन का हिस्सा बनना उनके लिए काम से कहीं बढ़ कर है - यह उनकी पहचान है, उनका अस्तित्व है, मगर एक हमले ने इन महिलाओं को जिंदगी की दौड़ में फिर सबसे पीछे लाकर खड़ा कर दिया है।

डर-खौफ के नये माहौल के बीच, अब कई महिलाओं को बाहर जाने की अनुमति नहीं है। परिवार स्थानीय बेटियों को बाजार भेजने से भी डरते हैं। महिलाओं द्वारा चलाये जा रहे होमस्टे खाली हैं। कहवा स्टॉल बंद हैं। कढ़ाई की कार्यशालाएं रुकी हुई हैं। सब कुछ फिर से जम गया है।

इस हमले का वास्तविक नुकसान हमारी नजर से परे है। इसने महिलाओं की प्रगति को छीन लिया है। इसने सार्वजनिक स्थान पर उनकी आवाज और उपस्थिति को छीन लिया है। इसने उन्हें फिर से अंधकार में धकेल दिया है। कश्मीर में अस्थिर परिस्थितियां सीधे तौर पर वहां के लोगों के लिए आर्थिक आघात में बदल जाती हैं। खास कर, महिलाओं के लिए स्थिति और भी ज्यादा बुरी हो जाती है, क्योंकि वैकल्पिक रोजगार तक उनकी पहुंच पहले से ही सीमित है।

**(लेखक अर्थशास्त्री हैं और केजीएस एडवाजर्स की सीइओ हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

### पटमदा के दिघी गांव में अधूरी सड़क और नाली बनी दुर्घटना का कारण, लोग परेशान



**पटमदा (आजाद सिपाही)।** जुगसलाई विधानसभा क्षेत्र के पटमदा प्रखंड स्थित दिघी गांव में हरि मंदिर के पास अधूरी पड़ी सड़क इन दिनों गंभीर दुर्घटनाओं का कारण बनती जा रही है। बेलटांड़–रघुनाथपुर मुख्य सड़क का यह हिस्सा लगभग 100 फीट तक जर्जर अवस्था में है। जिसे मरम्मत के दौरान ठेकेदार अधूरा छोड़ गया।बीते दिनों लगातार बारिश में यह हिस्सा जलजमाव और गड्ढों में तब्दील हो चुका है। जिससे राहगीरों और खासतौर पर दुपहिया वाहन चालकों के लिए बेहद खतरनाक हो गया है। बीते मंगलवार को बोड़ाम निवासी एवं पटमदा की बीपीओ शकुंतला महतो खुद सड़क की बदहाली का शिकार हो गयी। उन्होंने बताया स्कूटी से ऑफिस जाने के दौरान गड्ढे में पानी भरने की वजह से फिसलकर गिर पड़ीं और बुरी तरह घायल हो गईं।वही स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार यह समस्या कोई नई नहीं है। बीते कई दिनों से हो रही बारिश में प्रतिदिन कोई न कोई अधूरी सड़क पर फिसलकर घायल हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है ठेकेदार मरम्मत कार्य अधूरा क्यों छोड़ा, इस पर कोई जवाबदेही तय नहीं हो पा रही है। विशेष रूप से यह भी उल्लेखनीय है गांव में लाखों रुपये की लागत से एक पक्की नाली का निर्माण किया गया था। ताकि पानी की निकासी ठीक ढंग से हो सके। लेकिन दुर्भाग्यवश उस नाली को सड़क या जलजमाव वाले हिस्से से जोड़ा ही नहीं गया। जिसके कारण नाली बेकार पड़ी है और पानी का बहाव सड़क पर हो रही। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की जल्द अधूरी सड़क की मरम्मत करायी जाये और नाली को जलनिकासी से जोड़ा जाये। ताकि दुर्घटनाओं पर रोक लगे और आम लोगों को राहत मिल सके।

### विश्व महामारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** समाज कल्याण निदेशालय रांची के निर्देश पर समाज कल्याण एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में राजनगर प्रखंड के एदल पंचायत में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम के तहत विश्व महामारी स्वच्छता प्रबंधन विषय पर जिला स्तरीय उन्मुखीकरण सह प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मौके पर पूर्णिमा नायक,केस वर्कर वरुणा महतो एवं जिला स्वास्थ्य विभाग की एएनएम की उपस्थिति में महिलाओं और किशोरियों को महामारी काल में स्वच्छता, स्वास्थ्य सुरक्षा, एवं मासिक धर्म प्रबंधन के बारे में जागरूक किया गया। वक्ताओं ने मासिक स्वच्छता के महत्व, संक्रमण से बचाव एवं सही खानपान की जानकारी साझा की।इस अवसर पर स्वास्थ्य पोषण आहार कैंप भी आयोजित की गई।जहां महिलाओं एवं किशोरियों को संतुलित भोजन के महत्व के बारे में बताया गया। साथ ही सेनेटरी पैड, स्वास्थ्य कीट, ओआरएस पाउडर का वितरण किया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा एनीमिया जांच भी किया गया। ताकि महिलाओं की स्वास्थ्य स्थिति की समीक्षा की जा सके। मौके पर ऐदल पंचायत के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में महिलाएं और किशोरियां शामिल होकर प्रशिक्षण में सक्रिय भागीदारी दिखायी।

### झामुमो के गणेश महाली ने सड़क-नाली के निर्माण की मांग को लेकर नगर निगम को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में सड़क, पक्की नाली और पेवर्स ब्लॉक निर्माण को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व विधानसभा प्रत्याशी गणेश महाली ने नगर निगम आयुक्त रवि प्रकाश को एक मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र के माध्यम से उन्होंने क्षेत्र की समस्याओं से नगर निगम प्रशासन को अवगत कराया।मौके पर उन्होंने वार्ड संख्या 6, 20, 25, 33 और 35 की विशेष रूप से चर्चा की। जहां बस्तियों में पक्की सड़कों और नालियों की गंभीर समस्या है। श्री महाली ने बताया क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय निवासियों ने कई बार इस समस्या की जानकारी दी। बारिश के मौसम में कच्ची सड़कों और अधूरी नालियों के कारण हालात और भी खराब हो जाते हैं। पानी लोगों के घरों तक पहुंचने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है। गणेश महाली ने नगर आयुक्त से आग्रह किया बरसात को देखते हुए जल्द से जल्द इन इलाकों में निर्माण कार्य शुरू कराया जाये, ताकि लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में नगर आयुक्त ने आश्वासन देते हुए कहा कि नगर निगम को मिलने वाले आवेदनों के आधार पर समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्य किया जा रहा है। पहले भी कई वार्डों से सड़क, नाली एवं पेवर्स ब्लॉक निर्माण को लेकर आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिन्हें स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है। कुछ ही दिनों में निर्माण कार्य शुरू कर दिया जायेगा। स्थानीय लोगों को अब नगर निगम की पहल और झामुमो नेता की सक्रियता से राहत की उम्मीद जागी है।

### जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में लाइव पेंटिंग और क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील ने विश्व पर्यावरण दिवस से पूर्व लौहनगरी जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो रंगारंग कार्यक्रम में लाइव पेंटिंग प्रतियोगिता और बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट क्राफ्ट प्रतियोगिता का आयोजन किया। कार्यक्रमों का उद्देश्य बच्चों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता को प्रोत्साहित करना था। बुधवार को कार्यक्रम में कक्षा 1 से 12 तक के 400 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। प्राकृतिक सौंदर्य व पर्यावरण संरक्षण के महत्व को अपनी चित्रकारी के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं कक्षा 4 से 10 तक के 50 से अधिक छात्रों ने रद्दी व बेकार समझने वाली वस्तुओं को सुंदर और उपयोगी कलाकृतियों में बदलकर दिखाया। उन्होंने रिसाइकलिंग और रचनात्मकता से कैसे कचरे को खजाने में बदल सकती इसकी जानकारी दी। यह आयोजन टाटा स्टील ने झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय की सहयोग से की। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय पदाधिकारी राम प्रवेश कुमार ने बच्चों के कार्यों की सराहना की। उन्होंने टाटा स्टील की इस पहल को समुदाय में पर्यावरण जागरूकता फैलाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। आगामी दिनों में टाटा स्टील के द्वारा सामुदायिक सफाई अभियान, वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं पर्यावरण और सतत विकास के विशेषज्ञों के साथ तकनीकी सत्र जैसे कई आयोजन भी किये जायेगे।

राष्ट्रीय सुड़ी समाज के अध्यक्ष को धमकी देने का मामला

### कांग्रेस के जिला महासचिव ने आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** राष्ट्रीय सुड़ी समाज (युवा प्रकोष्ठ) के केंद्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेस जिला महासचिव अजय कुमार मंडल ने राष्ट्रीय सुड़ी समाज के केंद्रीय अध्यक्ष सह आरटीआइ कार्यकर्ता संघ के केंद्रीय महासचिव कृतिवास मंडल को फोन पर धमकी देने पर कड़ी निंदा की है। उन्होंने इसे लोकतंत्र और आरटीआइ आंदोलन पर सीधा हमला बताया। उन्होंने प्रशासन से आरोपी की अविलंब पहचान कर गिरफ्तारी की मांग की। अजय मंडल ने कहा आरटीआइ कार्यकर्ता देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करने का कार्य करते हैं। उन्हें धमकाना न केवल असंवैधानिक है बल्कि यह पारदर्शिता और जवाबदेही के अधिकार पर सीधा प्रहार है। उन्होंने कहा ऐसी हरकतें आरटीआइ कार्यकर्ताओं की आवाज को दबा नहीं सकतीं। उन्होंने कहा शुक्रवार को राष्ट्रीय सुड़ी समाज का एक प्रतिनिधिमंडल डीसी और एसएसपी से मिलकर ज्ञापन सौंप कर गंभीर मामले में निष्पक्ष जांच और त्वरित कार्रवाई की मांग करेगा। उन्होंने प्रशासन से अपील की पीड़ित आरटीआइ कार्यकर्ता की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये, ताकि वह निर्भीक होकर जनहित में कार्य करते रहें।

### झामुमो ने कोल्हान से मनोज कुमार को सौंपी जिम्मेदारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची/ जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की केंद्रीय समिति ने बुधवार को पार्टी के निर्णयों, कार्यक्रमों और सम-सामयिक विषयों पर मीडिया में प्रभावी रूप से पक्ष रखने के लिए प्रवक्ताओं का नया पैनल घोषित किया है। इस पैनल में राज्य के विभिन्न जिलों से चुने गये पार्टी के सक्रिय और अनुभवी नेताओं को शामिल किया गया। राज्य के मुख्यमंत्री सह झामुमो के केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन के नेतृत्व में गठित पैनल में कोल्हान प्रमंडल से विशेष रूप से मनोज कुमार यादव को प्रवक्ता की अहम जिम्मेदारी सौंपी गयी है। मनोज कुमार यादव पूर्व रणजी क्रिकेट खिलाड़ी हैं और खेल, समाज सेवा तथा विभिन्न अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय संगठनों से सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं। साथ ही वे एक खेल विश्लेषक के रूप में ऑल इंडिया रेडियो और कई राष्ट्रीय टीवी चैनलों पर भी नियमित रूप से नजर आते हैं। राजनीतिक, सामाजिक और खेल जगत में उनके व्यापक अनुभव से पार्टी को निश्चित रूप से लाभ मिलेगा। पार्टी के वरिष्ठ नेता विनोद कुमार पांडेय द्वारा हस्ताक्षरित आदेश में कहा गया है कि सभी पैनल सदस्य पार्टी की गरिमा और नीतियों का पालन करते हुए मीडिया में संवाद स्थापित करेंगे।

### सिदगोड़ा चेन छिनतई मामले में चार गिरफ्तार



आजाद सिपाही संवाददाता

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की सिदगोड़ा पुलिस ने चेन छिनतई मामले का उद्भेदन करते हुए चार अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। गिरफ्त में आये अभियुक्तों में मानगो टीचर्स कॉलोनी का शंकर महतो उर्फ सूरज (21), आजादनगर ओल्ड पुरुलिया रोड का विशाल सिंह उर्फ नाडू (19), मानगो गुरुद्वारा रोड का मोहित वर्मन (21) और मानगो का विशाल कुमार सोनी (31) शामिल है। वहीं मोहित वर्मन और शंकर महतो और विशाल सिंह का अपराधिक इतिहास रहा है। अभियुक्तों के पास से झपट्टमार कर लुटा गया सोने के चेन का गला हुआ हिस्सा, एक मोटरसाइकिल, दो मोबाइल व एक पासबुक और एटीएम बरामद किया है। बुधवार को सिटी एसपी ने प्रेस कांफ्रेंस कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसके लिए लगातार सीसीटीवी खंगाले जा रहे थे। फिलहाल चारों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।


आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 मई, 2025
www.azadsipahi.in
07

## राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विद्यालय की टॉपर बनी दिव्या




विशुनपरा (आजाद सिपाही)। राज राजेंद्र प्रताप देव उच्च विशुनपुरा के 10वीं बोर्ड की परीक्षा में छात्राओं ने बाजी मार दी है। विद्यालय की छात्रा दिव्या ने 87.8 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय टॉपर रहीं। वहीं रूपा कुमारी 87.6 प्रतिशत अंक लाकर द्वितीय, सुजीत कुमार गुप्ता और सिब्बा निखार ने क्रमश: 86.4 प्रतिशत अंक लाकर तीसरा, सिंपी कुमारी 86.2 प्रतिशत अंक लाकर चौथा, ओमलता कुमारी 86प्रतिशत अंक लाकर पांचवां,सचिन कुमार पाल 86 प्रतिशत छठा,उज्जवल कुमार गुप्ता 85.60 प्रतिशत सातवां, रंजन कुमार एवं अनुराग कुमार क्रमश: 85.2 प्रतिशत अंक लाकर आठवां, आनंद पाल 84.60अंक लाकर टॉप टेन में स्थान बनाया है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष इस विद्यालय से 338 छात्र परीक्षा परीक्षा में शामिल हुए थे। जिनमें 327 छात्र सफल घोषित हुए हैं। विद्यालय के प्रधानाध्यापक नागेंद्र पांडेय ने सफल छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल के तनवीर आलम ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया


सगमा (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत बीरबल में चल रहे मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय ब्राइट स्टार पब्लिक स्कूल का मैट्रिक रिजल्ट सत प्रतिशत रहा। विद्यालय से 18 विद्यार्थियों ने मैट्रिक परीक्षा में शामिल हुए थे, जिसमें सभी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण किया है। जबकि विद्यालय के छात्र तनवीर आलम ने 90 प्रतिशत अंक लाकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार विद्यालय की छात्रा जूही खातून 89.8 प्रतिशत अंक लाकर दूसरे स्थान हाशिल किया हैं। वहीं विद्यालय के छात्र प्रशांत कुमार ने 88. 8 प्रतिशत अंक लाकर तीसरे स्थान प्राप्त किया है।

## जिपस रंजनी ने डीडीसी को पत्र लिख कर आवास योजना से वंचित लाभुकों को पहला किस्त भुगतान कराने की मांग की

भवनाथपुर (आजाद सिपाही)। जिपस रंजनी शर्मा ने गढ़वा डीडीसी को पत्र लिख अन्य आवास योजना से वंचित प्रखंड के बनसानी पंचायत के लाभुकों को अबुआ आवास का पहला किस्त भुगतान कराने की मांग की है। पत्र में जिला पार्षद रंजनी शर्मा ने उल्लेख किया है, कि वित्तीय वर्ष 2024 -25 में बनसानी पंचायत में कुल 161 लाभुकों को अबुआ आवास स्वीकृत हुआ था, लेकिन अभी तक लाभुको के बीच अबुआ आवास योजना का भुगतान लंबित रख बनसानी पंचायत को उक्त योजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने डीडीसी से पत्र के माध्यम से मामले की जांचोपरांत अबुआ आवास योजना के लाभुको का लंबित पहला किस्त की भुगतान कराने की मांग की है।

## श्री बंशीधर नगर वासियों को आश्वस्त किया कि कृषि योग्य भूमि का होल्डिंग टैक्स नहीं देना पड़ेगा : विधायक



बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। श्री बंशीधर नगर पंचायत वासियों के लिए राहत भरी खबर है। अब शहर वासियों को कृषि योग्य भूमि का होल्डिंग टैक्स नहीं देना पड़ेगा। ऐसा विधायक अनंत प्रताप देव के प्रयास से संभव हुआ है। विधायक ने इस संबंध में विधानसभा के आंतरिक संसाधन समिति के समक्ष मामला उठाया था। जिसके बाद नगर विकास विभाग ने पंकज गोयल के नेतृत्व में मंगलवार को एक टीम श्री बंशीधर नगर भेजा। टीम ने परिसदन में विधायक अनंत प्रताप देव के साथ बैठक की। साथ ही कृषि योग्य भूमि पर लगे होल्डिंग टैक्स के बारे में कागजात मांगा। टीम ने बताया कि कृषि योग्य भूमि पर होल्डिंग टैक्स लेने का प्रावधान नहीं है। विधायक ने बताया कि टीम के द्वारा शहर वासियों को आश्वस्त किया गया है कि कृषि योग्य भूमि का होल्डिंग टैक्स नहीं देना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र ही नगर पंचायत क्षेत्र में जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक किया जायेगा। उसे मौके टीम के अब्दुल वदूद, नवनीत सिंह, जितेंद्र कुमार गुप्ता, नौरांग जोशी के अलावे कार्यपालक पदाधिकारी राजकमल, झामुमो के वरिष्ठ नेता मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, राजा सिंह, बंगाली सिंह, सुधीर जायसवाल, सोहन उरांव, शुभम प्रकाश सहित कई लोग मौजूद थे।

## ऐसा जूनून पैदा करें कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के खिलाड़ी खेलें : अलखनाथ पांडेय



गढ़वा (आजाद सिपाही)। गोड्डा में गुरूवार से आयोजित प्रथम झारखंड स्टेट रैंकिंग टेबल टेनिस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गढ़वा जिला के 24 सदस्यीय टीम को संघ के संरक्षक अलख नाथ पांडेय,अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, सचिव आनंद सिन्हा और संघ के पदाधिकारियों ने जीत की शुभकामनाएं देते हुए खिलाड़ियों को रवाना किया। इस मौके पर संरक्षक अलख नाथ पांडेय ने कहा कि संघ की ओर से समर कैंप का आयोजन चल रहा है। इस कैंप में आप सभी लोगों के खेल में सुधार आया है। जिसका फायदा आपको प्रतियोगिता के दौरान मिलेगा। उन्होंने कहा कि गढ़वा जिला टेबल टेनिस संघ ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर गढ़वा के खिलाड़ी खेलेंगे। इसका सपना देखा है। और उसे सपने को आप सभी को पूरा करने की जिम्मेदारी है। 24 सदस्यीय टीम में अमल कुमार ठाकुर,अमन कुमार पाल, अनिमेष कुमार पांडेय, रौशन कुमार पाल, कार्तिक पाल, नितीश कुमार मेहता, हर्षित कुमार पांडेय, सचिन कुमार, पलक, अंजली, वर्षा रानी, आयुषी कुमारी आदि अन्य को शामिल किया गया है।

# दो बाइकों की आपस में टक्कर, दो की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता



भंडरिया। गढ़वा-भंडारिया मुख्य मार्ग स्थित हाटदोहर गांव के मड़वा नल के पास बुधवार को दो बाइक की आपस में टक्कर हो गयी, जिससे दोनों बाइक चालकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां चिकित्सक ने मृत्यु दानों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा भेज दिया। मेदनीनगर के सतबरवा थाना के मुरमा गांव निवासी कृष्ण सिंह के 40 वर्षीय पुत्र नागेश्वर सिंह भंडरिया जा रहा था। गढ़वा जिला के दुबे मरठिया गांव निवासी गणेश उरांव के 22 वर्षीय पुत्र चिंटू उरांव और उसके पीछे चचेरा भाई विकास उरांव अपने बाइक से गढ़वा के दुबे मरठिया गांव आ रहा था। हाटदोहर मडवा नल के पास आपस में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक चिंटू उरांव और चालक नागेश्वर सिंह की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। धर मृतक चिंटू के भाई रमेश उरांव ने बताया कि मंगलवार को ही हम लोग दोनों भाई बलरामपुर में ड्राइवरी लाइसेंस बनाने के लिए अप्लाई किये थे। लाइसेंस लेने रामानुजगंज गये थे। लाइसेंस लेकर हम लोग रात होने के कारण बड़गड़ अपनी बहन के घर चले गये। बुधवार को सुबह बहन के घर से दुबे मरठिया के लिए जाने के लिए निकले थे। हाटदोहर के पास सामने बाइक से जोरदार टक्कर हो गयी, जिसमें दोनों 50 फीट की दूरी पर जा गिरे। हम भी रोड से 50 फीट दूरी पर फेंका गया था। मुझे पैर और चेस्ट में चोट लगा है। इस संबंध में थाना प्रभारी चेतन कुमार सिंह ने बताया कि आमने-सामने से दोनों बाइक चालक टकरा गये हैं, जिसमें चालक चिंटू उरांव और नागेश्वर सिंह की मौत हो गयी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को इसकी सूचना दी गयी है।

## झामुमो ने गठित किया नया मीडिया पैनल मिथिलेश ठाकुर और धीरज को मिला स्थान

आजाद सिपाह संवाददाता



गढ़वा। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) ने पार्टी की विचारधारा, नीतियों, कार्यक्रमों और सम-सामयिक मुद्दों पर समाचार चैनलों, प्रिंट मीडिया एवं अन्य जनसंवाद माध्यमों में पार्टी का पक्ष प्रभावशाली ढंग से रखने के लिए एक नया मीडिया पैनल गठित किया है। यह पैनल झारखंड के विभिन्न जिलों से चुने गये 11 प्रतिनिधियों को लेकर तैयार किया गया है, जिनकी जिम्मेदारी होगी कि वे पार्टी की आवाज को संगठित और मर्यादित ढंग से जनमानस तक पहुंचायें।

इस नवगठित पैनल में गढ़वा जिला से दो प्रमुख चेहरों में पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर और झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति के सक्रिय सदस्य धीरज दुबे को शामिल किया गया है। इन दोनों नेताओं की नियुक्ति को लेकर झामुमो के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में खासा उत्साह देखा गया। मिथिलेश ठाकुर झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रह चुके हैं और क्षेत्रीय तथा राज्य स्तर की राजनीति में मजबूत पकड़ रखते हैं। वहीं धीरज दुबे संगठनात्मक कार्यों और जनसरोकारों को लेकर लगातार सक्रिय रहे हैं।

## किशुन राज पब्लिक हाइ स्कूल बलियारी के बच्चों ने किया बेहतर प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता






कांडी। झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा मंगलवार को जारी मैट्रिक परीक्षा 2025 के परिणाम में कांडी प्रखंड के किशुन राज पब्लिक हाई स्कूल, बलियारी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए शत-प्रतिशत सफलता हासिल की है। विद्यालय परिवार ने परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों में शशि कुमार मेहता 92.80 प्रतिशत, द्वितीय स्थान रुखसार खातून 91.80 प्रतिशत, तृतीय स्थान अमीषा शरण 91.00 प्रतिशत, चौथे स्थान पर हर्षित मिश्रा 90.80 प्रतिशत, पांचवें स्थान पर रूद्रप्रकाश दुबे, छठवें स्थान पर शुभम कुमार, सातवें स्थान पर रोहित कुमार, साक्षी कुमारी एवं नेहा कुमारी तथा नौवें स्थान पर अभिषेक कुमार मेहता तथा दसवें स्थान पर खुशी कुमारी, ज्योति कुमारी ने विद्यालय का नाम रौशन किया।

## सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर दूसरे गांव में पैक्स गोदाम बनाने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



मेराल। थाना क्षेत्र के पढ़ुआ गांव के ग्रामीणों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी को आवेदन देकर दूसरे गांव में पैक्स गोदाम बनाने का विरोध करते हुए तुरंत काम बंद करने की मांग किया है। दिये गये आवेदन में कहा गया है कि पैक्स अध्यक्ष और संवेदक के मिली भगत से पढ़ुआ का पैक्स गोदाम पतहरिया गांव में बनाने के लिए काम शुरू किया गया है जिसे अविलंब रोकने की मांग किया गया है। आरोप है कि पैक्स अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सिंह और संवेदक मिली भगत कर पैक्स गोदाम के नव निर्माण कार्य पूर्व में निर्धारित जगह जहां पूर्व में चेक स्लिप बनवाया गया था ग्राम पढ़ुवा में नहीं बना कर पतहरिया में बनाया जा रहा है। जो नियम के विरुद्ध काम कराया जा रहा है, ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जनसंख्या पतहरिया गांव के अपेक्षा पढ़ुआ का ज्यादा है फिर भी पैक्स अध्यक्ष और संवेदक के मिली भगत से वहां निजी जमीन पर गोदाम बनाया जा रहा है जो सरासर गलत है। ग्रामीणों ने जिला सहकारिता पदाधिकारी से जांच कर उचित कार्रवाई करने का मांग किया है। आवेदन देने वालों में छोटन सिंह, मिथिलेश कुमार, राजेश प्रसाद, शिव प्रताप विश्वकर्मा, रासबिहारी, रामनाथ भुईयां, विजय यादव, कुसुम देवी, गीता देवी, रामनाथ राम, केश्वर राम, बिगन राम सहित कई लोग शामिल हैं।

### उपायुक्त ने जिले के सभी पदाधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक, कहा

## नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता

आजाद सिपाही संवाददाता



गढ़वा। उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने बुधवार को समाहरणालय सभागार में जिले के सभी विभागों के वरीय और वर्त्तमान पदाधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करना, जनहित से जुड़े कार्यों में तेजी लाना और विभागों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित करना था।

बैठक में उपायुक्त श्री यादव ने सभी अधिकारियों से अपने-अपने विभागों की प्रगति रिपोर्ट साझा करने को कहा और योजनाओं के कार्यान्वयन में पारदर्शिता एवं गति बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले के नागरिकों को सुशासन उपलब्ध कराना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विकासात्मक योजनाओं की साप्ताहिक समीक्षा, जनसुनवाई की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाना, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जलापूर्ति पर विशेष ध्यान देना सहित अन्य निर्देश दिए। उपायुक्त ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। बैठक में उपविकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज माहेश्वरम, तीनों अनुमंडल पदाधिकारी क्रमशः संजय कुमार, रूद्र प्रताप तथा प्रभाकर मिर्धा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी संजय प्रसाद, जिला परिवहन पदाधिकारी धीरज प्रकाश, भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका प्रमेश कुशवाहा सहित सभी महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

### डीसी ने श्रीबंशीधर मंदिर और राजा पहाड़ी मंदिर में मत्था टेका



श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। जिले में नवपदस्थापित उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने आज बुधवार को जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों श्रीबंशीधर मंदिर और राजा पहाड़ी मंदिर का दौरा किया। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा-अर्चना की और आम श्रद्धालुओं की सुविधाओं तथा मंदिर के समग्र विकास से संबंधित योजनाओं की जानकारी ली।

## गढ़वा विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं, बिजली समस्या पर ऑन स्पॉट विभाग के अधिकारी से की बात



मेराल (आजाद सिपाही)। विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी बुधवार को मेराल प्रखंड मुख्यालय में अपने प्रतिनिधि डॉ लालमोहन के घर पहुंच कर घर परिवार का हाल जाना। बता दें कि डॉ लालमोहन के इकलौते पुत्र का निधन बीते 19 मई को वज्रपात की घटना में हो गया था। विधायक के आगमन की सूचना पर भाजपा के मंडल अध्यक्ष तथा अन्य कई कार्यकर्ता और ग्रामीण पहुंच गए। सभी से विधायक श्री तिवारी ने कुशल सम पूछा तथा क्षेत्र का हाल जाना। उपस्थित ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि नेनुआ मोड़ के पास 11 हजार वोल्ट का बिजली के तार 5 फीट की ऊंचाई पर है जिससे हमेशा खतरा बना रहता है। यहां पोल लगाकर तार ऊंचा करने की मांग पर पर विधायक श्री तिवारी ने ऑन स्पॉट जाकर स्थल निरीक्षण किया तथा मौके से ही बिजली विभाग के अधिकारी से फोन पर बात कर यहां नया पोल लगाकर तार को ऊंचा करने का निर्देश दिया। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष उदय कुमार कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष रूपू महतो, मनोज जायसवाल, कृष्णा कुशवाहा, गढ़वा विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रामाकांत गुप्ता, लक्ष्मी पांडेय, रविंद्र प्रसाद, विजय प्रसाद गुप्ता, कंचन पांडेय, खुर्शीद अंसारी, धनंजय चौधरी, सोबरन महतो, राजेंद्र गुप्ता सहित कई लोग थे।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, राँची**
**कार्यालय – भूमि संरक्षण पदाधिकारी, गुमला**
**E-Mail ID:- scogumla6@gmail.com**

**आम सूचना**

1. कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (कृषि प्रभाग) झारखण्ड, राँची द्वारा गुमला जिला अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 20224–25 में केन्द्र प्रायोजित RKVY-RAFTAAR योजना अन्तर्गत Sub Mission on Agricultural Mechanization (SMAM) उपयोजना के तहत् कृषक समूह / व्यक्तिगत कृषक को अनुदानित दर पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

| क्र0 | कृशि यंत्र का नाम | भौतिक लक्ष्य टी0एस0पी0 | अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति,लघु एवं सीमान्त किसान महिला लाभुक को व्यक्तिगत अनुदान पर कृषि यंत्र वितरण: Maxium permissible subsidy per Machine/Equipment per beneficiary (Rs. In Lakh) | Pattern of Assistance |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Tractor 4WD (08-20 PTO HP) | 05 | रु0 2.25 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 2 | Tractor 2WD (20-40 PTO HP) | 16 | रु0 2.50 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 3 | Self Propelled Weeder (below 2 bhp) | 05 | रु0 0.25 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 4 | Self Propelled Weeder (Above 2 bhp) | 02 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 5 | Self Propelled Rice Transplanter (4 Rows) | 02 | रु0 1.5 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 6 | Self Propelled Crop Reaper(4 Rows) | 05 | रु0 0.75 लाख प्रति इकाई | 50% |
| | Tractor ( Below 20 BHP) driven | | | |
| 7 | MB plow(Single Bottom) | 03 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 8 | Cage Wheel | 05 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 9 | Cultivator | 05 | रु0 0.20 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 10 | Multi Crop Treashers | 03 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 11 | Paddy Treasher | 03 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| | Tractor ( Above 20-35 BHP) driven | | | |
| 12 | MB plow(Single Bottom) | 03 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 13 | Cage Wheel | 16 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 14 | Cultivator | 16 | रु0 0.30 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 15 | Multi Crop Treashers | 03 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 16 | Paddy Treasher | 03 | रु0 0.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 17 | Rotovator upto 5 feet | 06 | रु0 0.35 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 18 | Rotovator 5 feet | 02 | रु0 0.42 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 19 | Rotovator 6 feet | 11 | रु0 0.45 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 20 | Rotovator 7 feet | 02 | रु0 0.48 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 21 | Mini Rice Mill | 0 | रु0 2.40 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 22 | Mini Dal Mill | 01 | रु0 1.50 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 23 | Manual Sprayer Knapsack/Battery Operated sprayer | 11 | रु0 0.0075 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 24 | Solar Operated Knapsack Sprayer | 09 | रु0 0.018 लाख प्रति इकाई | 50% |
| 25 | Powered Knapsack Sprayer/Po wer Operated Sprayer (Capacity 8-12 lts) (≤0.75 hp engine) | 11 | रु0 0.031 लाख प्रति इकाई | 50% |

**कृषि उपकरण बैंक की स्थापना**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम स्तरीय कृषि उपकरण बैंक पैकेज के साथ (कृषक समुह हेतु) | 05 | 80 प्रतिशत या 8.00 लाख रु0 (प्रति कृषि उपकरण बैंक ईकाई लागत 10 लाख रुपये।) | 80% |

**लाभुक का चयन**

1. इस योजना के कार्यन्वयन में जिला प्रोग्राम मैनेजर, झारखण्ड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाईटी द्वारा प्राप्त स्वंय सहायता समूह के सूची के आधार पर चयन किया जायेगा।
2. जिन कृषक समूहों एवं कृषको द्वारा पूर्व में विभाग द्वारा कृषि उपकरण बैंक की स्थापना या अन्य किसी केन्द्रीय प्रायोजित / राज्य योजना के माध्यम से कृशि यंत्र प्राप्त किया गया हो उन यंत्रों को छोड़कर ही अन्य कृषि यंत्रों के लिए पात्रता होगी।
3. इस योजना के तहत् प्रत्येक कृषक का एक वित्तीय वर्ष में एक ही आवदेन स्वीकार होगा एवं एक आवेदन पर कृषक कोई तीन अलग–अलग कृशि यंत्र ले सकेंगे।
4. कृषि उपकरण बैंक की स्थापना हेतु प्राप्त आवेदनों की जॉचोपरान्त उन पर सम्बंधित ग्राम सभा से अनुशंसा प्राप्त कर चयन प्रकिया की जायेगी।
5. आवेदन भूमि संरक्षण कार्यालय गुमला प्राप्त किया जा सकता है। आवेदन जमा करने की अन्तिम तिथि 10.06.2025 निर्धारित की जाती है।

**विशेष जानकारी के लिए अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में सम्पर्क किया जा सकता है।**
**कार्यालय का पता:–** भूमि संरक्षण कार्यालय, गुमला संयुक्त कृषि भवन गुमला

ह0/
**भूमि संरक्षण पदाधिकारी,**
**गुमला**

**PR 353684 (Agriculture,Animal Husbandry And Co-opretive Department)25-26*D**


# अंतिम व्यक्ति तक मानवाधिकारों के वाहक होते हैं अधिवक्ता : एसडीएम

- ‘कॉफी विद एसडीएम’ में शामिल हुए जिले के एक सौ अधिवक्ता
- कानून-वेत्ताओं ने विधि व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं को लेकर दिये सुझाव

आजाद सिपाही संवाददाता




गढ़वा। सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नियमित साप्ताहिक संवाद कार्यक्रम ‘कॉफी विद एसडीएम’ की 25वीं कड़ी में आज बुधवार को अनुमंडल क्षेत्र के अधिवक्ताओं ने भाग लिया। इस अनौपचारिक संवाद कार्यक्रम के दौरान न केवल अधिवक्ताओं ने अपनी निजी समस्यायें रखीं बल्कि अधिवक्ता हितों के मुद्दों को उठाया, साथ ही शहर और जिले की बेहतरी को लेकर सकारात्मक सुझाव भी दिए। प्राप्त शिकायतों और सुझावों पर त्वरित निस्तारण एवं अमल करने के लिए सभी को एसडीएम की ओर से आश्वस्त किया गया।

नदी अतिक्रमण को लेकर जतायी चिंता अधिवक्ताओं ने दानरो और सरस्वतिया नदी के अतिक्रमण को लेकर चिंता जताते हुए इन दोनों जीवनदायिनी नदियों को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए प्रभावी अभियान चलाने के हेतु अनुमंडल पदाधिकारी से अनुरोध किया, एसडीएम ने सभी को बताया कि पूर्व में अभियान चलाए गए हैं, पुनः इस दिशा में निर्णायक अभियान चलाया जाएगा। कुछ लोगों ने नगर परिषद के कचरे को नदियों में डंप किए जाने की शिकायत भी की, इस पर एसडीएम के द्वारा बताया गया कि सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट प्रगति पर है और इसके बाद डंपिंग स्थल का स्थाई हल हो जायेगा। साथ ही जो कचरा अभी नदी तट पर पड़ा हुआ है उसको रीसायकल करने के लिए नगर परिषद लगातार कार्य कर रहा है।

**अवैध वाहन प्लेटों के विरुद्ध अभियान की मांग :** अधिवक्ता कृष्ण राजन कुमार एवं उनके साथियों ने सुझाव दिया कि वाहनों पर लगायी गयी अवैध नेम प्लेटों के विरुद्ध जिला परिवहन कार्यालय और पुलिस के समन्वय से एसडीएम के स्तर पर अभियान चलाते हुए कार्रवाई की जाए। मौके पर अनुमंडल क्षेत्र के लगभग 100 अधिवक्ता मौजूद थे।

### ‘कॉफी विद एसडीएम’ में विभिन्न मुद्दों को उठाया गया

- चिनियारोड चौड़ीकरण से जुड़े मुद्दों को उठाया।
- गढ़वा अंचल कार्यालय के विरुद्ध अधिवक्ताओं ने की शिकायत।
- अवैध पार्किंग के विरुद्ध कार्रवाई की मांग।
- सार्वजनिक मूत्रालयों की मांग।
- डीजे एवं अवैध शराब के विरुद्ध की गयी कार्रवाई को मिली सराहना।
- स्टांप उपलब्धता सुनिश्चित हो।
- जलापूर्ति की तरफ रहे विशेष ध्यान।
- भूमाफियाओं पर हो त्वरित कार्रवाई।
- जिला बार कार्यालय में पेयजल समस्या को उठाया गया।

## ट्रक और पिकअप की टक्कर में चार घायल

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** जिले के चंदवा रोड स्थित शंख मोड़ के पास बुधवार दोपहर करीब 2:30 बजे एक तेज रफ्तार ट्रक और सब्जी से भरी पिकअप में आमने-सामने की टक्कर हो गयी। हादसा इतना जबरदस्त था कि मौके पर मौजूद एक बाइक सवार भी ट्रक से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गया। कुल चार लोग इस दुर्घटना में घायल हुए हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक चंदवा की ओर जा रहा था, जबकि पिकअप लोहरदगा लौट रही थी। इसी दौरान शंख मोड़ के समीप दोनों वाहन आमने-सामने भिड़ गये। टक्कर के तुरंत बाद लोहरदगा के शांतिनगर से कुजरा साप्ताहिक बाजार जा रहे बाइक सवार भी ट्रक से टकरा गये। घायल व्यक्तियों की पहचान महावीर प्रसाद (निवासी शांतिनगर), दीपेश साहू (महावीर प्रसाद का पुत्र) दोनों बाइक पर सवार थे। गंभीर रूप से घायल होने पर सदर अस्पताल, लोहरदगा में प्राथमिक उपचार के बाद रांची रेफर कर दिया गया। वही विपुल राम पिता पंचम राम, सुधाकर राम पिता लखन राम दोनों ग्राम मासमानो, ठाकुर गांव, भंडरा थाना के निवासी हैं और पिकअप में सवार थे। उन्हें स्थानीय लोगों की मदद से अमृत केयर हॉस्पिटल, पतरा टोली में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया। झारखंड राज्य दफादार चौकीदार पंचायत के जिला अध्यक्ष समसुल अंसारी ने अपने निजी वाहन से बाइक सवार घायलों को अस्पताल पहुंचाया, जिससे उनकी जान बच सकी। वही घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया।

### लातेहार पुलिस को नक्सल विरोधी अभियान में कामयाबी

## टूटापानी जंगल से आठ केन बम हथियार और कारतूस बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

**महुआडांड़/ लातेहार।** लातेहार जिला पुलिस ने नक्सलियों के नापाक मंसूबे को ध्वस्त करते हुए भारी मात्रा में बम और हथियार बरामद किये हैं। जिसमें सुरक्षा बलों ने सर्च ऑपरेशन के दौरान आइइडी के साथ साथ भारी मात्रा में हथियार बरामद किये हैं।

पुलिस ने नेतरहाट थाना क्षेत्र के टूटापानी जंगल से लगभग 8 आइइडी बम, 1 अत्याधुनिक राइफल, 1 कार्बाइन, लगभग 269 जिंदा गोलियां समेत भारी मात्रा में नक्सलियों के समान बरामद हुए हैं। लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि नक्सलियों के द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए बम लगाये गये थे। परंतु पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की योजना को असफल कर दिया। दरअसल, लातेहार के दौना गांव के पास दो दिन पूर्व पुलिस ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए नक्सली कमांडर मनीष यादव को मार गिराया था. वहीं नक्सली कमांडर कुंदन खरवार को गिरफ्तार कर लिया था। इसके बाद पुलिस के द्वारा लगातार इलाके में सर्च अभियान चलायी जा रही थी। इस सर्च अभियान के दौरान बुधवार को पुलिस ने नेतरहाट थाना क्षेत्र के टूटापानी जंगल में आइइडी बम लगा हुआ पाया। पुलिस और सुरक्षा बलों ने इस दौरान आठ बम बरामद किये। वहीं थोड़ी दूर पर गड्ढे में छुपाये गये हथियार और जिंदा गोलियां भी बरामद हुईं। बरामद बम को पुलिस ने बम निरोधक दस्ते की मदद से जंगल में ही विस्फोट का नष्ट कर दिया।

नक्सलियों के खिलाफ चलाए गए छापामारी अभियान में मनिका थाना प्रभारी शशि कुमार, गारू थाना प्रभारी पारसमणी समेत आईआरबी सीआरपीएफ 11 बटालियन समेत अन्य सुरक्षा बल तथा जिला पुलिस के अधिकारियों और जवानों की भूमिका महत्वपूर्ण रही



### पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए लगाये थे बम

लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस के द्वारा लगातार नक्सलियों के खिलाफ छापामारी अभियान चलायी जा रही थी। नक्सलियों के द्वारा पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए ही जंगल में बम लगाये गये थे। परंतु पुलिस और सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की योजना पर पानी फेर दिया और सारे बम को विस्फोट का निष्क्रिय कर दिया। बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों के द्वारा पूरे इलाके में लगातार छापामारी अभियान चलायी जा रही है। नक्सलियों के संपूर्ण खात्मे तक अभियान जारी रहेगा।

## चलंत संजीवनी क्लिनिक गांवों में कर रही नि:शुल्क जांच



**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के परिवार एवं कल्याण स्वस्थ्य मंत्रालय के निर्देशानुसार ग्रामीण क्षेत्र में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के माध्यम से परिवर्तन समाज विकास समिति के द्वारा चलन्त संजीवनी क्लिनिक के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर प्रखंड क्षेत्र डोका, पारही, गढ़गांव, हेसवे, चौकनी, मुर्की तोड़ार, साके, चंदवा, चाउ चरकु, अलौदी सहित विभिन्न गांवों में बिपी, सुगर, स्किन इंफेक्शन, बुखार, सर्दी जुकाम के अलावे अन्य तर्क के बीमारियों का नि:शुल्क जांच कर दवा दिया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य कर्मी नरेश उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि सर्वे के अनुसार प्रखंड क्षेत्र के बीस गांवों में चलंत संजीवनी क्लिनिक के द्वारा ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच कर नि:शुल्क इलाज किया जायेगा। साथ ही बताया कि पूर्व में ही सर्वे कर प्रथम फेज में सेन्हा प्रखंड क्षेत्र के बीस गांव का चयन किया गया है। मौके पर नरेश उरांव, शुभम निधि एक्का,बिलासी कुमारी, गौरव कुमार समेत अन्य स्वस्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

## विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल ने की मृतक के आश्रितों की मदद

**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बुधवार को किस्को प्रखंड के बगड़ू ग्राम निवासी चंद्रप्रकाश उरांव पिता स्वर्गीय सुखनाथ उरांव मनरेगा के तहत कुआं निर्माण कर रहे थे। जहां अचानक मिट्टी धंसने से गंभीर रूप से घायल हो गये थे। लोहरदगा सदर अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसकी जानकारी मिलते ही विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल सदर अस्पताल पहुंच दुखित परिवार से मिलकर सांत्वना दी। शव का पंचनामा करवा कर सिविल सर्जन से बात कर मृतक का पोस्टमार्टम करवाया। प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अनुमंडल पदाधिकारी से बात कर तत्काल 20 हजार आर्थिक सहायता उपलब्ध कराया एवं 2 लाख रुपये मुआवजा देने व पारिवारिक पेंशन उपलब्ध कराने की बात कही। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में हम सब दुखित परिवार के साथ हैं एवं आगे भी आश्रितों की हर संभव सहायता करेंगे। मौके पर सिविल सर्जन संभु चौधरी, बीडीओ अरुण उरांव, युवा अध्यक्ष विशाल डुंगडुंग, मुखिया रानी मिंज, प्रकाश उरांव, पुनीता उरांव, मंजन उरांव, सुमित्रा उरांव, बुधमनी उरांव, अभिषेक उरांव आदि उपस्थित थे।

## निवर्तमान उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को लोगों ने किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** निवर्तमान उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण को उनके आवासीय परिसर में एक भावपूर्ण समारोह में अंगवस्त्र और शांति आश्रम की ओर से आयुर्वेदिक सामग्री भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह, गुरुकुल शांतिआश्रम के आचार्य शरतचंद्र आर्य, वरिष्ठ पत्रकार दीपक मुखर्जी, सेवा भारती के जिलाध्यक्ष दीपक सर्राफ, सामाजिक कार्यकर्ता अजय कुमार पंकज, वरिष्ठ अधिवक्ता देवाशीष कार और हर्षित सोनी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

सम्मान समारोह में वक्ताओं ने डॉ वाघमारे के कार्यकाल को लोहरदगा जिले के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और उपलब्धिपूर्ण बताया। उनके नेतृत्व में जिले में शिक्षा, खेलकूद तथा युवाओं के शारीरिक विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए। उनके प्रयासों से लोहरदगा में विकास की नई दिशा और गति प्राप्त हुई। भाजपा नेता ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि जब डॉ बाघमारे ने उपायुक्त के रूप में कार्यभार संभाला, उस समय जिले की स्थिति तनावपूर्ण थी। उन्होंने तत्परता और धैर्य के साथ न केवल शांति व्यवस्था बहाल की, बल्कि प्रशासन में पारदर्शिता लाकर जनता के बीच विश्वास भी कायम किया। सम्मान ग्रहण करते हुए डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने कहा कि लोहरदगा में कार्य करते हुए मैंने न केवल प्रशासनिक अनुभव प्राप्त किया, बल्कि यहां के लोगों की भद्रता और शालीनता ने मेरे दिल को छुआ है। लोहरदगा हमेशा मेरे हृदय में बसा रहेगा।

## नौडीहा में युवक ने लगायी फांसी

**भंडरा (आजाद सिपाही)।** भंडरा थाना क्षेत्र के नौडीहा निवासी दिलेश्वर महतो के 24 वर्षीय पुत्र सुरेंद्र महतो उर्फ ललकू अपने घर में साड़ी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। सुरेंद्र के शव को पुलिस कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दी है। परिजनों ने बताया कि सुरेन्द्र दिन भर नशा में रहता था। मंगलवार को वह अत्यधिक नशा पान किया था। रात में वह अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब वह अपना कमरा से बाहर नहीं आया तो आवाज लगायी गयी, कोई जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजनों ने खिड़की से देखा की सुरेंद्र फांसी लगाकर झूला हुआ है। तद्पश्चात पुलिस को घटना की जानकारी दिया गया। पुलिस पहुंचकर दरवाजा तोड़कर शव को फंदे से उतारा और शव को पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## धीरज साहू ने छत्तीसगढ़ में छात्रावास का किया उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**लोहरदगा।** रायपुर छत्तीसगढ़ में साहु और वैश्य महा सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू शामिल हुए। जहां गाजे बाजे के साथ जोरदार तरीके से पूर्व राज्यसभा सांसद का स्वागत किया गया। श्री साहू ने विद्यार्थियों के लिए बने छात्रावास का उदघाटन किया। मौके पर धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि आज रायपुर, छत्तीसगढ़ में साहू एवं वैश्य महा सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना मेरे लिए एक अत्यंत गर्व और सौभाग्य की बात रही। मौके पर साहू और वैश्य समाज के गणमान्यों ने जो स्नेह, मान-सम्मान और आदर प्रदान किया, उसके लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। साहू और वैश्य समाज न केवल सामाजिक और आर्थिक रूप से देश की रीढ़ हैं, बल्कि संस्कार, सेवा और संगठन की मिसाल भी हैं। इनकी एकता, अनुशासन और समाज के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। मुझे गर्व है कि मुझे ऐसे प्रतिष्ठित सम्मेलन में मुख्य अतिथि बनने का अवसर मिला। यह न केवल मेरा सौभाग्य है, बल्कि एक बड़ी जिम्मेदारी भी है कि हम सभी मिलकर समाज और राष्ट्र के उत्थान में अपना योगदान दें। श्री साहू ने समाज के युवाओं को संगठन हेतु आगे आने एवं देश के विकास में अपना बहुमूल्य योगदान देने हेतु आग्रह किया।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग झारखंड व जिला स्वास्थ्य विभाग के निदेर्शानुसार, तथा सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से लोहरदगा जिले में माहवारी स्वच्छता दिवस पर विभिन्न जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस अवसर पर उप स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) में काउंसलिंग सत्र, क्विज प्रतियोगिता और जागरूकता वाताएं आयोजित की गयी। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों को माहवारी से जुड़ी भ्रांतियों से मुक्त कराना और स्वच्छता व स्वास्थ्य संबंधी सही जानकारी देना था। एएनएम, सहिया, सेविका और सी3 टीम के सदस्यों ने किशोरियों को सेनेटरी नैपकिन या साफ सूती कपड़े के उपयोग, स्वच्छता बनाए रखने और सुरक्षित निपटान के उपायों की जानकारी दी। राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत संचालित युवा मैत्री केंद्रों के बारे में भी जानकारी दी गयी, जहां किशोरियां स्वास्थ्य सेवाएं ले सकती हैं। कार्यक्रम में किशोरों की भागीदारी भी सराहनीय रही। उन्होंने माहवारी पर खुलकर बात की और समाज में फैली चुप्पी तोड़ने का संदेश दिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग, क्षेत्रीय स्वास्थ्यकर्मी और सी3 टीम की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## कुपोषण और गंभीर बीमारियों से मुक्त जिला बनेगा लोहरदगा : डीडीसी



आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला स्वास्थ्य समिति, लोहरदगा की ओर से जिला स्तरीय सहिया एवं सीएचओ सम्मेलन-सह-आदर्श दंपत्ति सम्मान समारोह का आयोजन नया नगर भवन, लोहरदगा में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत ने किया। मौके पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि गर्भवती माताओं का सीधा असर होने वाले बच्चे पर पड़ता है। परिवार नियोजन की विधियों को नहीं अपनाने से प्रसूता को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। पहले स्वास्थ्य सुविधाएं कम थीं इसलिए कई दंपत्ति को ज्यादा बच्चे पैदा करते थे। जिनमें मृत्यु दर अधिक होती थी। आज हम जनप्रतिनिधियों के माध्यम से पंचायतों में ग्रामीणों के बीच जाकर लोगों को जागरूक कर सकते हैं, समस्याओं को दूर कर सकते हैं। उप विकास आयुक्त ने कहा कि लोहरदगा जिला काफी छोटा जिला है। यहां जो उपलब्धियां जिला की स्वास्थ्य टीम हासिल करेगी। वह राष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आयेगी। आप सभी दूसरों के लिए प्रेरणा बनेंगे।

## सड़क दुर्घटना में युवक घायल

**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अज्ञात ट्रक चालक ने बाइक को धक्का मार घटना स्थल से गाड़ी ले कर फरार हुआ जिसे बाइक चालक गिर कर घायल हो गया। वही स्थानीय ग्रामीणों की सहयोग से बाइक चालक घायल युवक को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना सेन्हा थाना क्षेत्र के सेन्हा में मुर्की मोड़ के समीप देर शाम में होने का बताया जाता है। जिसमें मोटरसाइकिल पर सवार हो एक युवक लोहरदगा से अपना घर जा रहा था। उसी दौरान सेन्हा में मुर्की मोड़ के समीप घाघरा के तरफ से लोहरदगा की ओर जा रही अज्ञात बॉक्साइड ट्रक के चालक ने बाइक को अपने चपेट में लेते हुए दुर्घटना को अंजाम दे कर ट्रक ड्राइवर घटना स्थल से गाड़ी लेकर फरार हो गया। वही घायल युवक की पहचान गुमला जिला अंतर्गत सिसई थाना क्षेत्र के शिवनाथपुर डहु टोली निवासी बुदा उरांव का 23 वर्षीय पुत्र पतरस उरांव के रूप में किया गया।

### लोहरदगा के 33 वें एसपी सादिक अनवर रिजवी ने पदभार ग्रहण किया

## जिले को भयमुक्त बनाकर विकास को गति देने में भागीदारी निभायेगी पुलिस : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता




**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के 33 वें पुलिस अधीक्षक के रूप में आईपीएस अधिकारी 2014 बैच के सादिक अनवर रिजवी ने बुधवार की दोपहर पदभार ग्रहण कर लिया। वे इससे पूर्व भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो रांची के एसपी के पद पर थे। मौके पर निवर्तमान एसपी हारिश बीन जमां से उन्होंने जिले के भौगोलिक, आपराधिक और नक्सली गतिविधियो की जानकारी लिया। जिले की अपराधिक व उग्रवादी गतिविधियों को नियंत्रित करने के कार्यो की जानकारी लिया। लोहरदगा पुलिस द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी कार्यो की भी जानकारी लिया। इस दौरान पत्रकारो से औपचारिक बात करते हुए पुलिस अधीक्षक सादिक अनवर रिजवी ने कहा कि यह जिला मेरे लिए नया नही है। मैं पूर्व में भी लोहरदगा में एसडीपीओ के पद पर था जब नक्सलवाद चरम सीमा पर था। अब तो नक्सल बहुत कम हो गया है। जल्द ही नक्सलवाद का पूर्ण सफाया हो जाएगा। यहाँ की भौगोलिक स्थिति को मैं अच्छे से जानता और समझता हूं। कहा कि अपराध और उग्रवाद के कारकों को चिह्नित कर उसे समाप्त किया जायेगा। बतौर एसपी लोहरदगा जिले से शुरूआत कर रहा हूं। वरीय अधिकारियों के दिशा निर्देश के अनुसार जिले की बेहतरी के लिए कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि उग्रवाद-अपराध की चुनौतियां हमें काम करने के लिए हौसला बढ़ायेगी। उग्रवाद-अपराध लोहरदगा जिले की ही नहीं बल्कि सभी जगहों की समस्या है, जिसे दूर करने के लिए जनता का सहयोग जरूरी है। कहा कि उग्रवाद प्रभावित जिले में मुख्य धारा से भटके युवाओ को आत्मसमर्पण नीति के तहत समाज में वापस लौटाने का काम प्राथमिकता पर की जायेगी। पुलिस के खुफिया तंत्र को सक्रिय रखा जायेगा। लोहरदगा में लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेंन रखा जायेगा।

## हम हिंदुस्तानी विषय पर कार्यशाला का आयोजन




**सेन्हा/ लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संसाधन केंद्र में सिनी और जिला शिक्षा विभाग के संयुक्त पहल पर हम हिंदुस्तानी विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। आयोजित कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य है। बच्चों को हिंदुस्तानी होने की पहचान, जिम्मेदारियों और गौरव का बोध कराना था। वही कार्यशाला का संचालन सुप्रसिद्ध फिल्ममेकर, लेखिका और शिक्षिका समीना मिश्रा द्वारा किया गया। जिस पर समीना मिश्रा द्वारा बनाये गये प्रेरणादायक पॉडकास्ट और बाल-केंद्रित गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारतीयता के विभिन्न आयामों से परिचित कराया गया। उन्होंने बच्चे-बच्चियों को बताया कि हम हिंदुस्तानी हैं, हमारी पहचान क्या है और हमारी आजादी के मायने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद और गतिविधियां आयोजित की गयी। वहीं कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने समूह चर्चा, चित्र, पोस्टर निर्माण, आजादी का रूपक बनाना और आत्म-अभिव्यक्ति जैसी रचनात्मक गतिविधियों में भाग लिया। हम हिंदुस्तानी कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न सरकारी विद्यालयों से लगभग 30 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मौके पर प्रखंड शिक्षा कार्यक्रम पदाधिकारी प्रकाश रंजन ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन न केवल बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। मौके पर कार्यशाला में प्रखंड साधनसेवी अंबिका शरण पांडेय सिनी से मामूरा खान, सामुंदर सिंह सेंगर, तरुण कुमार, उदित कुमार, सबन टोपनो, राहुल कुमार समेत अन्य छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## कामता-सेरक पथ निर्माण को लेकर संवेदक पर मामला दर्ज

**चंदवा (आजाद सिपाही)।** चंदवा कामता-सेरक निर्माण कार्य चल रहा है। जिसको लेकर वन विभाग ने वन क्षेत्र में एनओसी नहीं लेने पर प्रवेश अग्रवाल ने संवेदक पर मामला दर्ज कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार लातेहार डीएफओ प्रवेश अग्रवाल क्षेत्र भ्रमण में निकले थे। इस दौरान उन्होंने देखा कि कामता सेरक पथ निर्माण में जो वन भूमि पड़ती है। उसमें संवेदक द्वारा एनओसी नहीं लिया गया था। जिसको देखते हुए डीएफओ लातेहार ने संवेदक पर मामला दर्ज कर दिया है। वही अपने दो वनरक्षी को भी निलंबित कर दिया है। निलंबित होने वाले वनरक्षी सुनील कच्छप और कैलाश साहू है।





## शिविर में 329 लोगों ने करायी नेत्र जांच

आजाद सिपाही संवाददाता



**लातेहार।** लातेहार प्रखंड के पाण्डेयपुरा पंचायत में दिल्ली के लेंस कार्ट फाउंडेशन की ओर से निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता एवं उपस्थित पदाधिकारियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। उपायुक्त ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि लातेहार प्रखंड के चिन्हित पंचायतों में लेंस कार्ट फाउंडेशन द्वारा जिला प्रशासन के साथ मिलकर चरणबद्ध तरीके से नेत्र जांच शिविर लगाए जा रहे हैं। शिविर में न केवल आवश्यक नेत्र जांच सेवाएं प्रदान की गयी, बल्कि विशेषज्ञ के जांच के आधार पर जिन व्यक्तियों को चश्मा की आवश्यकता पायी जा रही है उन्हे शीघ्र ही चश्मा उपलब्ध कराया जायेगा। हमारा प्रयास है कि लोग अपने नेत्रों का ठीक प्रकार से रख-रखाव करें और यदि उन्हें आंखों या दृष्टि से संबंधित कोई समस्या है तो वे समय रहते इनकी जांच करवायें। नेत्र हमारे शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए हमें इनकी देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। इन कैंप को लगाने का उद्देश्य है कि जिला में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचते हुए उन्हें आंखो की देखभाल के लिए प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि आंखों के साथ-साथ हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति भी सचेत रहना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि वे इन शिविरों में आकर इनका लाभ जरूर उठाएं। शिविर में उपायुक्त ने प्रत्येक टेबल पर जाकर वहां लोगों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का अवलोकन किया। शिविर में लगभग 329 मरीजों के आंखों की जांच की गयी।

## उमा कुमारी सलगी और पुष्पा कुमारी कुडू प्रखंड टॉपर बनी

**कुडू / लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** जैक मैट्रिक बोर्ड परीक्षा परिणाम में कुडू प्रखंड में बालिकाओं का ही दबदबा रहा इस बार के रिजल्ट में अधिकतर स्कूलों में टॉप में सर्वाधिक बालिकाओं ने जगह बना बाजी मारी। प्रखण्ड के सुदूरवर्ती पंचायत सलगी की दो दो बेटियों ने एक साथ प्रखंड टॉपर बनने का गौरव हासिल किया है। सरस्वती शिशु विद्या मंदिर सलगी कि उमा कुमारी और अपग्रेड हाई स्कूल सलगी कि उसका पुष्पा कुमारी 93.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रखंड टॉपर बनी। वहीं दूसरे स्थान पर संत चार्ल्स जांगी की नौशीन आरा 92.4 प्रतिशत अंक लाकर रही। तीसरे स्थान पर जीएम प्लस टू हाई स्कूल माराडीह की समीक्षा कुमारी 92.2 प्रतिशत अंक के साथ रही। वहीं संत चार्ल्स जागी की अरसी प्रवीण, आस्था प्रिया लकड़ा, पलक परवीन और शिशु विद्या मंदिर सलगी के रोशन महतो क्रमश: 92 प्रतिशत अंक के साथ चौथे स्थान पर रहे। इसके अलावा पांचवें स्थान पर संत चार्ल्स की खुशबू तिर्की 91.2, संत चार्ल्स की ही शिफा नाज 91 प्रतिशत, सातवें स्थान पर भी संत चार्ल्स की अनुप्रिया लकड़ा और साक्षी कुमारी ने 90.8, आठवें स्थान पर इसी स्कूल हिना प्रवीण और राज प्रसाद दोनों 90.6 परसेंट और स्मार्ट स्मिथ कुजुर और अनामिका लकड़ा दोनों 90.2 प्रतिशत अंक लाकर टॉप टेन में अपनी जगह बनायी।

## पंचायत भवनों में पहली बार प्रज्ञा केंद्र संचालक कर रहे योजनाओं की एंट्री

**महुआडांड़/ लातेहार (आजाद सिपाही)।** महुआडांड़ प्रखंड के 14, पंचायत भवनों में पहली बार 15 वें वित योजना को कार्यान्वित करने के लिए पंचायत के प्रज्ञा केंद्र संचालकों के द्वारा योजना की एंट्री की जा रही। सभी पंचायत भवन में योजना एंट्री का कार्य काफी तेजी से किया जा रहा है। अभी तक 70 प्रतिशत योजना एंट्री हो चुकी है। इस 15 वें वित योजना में मनरेगा अंतर्गत योजना को छोड़कर 25 लाख के अंदर नाली सफाई, पीसीसी पथ,सहित कई अन्य योजनाएं शामिल है। इस संबंध में प्रज्ञा केंद्र संचालक बताते हैं की पहली बार सरकार द्वारा दिये गये इस कार्य के बाद लगातार मिल रहे ट्रेनिंग से हम लोगों को काफी कुछ सीखने को मिल रहा है। हम लोग पिछले 10 से 15 वर्षो से पंचायत में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाने में अपनी सेवा देते आ रहे हैं। सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि मंईयां सम्मान योजना में भी हम लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इस वर्ष से हम सभी पंचायत भी एल ई को एक मानदेय निर्धारित करते हुए कार्य दिया गया है। जिससे सभी पंचायत वीएलइ में नये कार्य को लेकर उत्साह भी बढ़ा है।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 29 मई, 2025
www.azadsipahi.in


# अपराधियों का तांडव, दो हाइवा में लगायी आग



- हथियारबंद 9 अपराधियों ने चालकों को पीटा, माइंस से पत्थर ले जा रहे थे वाहन

आजाद सिपाही संवाददाता

**छतरपुर/पलामू।** जिले के छतरपुर थाना क्षेत्र के जौरा-करमाचराई मुख्य मार्ग के कुटिया मोड़ पर मंगलवार की रात करीब 10 बजे हथियारबंद बदमाशों ने धावा बोला और दो हाइवा वाहनों को आग के हवाले कर दिया। दोनों हाइवा जौरा माइंस से पत्थर लेकर करमाचराई क्रशर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान माइंस से 3-4 किलोमीटर की दूरी पर अलग-अलग बाइक पर सवार 20-25 वर्ष के करीब 9 हथियारबंद बदमाश वहां आ धमके। उन्होंने वाहनों को रोका और चालकों को नीचे उतारने के बाद जमकर पिटाई की। इसके बाद पेट्रोल डालकर दोनों हाइवा में आग लगा दी। घटना को अंजाम देने के बाद सभी बदमाश खपरडाबीह की ओर फरार हो गए। दोनों हाइवा छतरपुर के उमाकांत जायसवाल उर्फ मुन्ना के बताये जा रहे हैं। उधर, बुधवार को चालकों के बयान पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अवध यादव ने घटना की पुष्टि की है। बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताते चलें कि कुछ दिन पहले भी नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र में कई वाहनों में आग लगा दी गई थी। पुलिस को आशंका है कि रंगदारी और लेवी वसूली के लिए इस तरह की घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। गौरतलब हो कि इलाके में नक्सलियों का प्रभाव कम है, लेकिन अपराधियों की गतिविधियां बढ़ी हुई हैं।

### माहवारी को लेकर 'चुप्पी तोड़ो, स्वस्थ रहो' अभियान का शुभारंभ

# माहवारी बेहद महत्वपूर्ण विषय है जागरूकता पर करें फोकस: डीसी

- 29 मई से 11 जून तक विभिन्न प्रखंडों में आयोजित होंगे कई कार्यक्रम

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** माहवारी स्वच्छता प्रबंधन अंतर्गत 'चुप्पी तोड़ो,स्वस्थ रहो' अभियान के छठे चरण का बुधवार को जिले में शुभारंभ हुआ। समाहरणालय सभागार से डीसी समीरा एस, डीडीसी शब्बीर अहमद, सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ अनिल, पेयजल, स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता जेसन होरो एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर इस अभियान का शुभारंभ किया। सर्वप्रथम पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के आईईसी कोऑर्डिनेटर धर्मेंद्र दुबे ने पीपीटी के माध्यम से सभागार में मौजूद सभी लोगों को अभियान का इतिहास, उद्देश्य एवं रूप रेखा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। वहीं, बैठक में डीसी समीरा इस ने कहा कि माहवारी बेहद महत्वपूर्ण विषय है। इस पर सिर्फ बात नहीं, बल्कि कार्य करने की आवश्यकता है। इस अभियान का सकारात्मक परिणाम आये, यह सुनिश्चित होना चाहिये। ग्रामीण क्षेत्रों में व्यापक रूप से अभियान चलायें। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के किशोरियों और महिलाओं में माहवारी संबंधी जागरूकता और स्वच्छता के स्तर में काफी सुधार लाने की आवश्यकता है। इस विषय में वे खुलकर बात नहीं करती हैं। ऐसे में सोशल मीडिया के सभी प्लेटफॉर्म्स का भी भरपूर उपयोग करने की बात कही। डीसी ने कहा कि इस अभियान के तहत आगामी 11 जून तक प्रत्येक दिन कुछ न कुछ गतिविधियों का संचालन किया जाना है। इस दौरान ग्राम स्तर से अनुमंडल स्तर तक कार्यक्रम किये जाने हैं। ऐसे में इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य, शिक्षा, जेएसएलपीएस और स्थानीय स्तर पर बीडीओ की भूमिका अहम हो जाती है। उन्होंने संबंधित सभी पदाधिकारियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित कर महिलाओं-युवतियों के बीच स्वास्थ्य और हाईजीन के प्रति जागरूक करने की बात कही। ग्रामीण क्षेत्रों के लिये उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका, सहिया, पंचायती राज संस्थाओं के सदस्यों के माध्यम से अभियान चलाकर उन्हें जागरूक करने को कहा। इस दौरान सभी लोगों को माहवारी का शपथ भी दिलाया गया। इस अवसर पर डीडीसी शब्बीर अहमद ने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को भी इस अभियान में योगदान देने की बात कही। इस मौके पर बीडीओ, जेएसएलपीएस, पंचायती राज के डीपीएम, विभिन्न सहायक एवं कनीय अभियंता आदि मौजूद थे।



कार्यक्रम का शुभारंभ करती डीसी समीरा एस एवं अन्य गणमान्य लोग।

# जनता शिवरात्रि कॉलेज के जनक थे स्व. ज्योति प्रकाश : राणा सिंह



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नगर के सुप्रसिद्ध साहित्यकार एवं व्यवसायी स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी का नाम शास्त्रीय संगीत एवं साहित्य जगत के उत्थान के लिए आज भी याद किया जाता है। वहीं, शिक्षा के क्षेत्र में जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना कर आज वह अमर हैं। 29 मई (गुरुवार) को उनकी पुण्यतिथि है। जिसे याद करते हुए जनता शिवरात्रि कॉलेज के पूर्व प्राचार्य राणा सिंह ने बताया कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के सहयोग के बिना जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना नहीं की जा सकती थी। जिस वक्त पूरे प्रमंडल में वाणिज्य की पढ़ाई नहीं हुआ करती थी। छात्र-छात्राएं पढ़ने के लिए पटना जाया करते थे। उस कमी को देखते हुए स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने कॉलेज खोलकर कॉमर्स की पढ़ाई प्रमंडल में शुरू कराई। पूर्व प्राचार्य ने बताया कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी जनता शिवरात्रि कॉलेज के प्रथम सचिव भी थे जिन्होंने कई वर्षों तक अपने दो नंबर टाउन आवास में निःशुल्क शिवरात्रि कॉलेज के नाम से अपने निजी खर्चे से कॉलेज का परिचालन करते रहे। बाद में शहर में चलने वाली जनता कॉलेज को उन्होंने मर्ज करा कर जनता शिवरात्रि कॉलेज की स्थापना की। आगे चलकर स्थानीय भू-दाता एवं समाजसेवी परमेश्वरी दत्त झा द्वारा महाविद्यालय को साढ़े छह एकड़ भूमि दान स्वरूप प्राप्त हुई। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी ने कॉलेज की स्थापना के समय कॉलेज सिक्योरिटी के रूप में 40 हजार रुपया 1968 में रांची यूनिवर्सिटी में जमा कराया था। तभी कॉलेज की मान्यता प्राप्त हुई थी। कॉलेज की स्थापना में स्वर्गीय ज्योति प्रकाश जी के छोटे भाई स्वर्गीय शिव प्रसाद साहू जी का भी काफी योगदान रहा। साल 2009 में पलामू प्रमंडल मुख्यालय मेदिनीनगर में नीलाम्बर-पीताम्बर विवि की स्थापना हुई और तब से यह महाविद्यालय, एनपीयू की एक अंगीभूत ईकाई के रूप में निरंतर विकास की ओर अग्रसर होता चला गया। राणा सिंह ने बताया कि स्वर्गीय ज्योति प्रकाश के दोनों पुत्र आनंद शंकर एवं ज्ञान शंकर जो उनके शिष्य भी रहे ने उनके द्वारा शुरू की गई शिक्षा की यात्रा को बढ़ाते हुए शहर का बेहतरीन स्कूल हेरिटेज इंटरनेशनल के नाम से एवं उच्च शिक्षा के लिए ज्योति प्रकाश महिला बीएड कॉलेज के नाम से स्थापना की जो आज उनकी यादों की ज्योति को जलाए रखा है। स्वर्गीय ज्योति प्रकाश द्वारा अपने बड़े पुत्र के नाम पर आनंद शंकर बाल विद्या मंदिर की स्थापना की गई थी जिसे वर्तमान में रोटरी स्कूल आनंद शंकर के नाम से जाना जाता है। उन्होंने बताया कि उनके दोनों पुत्र व्यवसाय एवं शिक्षा के क्षेत्र में जिले में अपनी पहचान स्थापित कर चुके हैं, वहीं उनकी पुत्रवधू अरुणा शंकर नगर की प्रथम महापौर बनकर शहर को सजाने का कार्य किया जिसकी हर जगह भूरी भूरी प्रशंसा होती है। मैं उनकी पुण्यतिथि पर शत-शत नमन करता हूं।

# कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के विद्यार्थियों का नेपाल में शानदार प्रदर्शन

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** नेपाल की राजधानी काठमांडू में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप में संत मरियम विद्यालय के तीन प्रतिभाशाली बाल खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतकर क्षेत्र और देश का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में ओम प्रकाश और शुभम कुमार सिंह ने अपने-अपने भार वर्ग में शानदार फाइट करते हुए स्वर्ण पदक जीते, जबकि आकांक्षा कुमारी ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता नेपाल शोतो-कान कराटे डू एसोसिएशन के तत्वावधान में 25-26 मई को गोरखनेश्वर इंडोर स्टेडियम, काठमांडू में आयोजित की गई थी।




इसमें 15 देशों के कराटे खिलाड़ी भाग लेने नेपाल पहुंचे थे, जिनमें नेपाल, थाईलैंड, भूटान सहित कई देशों के कराटेकार शामिल थे। प्रतियोगिता में संत मरियम विद्यालय की टीम का नेतृत्व मुख्य कराटे प्रशिक्षक शिहान संतोष कुमार ने किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने प्रशिक्षक और प्रतिभागियों को बधाई दी और कहा कि विद्यालय प्रबंधन जल्द ही सभी विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करेगा। इस उपलब्धि से संत मरियम विद्यालय ने एक बार फिर सिद्ध किया है कि वह न केवल शैक्षणिक क्षेत्र में, बल्कि खेलों में भी उत्कृष्टता की ओर अग्रसर है।

# जनता दरबार लगाकर डीसी ने सुनी आमजनों की समस्याएं

- विभिन्न कार्यालयों का किया अवलोकन, दिया जरूरी निर्देश

**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** पलामू डीसी समीरा एस ने अपने कार्यालय कक्ष में बुधवार को जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनी। इस दौरान फरियादियों ने व्यक्तिगत एवं सामाजिक मुद्दों को डीसी के समक्ष रखा, जिसपर उन्होंने यथोचित कार्रवाई को लेकर आश्वस्त किया। फरियादियों ने जमीन पर अवैध घेराबंदी करने, आंगनबाड़ी में गलत सेविका का चयन हो जाने, नौकरी में पुनःबहाल करने, सरकारी चापाकल को निजीकरण से मुक्त करने, बिजली बिल में लगाये गये जुर्माने में रियायत बरतने, घर से निकालने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं-समस्याओं को लेकर डीसी का ध्यान आकृष्ट कराया। सभी प्राप्त आवेदनों को डीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को अग्रसारित करते हुए सभी आवेदनों को ससमय निष्पादन करने का निर्देश दिया।





## समाहरणालय परिसर में संचालित होने वाले कार्यालयों का किया अवलोकन

डीसी समीरा एस ने बुधवार को समाहरणालय परिसर अवस्थित विभिन्न कार्यालय का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने जिला आपूर्ति, भूअर्जन, सामाजिक सुरक्षा, सामान्य शाखा सहित विभिन्न कार्यालय का निरीक्षण करते हुए पदाधिकारी और कर्मियों की बैठने की व्यवस्था, विभिन्न पंजी का संधारण, कार्यालय का रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं का जायजा लिया। उन्होंने कार्यालय कर्मियों को समय पर कार्यालय में उपस्थित होने से लेकर कार्यालय परिसर में साफ सफाई बनाए रखने में अपना सहयोग स्थापित करने का निर्देश दिया।

# फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर रात्रि रक्त संग्रह पट कार्यक्रम का आयोजन



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के बनियाडीह बराही पंचायत में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए रात्रि रक्त संग्रह पट (एनबीएस) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान नाइट ब्लड सर्वे कार्यक्रम के अंतर्गत 20 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का रक्त नमूना संग्रह किया गया। जिसके जांच से पता लगेगा कि माइक्रो फाइलेरिया उनके शरीर में है या नहीं। यदि जांच के बाद किसी भी व्यक्ति के शरीर में माइक्रो फाइलेरिया के कीटाणु पाए जाते हैं तो उनको प्रिकॉशन डोज उपलब्ध कराया जाता है, ताकि ग्रामीणों के बीच बीमारी के प्रसार को रोका जा सके। इसी के आधार पर अगस्त महीने में आयोजित होने वाले एमडीए/आईडीए कार्यक्रम के तहत दो वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों को दवा खिलायी जाएगी। स्वास्थ्य कर्मियों ने बताया कि 105 लोगों के रक्त का नमूना संग्रह किया जा चुका है। यह कार्यक्रम पुनः 30 मई से 5 जून तक मोहम्मदगंज प्रखंड अंतर्गत किशुनदीह ग्राम में आयोजित होगा। इस मौके पर एलटी विनय कुमार सिंह, बिमलेश कुमार सिन्हा, दिलीप उरांव, जय प्रकाश नारायण, प्रखंड लेखा प्रबंधक प्रेम मणि सुधांशु, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक विभूति कुमार गुप्ता और पीरामल फाउंडेशन से अनिल कुमार मौजूद रहें।

# मामूली विवाद में बदमाशों ने युवक को मारी गोली, गंभीर

**देवघर (आजाद सिपाही)।** देवघर में कानूनी-व्यवस्था बिगड़ गई है। बुधवार की दोपहर रिखिया थाना क्षेत्र के पुनसिया में मामूली विवाद को लेकर बदमाशों ने एक युवक को गोली मार दिया। उसकी पहचान मनू राउत के रूप में हुई है। वह पुनसिया मोहल्लेका रहने वाले है। उसे गंभीर हालत में इलाज के लिए परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया है। गोली उसके बायें बांह में लगी है। हालांकि डॉक्टरों ने उसे खतरे से बाहर बताया है। मनू ने बताया कि दोपहर में वह स्कूटी लेकर रास्ते में किनारे खड़ा था। इसी दौरान कुछ युवक आए और रास्ते से स्कूटी हटाने को कहा। स्कूटी हटाने में थोड़ा विलंब होते ही बदमाशों ने तमंचा निकाल कर गोली मार दी और फरार हो गए। मनु के



मुताबिक, सारे बदमाश स्थानीय है। वह किसी को पहचानता नहीं है। लेकिन मोहल्ले में अक्सर सभी को देखता है। उधर, दिन-दहाड़े गोली चलने से इलाके में दहशत फैल गयी। कई लोग इस वारदात को चश्मदीद है, लेकिन किसी ने मनु की मदद नहीं की। उधर, घटना की जानकारी पाकर रिखिया पुलिस मौके पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गई है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाल रही है, ताकि बदमाशों की पहचान हो सके।

## देवघर पहुंचे संत कैलाशानंद गिरि

**देवघर (आजाद सिपाही)।** देश के जाने-माने संत और निरंजन पीठाधीश्वर, आचार्य महामंडलेश्वर, परमपूज्यपाद स्वामी कैलाशानंद गिरि बुधवार की शाम को चार्टर प्लेन से देवघर पहुंचे। एयरपोर्ट पर अखिल भारतीय मध्यदेशीय वैश्य सभा के राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष ध्रुव प्रसाद साह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया।

## रेहला में चर्चा का विषय बना कोयला लदे छह ट्रक को जब्त कर छोड़ने का मामला

आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** एनएच 39 पर कोयला लदे छह ट्रक को जब्त कर रेहला थाने में पार्क करने के कुछ ही घंटों बाद उसे मुक्त कर देने का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। कोयला ग्रासिम इंडस्ट्री के पॉवर प्लांट के लिए जा रहा था। रेहला थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि डीएसपी साहब ने सभी गाड़ियों को जांच के लिए पकड़ा था। बाद में कागजात सही पाये जाने पर उन्हें मुक्त कर दिया गया। हालांकि सूत्रों की मानें तो उन सभी गाड़ियों के डीओ की अवधि एक्सपायर (समाप्त) हो गयी थी। जिसकी भनक पुलिस को लगी और उन्हें जब्त कर लिया गया। बाद में उन्हें यह कहकर मुक्त किया गया कि उनका सभी कागजात वैध है। एसडीपीओ आलोक टूटी ने सभी गाड़ियों को जब्त कर रेहला थाने को सौंप दिया था। रेहला पुलिस कोयला लदी जब्त गाड़ियों को थाना लाकर पार्क किया था। हालांकि इस संबंध में एसडीपीओ से फोन पर संपर्क करने की कोशिश की गई, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।



# रेहला में अवैध बालू लदा ट्रैक्टर जब्त

**विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** रेहला थाना क्षेत्र में बालू का अवैध कारोबार बदस्तूर जारी है। पुलिस ने बुधवार तड़के 4.45 पांच बजे थाना क्षेत्र के घघुआ गांव के निकट अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया है। उक्त ट्रैक्टर घघुआ के छोटू चौधरी का बताया जा रहा है। थाना प्रभारी गुलशन बिरुआ ने बताया कि अग्रेतर कार्रवाई के लिए जब्त ट्रैक्टर के संबंध में खनन विभाग को लिखित सूचना दे दी गयी है। बताते चलें कि विश्रामपुर पुलिस अनुमंडल के सभी थाना क्षेत्रों में बालू का अवैध उत्खनन एवं परिवहन जोरों पर है। बरसात नजदीक देखकर बालू के अवैध कारोबार से जुड़े लोग बेखौफ होकर शाम से सुबह तक बालू का अवैध उत्खनन कर उच्चे दामों पर बेचकर मालामाल हो रहे है। बालू घाट के रास्ते में आने वाले गांव के लोगों की मानें तो उनका रातभर सोना दुश्वार हो गया है। पुलिस या अंचल के अधिकारी उन्हीं गाड़ियों को पकड़ते हैं जो लोग थाने या अंचल अधिकारियों के संपर्क में नहीं हैं। ऊपर से जब कभी दबाव होता है तब गाड़ियों को दौड़ा कर पकड़ लिया जाता है। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं होती है। इस लिए अब तो अधिकारियों से शिकायत करना भी बंद कर दिये हैं।

## दो ठेका एजेंसी के खिलाफ मजदूरों का धरना-प्रदर्शन

**देवघर (आजाद सिपाही)।** निर्माण से जुड़े दो ठेका एजेंसी के खिलाफ मजदूर और सब-कॉन्टैक्टर एम्स गेट पर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। दोनों ठेका एजेंसी एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर और एनबीसीसी एम्स के निर्माण कार्य से जुड़े हैं। मजदूरों का आरोप है कि दोनों एजेंसी ने काम कर आठ महीने से मजदूरी नहीं दी है। इससे जीवन-यापन में काफी परेशानी हो रही है। कई मजदूर तो कर्ज लेकर जीवन-यापन कर रहे हैं। मजदूरों ने बताया कि एम्स निर्माण में एनकेजी इंफ्रास्ट्रक्चर और एनबीसीसी द्वारा सब कॉन्टैक्टर से पिछले पांच साल से काम कराया जा रहा था। इसके बाद पिछले आठ महीना से सब कॉन्टैक्टर को पेमेंट नहीं किए जाने पर मजदूरों को मजदूरी समय पर नहीं दी जा रही है। अब दूसरे सब- कॉन्टैक्टर से काम कराया जा रहा है। इसे लेकर सब-कॉन्टैक्टर ने इस मामले की जानकारी एम्स डायरेक्टर को भी दी और ठेका एजेंसी एनकेजी और एनबीसीसी की ओर से भुगतान कराने की मांग की जा रही है। लेकिन विगत आठ महीने से भुगतान नहीं मिलने के कारण सब कॉन्टैक्टर और मजदूरों ने सब्र का बांध टूट गया और उन लोगों ने प्रदर्शन का रास्ता अपनाया। मजदूरों का कहना है कि जब तक बकाया मजदूरी नहीं मिल जाती है, तब तक धरना जारी रहेगा।

### वित्त आयोग की बैठक आज, तैयारियों को लेकर डीसी ने अधिकारियों को दिये निर्देश

# सभी अधिकारी अपने दायित्वों-जिम्मेदारी का सही से अनुपालन करेंगे : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**देवघर।** समाहरणालय सभागार में बुधवार को 16वें वित्त आयोग की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने की। इस दौरान गुरुवार को आयोजित होने वाली वित्त आयोग की बैठक की तैयारियों को लेकर चर्चा की गयी। डीसी ने बताया कि 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष डॉ अरविंद पनगढ़िया के नेतृत्व में एक टीम गुरुवार को देवघर आ रही हैं। ऐसे में बैठक को लेकर की जाने वाली विभिन्न तैयारियों की बिंदुवार समीक्षा करने के अलावा विधि व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के अलावा वित्त आयोग के 14 सदस्यीय टीम के प्रस्तावित बैठक को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके अलावा डीसी नमन प्रियेश लकड़ा ने केंद्रीय वित्त आयोग की बैठक में 16वें वित्त आयोग के एजेंडा से सभी को अवगत कराया। बताया कि वित्त आयोग की केंद्रीय टीम प्रमंडल स्तर पर बैठक करेगी और सहायता अनुदान पर पंचायतों एवं निकायों से राय लेगी। वित्त प्रबंधन की समीक्षा करने के अलावा देखेगी कि सामाजिक और आर्थिक परिदृश्य में क्या काम हुआ है। साथ ही वित्त आयोग की टीम देवघर, दुमका, जामताड़ा, साहिबगंज, गोड्डा और पाकुड़ जिले के जिला परिषद अध्यक्ष, एक मुखिया एवं एक प्रमुख के साथ बैठक को लेकर की जाने वाली तैयारियों को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया। बैठक की सभी व्यवस्था करने के अलावा मेमोरेंडम, पीपीटी एवं प्रोग्राम, फूड एरेंजमेंट और मीडिया ब्रिफिंग आदि व्यवस्था को लेकर भी जरूरी निर्देश दिया। डीसी ने 16वें वित्त आयोग की टीम को लेकर प्रतिनियुक्त सभी एलओ (लाईजनिंग ऑफिसर) को ब्रिफ करते हुए कहा कि अपने दायित्वों के साथ किये जाने वाले कार्यों का सही से निर्वाहन करेंगे। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुग, अपर समाहर्ता हीरा कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी देवघर रवि कुमार, जिला नजारत उपसमाहर्ता शैलेष कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी राहुल कुमार भारती, जिला पंचायती राज पदाधिकारी रणवीर सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनोद कुमार, जिला शिक्षा अधीक्षक मधुकर कुमार, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कुमारी रंजना, निदेशक सामाजिक सुरक्षा कोषांग सरिता भारती, खेल पदाधिकारी संतोष कुमार, एमभीआई, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी रोहित कुमार विद्यार्थी के अलावा डीएमएफटी व एबीएफ की टीम आदि उपस्थित रहे।



# बिजली चोरी के आरोप में 10 पर प्राथमिकी, 62 हजार जुर्माना

**चैनपुर/पलामू (आजाद सिपाही)।** चैनपुर बिजली विभाग के सहायक विद्युत अभियंता मेदिनीनगर प्रमंडल ग्रामीण के दामोदर कुमार रंजन ने बिजली चोरी करने वालों के खिलाफ चैनपुर प्रखंड के पतरिया खुर्द पंचायतों में कार्रवाई की। इसमें पतरिया खुर्द निवासी आशा देवी, कुलवंती देवी, संतोष विश्वकर्मा, रोशन सिंह, उज्ज्वल पांडे, रामानंद पांडे, सपन सिंह, बबलू सिंह, नवलकिशोर राम एवं सुनील चौधरी का नाम शामिल है। इन लोगों को घर में लगे मीटर से बाईपास बिजली चोरी करते पकड़ा गया है। उक्त स्थल से बिजली के तार भी बरामद हुए हैं। उनके खिलाफ चैनपुर थाना में प्राथमिक दर्ज कराई गई है। साथ ही उनपर अधिकतम 62 हजार रुपए तक जुर्माना लगाया गया है। वहीं, छापामारी अभियान में सत्यनारायण प्रसाद, कृष्णा पासवान, मंजूर खां, फिरदौश अलीफ और फुल्मोहम्मद अंसारी शामिल थे।

## चैनपुर-दानपुर सड़क बरसात में कीचड़ में तब्दील



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर मुख्यालय के चर्च रोड से दानपुर तक लगभग 1 किलोमीटर सड़क बरसात के कारण कीचड़ में तब्दील हो गयी है जिससे लोगों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। इस सड़क से सैकड़ों बच्चे प्रत्येक दिन पारीस स्कूल और संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल जाते हैं। स्कूल के शिक्षकों ने कहा कि एक सप्ताह के बाद बच्चों का स्कूल भी खुल जायेगा इन दिनों लगातार बारिश हो रही है अगर सड़क को ठीक नहीं किया गया तो बच्चों को भी स्कूल आने में परेशानी होगी। बरसात के कारण कीचड़ भरी सड़क पर मोटरसाइकिल और साइकिल चलाना जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस सड़क का निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए। जीप सदस्य मेरी लकड़ा ने बताया कि सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। उन्होंने विभागीय इंजीनियर को फोन कर लोगों को हो रही परेशानी अवगत कराते हुए कहा कि सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाकर चर्च रोड से स्कूल तक जो कीचड़ हो रहा है उसे जल्द ठीक-ठाक करें। इसी सड़क से सैकड़ो लोगों का प्रत्येक दिन आवागमन होता है इन दिनों लगातार बारिश हो रही है बारिश के कारण सड़क पूरी तरह कीचड़ में तब्दील हो जा रहा है।

## माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम



**गुमला (आजाद सिपाही)।** स्वास्थ्य विभाग झारखंड तथा जिला स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) के तकनीकी सहयोग से गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में माहवारी स्वच्छता दिवस पर जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों और युवाओं के बीच माहवारी के प्रति व्याप्त भ्रांतियों को दूर कर, स्वच्छता और स्वास्थ्य से संबंधित सही जानकारी प्रदान करना था। उप स्वास्थ्य केंद्रों और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हैल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स) में पर काउंसलिंग सत्र, क्विज एवं जागरूकता सत्र आयोजित किये गये। स्वास्थ्य विभाग ने इस पर जागरूकता सामग्रियों जैसे पोस्टर, बैनर आदि का भी उपयोग किया। इस अवसर पर एएनएम, सहिया, सेविका एवं सेंटर फॉर केटालाइजिंग चेंज (सी3) टीम के सदस्यों ने किशोरियों को माहवारी के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता बनाये रखने, साफ सूती कपड़े या सेनेटरी नैपकिन के उपयोग और उनके सुरक्षित निपटान के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बताया गया कि इन उपायों से संक्रमण के खतरे को रोका जा सकता है। कार्यक्रम में किशोरों और नवयुवकों की भागीदारी भी सराहनीय रही।

## कांसीर में मासूम आंख के कैंसर से पीड़ित, परिजनों ने प्रशासन और स्थानीय लोगों से मदद की लगायी गुहार

**गुमला (आजाद सिपाही)।** रायडीह प्रखंड के कांसीर गांव निवासी बसंत सिंह की 4 वर्षीय पुत्री राधिका कुमारी आंख के कैंसर से जिंदगी मौत के बीच लड़ रही है। विगत 2 सालों से उसका इलाज चल रहा है। रांची के रिम्स में इलाज के बाद डॉक्टर ने अपने हाथ खड़े कर लिए बोले इसका इलाज यहां संभव नहीं है। इसे जमशेदपुर या मुंबई ले जाकर इलाज कराना होगा। परिवार की स्थिति उतनी अच्छी नहीं है कि वे लोग बड़े शहरों के प्राइवेट हॉस्पिटल में बच्ची का इलाज कर सके। पिता बसंत ने बताया मुंबई के डीएमसी कैंसर अस्पताल में बच्ची का इलाज कराना होगा तभी उसकी जान बच सकती है। 2 वर्षों तक पिता घर के मवेशियों को बेचकर और महिला मंडल से ऋण लेकर बच्ची का इलाज कराया। लेकिन अब वह आगे की इलाज कराने में असमर्थ है। मामले की जानकारी के बाद गुमला के समाजसेवी अमित कुमार, मुख्तार आलम रायडीह के समाजसेवी अरुण कुमार पांडा उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी से मिले थे। उपायुक्त ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत 25 हजार के लिए अनुशंसा की। लेकिन मुंबई आने जाने के लिए और अन्य खर्च हेतु समाजसेवियों ने जिले के कई पदाधिकारी से संपर्क किया। सभी ने सहयोग का आश्वासन दिया है।

# मवेशी लदे ट्रक और कार को पुलिस ने पकड़ा, तस्कर धराया

आजाद सिपाही संवाददाता

**रायडीह।** सुरसांग थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती कोंडरा गांव में तस्करी के लिए ले जा रहे पैंतालीस मवेशी लदे एक ट्रक और मारुति सुजुकी को पुलिस के द्वारा मंगलवार की रात्रि जब्त कर सुरसांग थाना में रखा गया है। साथ ही एक तस्कर विरेन्द्र सुमन गांव मटासी थाना नारायणपुर जिला जशपुर छत्तीसगढ़ को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि मवेशी तस्कर छत्तीसगढ़ से



कोंडरा होते हुए मवेशी लोहरदगा ले जा रहे हैं। इसके बाद एसडीपीओ चैनपुर ललित मीणा के निर्देशानुसार सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश कुमार टुडू और रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह के द्वारा कोंडरा के पास नाकाबंदी किया गया। रात्रि में मवेशी गाड़ी की रेकी कर चल रहे कार ने पुलिस को देखते ही तेज रफ्तार से गाड़ी भगाने लगा। जिससे पुलिस बल के सहयोग से दौड़ाकर एक तस्कर को पकड़ा गया। कुछ समय बाद पीछे से ट्रक आता दिखा जिससे रूकने का इशारा किया गया लेकिन चालक तेज गति से गाड़ी को भगाने लगा और जंगल में गाड़ी छोड़कर अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। जिससे जप्त कर तलाशी लिया गया तो वहां मवेशी था। जिसे जब्त करते हुए सुरसांग थाना लाया गया। जब्त ट्रक से कुल पैंतालीस मवेशी बरामद हुआ जिसमें पांच मृत थे। सभी पशुओं का पशु चिकित्सक द्वारा जांच किया गया। बुधवार को गिरफ्तार तस्कर को न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। मवेशी बंटने की सूचना पर सुबह से ही ग्रामीणों की भीड़ लगी थी। टीम में सुरसांग थाना प्रभारी मुकेश प्रसाद टुडू, रायडीह थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह, एएसआई सुरेश कुमार, सुनील हेंब्रम और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# नशीली दवा के कारोबार के आरोप में पुलिस ने युवक को पकड़ा, परिजनों ने लगाया फंसाने का आरोप



आजाद सिपाही संवाददाता


**गुमला।** टोटो थाना की पुलिस में नशीली दवाओं के खरीद बिक्री के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। जिसके बाद ग्राम अटरिया की रहने वाली शबाना बीबी ने टोटो थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। शबाना का कहना है कि उसके पति मोबारक खान को पुलिस ने झूठे केस में फंसाया है। घटना 27 मई 2025 की है। मंगलवार की दोपहर करीब 3 बजे मोबारक खान बांस कटवाने बगल के गांव फोरी गया था। वहीं सादे लिबास में पहुंचे टोटो थाना के पुलिसकर्मियों ने उन्हें पकड़ लिया। फिर घर लाकर तलाशी ली गयी। जांच में कोई आपत्तिजनक सामान नहीं मिला। शबाना के अनुसार घर के पीछे करीब 50 मीटर दूर झाड़ी के पास 15 पीस ऑनकोरेक्स नशीली दवा मिली। वह किसकी थी यह किसी को नहीं पता। इसके बावजूद पुलिस ने दावा किया कि वह दवा मोबारक की है। इसके आधार पर उन्हें थाने में बंद कर दिया गया। परिजनों को मिलने भी नहीं दिया गया। शबाना ने बताया कि अगले दिन 28 मई को पुलिस दो बोरा नशीली दवा लेकर फिर घर आयी। बोरे को घर में रखकर फोटो खींची गयी। इससे ऐसा दिखाने की कोशिश की गयी कि दवा घर में मिली है। शबाना का आरोप है कि यह सब एक साजिश के तहत किया गया ताकि उसके निर्दोष पति को फंसाया जा सके। शबाना ने इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। उसने गांव के अन्य ग्रामीणों के साथ मिलकर पुलिस अधीक्षक को आवेदन सौंपा है। आवेदन देने वालों में रजिया बीबी, मोजमा सादिया, रसीदा बीबी, तारा खान, नेसारन बाबी, रोशनी बीबी, तमंना बीबी और कशिदा बीबी शामिल हैं। ग्रामीणों ने मोबारक खान को न्याय दिलाने की मांग की है। इधर पुलिस का कहना है कि आरोपी पूर्व में भी नशीली दवा का कारोबार में सम्मिलित रहा है सिसई थाना क्षेत्र में भी उसका नशा का कारोबार चलता है। पुलिस गुप्त सूचना का आधार पर उसके ठिकाने से नशीली दवाओं को जप्त किया है। इसका एक साथी इम्तियाज भागने में सफल रहा पुलिस उसकी गिरफ्तारी को लेकर छापामारी कर रही है। पुलिस ने आरोपी के परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपी को गलत बताया है।

## चर्च में 214 बच्चों का दृढ़ीकरण संस्कार हुआ



**जारी (आजाद सिपाही)।** जारी प्रखंड के संत थॉमस कैथोलिक चर्च जरमाना में बुधवार को 214 बच्चे बच्चियों का दृढ़ीकरण संस्कार बिशप लिनुश पिंगल एक्का के मौजूदगी मे संपन्न हुआ। वही मौके पर बिशप लिनुश पींगल एक्का ने खीस्त विश्वासी को प्रेरित करते हुए कहा कि हम ईश्वर को साक्षी माने और अपने धार्मिक आचरण को मजबूत बनाएं रखें। धर्म हमें सही रास्ते में आह्वाहन करता है। दृढ़ीकरण संस्कार खीस्त विश्वास को मजबूत बनाता है और यह संस्कार प्रत्येक खीस्त विश्वासी को पवित्र आत्मा के सातों वरदानों से विभूषित कर देता हैं। उन्होंने कहा कि आज से आप लोग प्रभु यीशु मसीह के सच्चे अनुयायी बन गये हैं। यह दृढ़ीकरण संस्कार केवल एक परंपरा नहीं। बल्कि एक आध्यात्मिक जिम्मेदारी है। आप सभी को प्रभु के बताये मार्ग पर चलना है। साथ ही अपने जीवन में संयम, सेवा और सत्य को अपनाना है। अपने माता-पिता की सेवा करना, बुजुर्गों का सम्मान करना और समाज में एक आदर्श बन कर रहना आपकी सबसे बड़ी साधना होगी। वही मौके पर पल्ली पुरोहित फा लोरेंस टोप्पो, फा निरंजन एक्का, फा कुलदीप खलखो, फा मोनसन बिलूंग समेत हजारों की संख्या मे खीस्त विश्वासी मौजूद थे।

## 92 प्रतिशत लाकर समीक्षा बनी रायडीह प्रखंड टॉपर



**रायडीह (आजाद सिपाही)।** समीक्षा कुमारी मैट्रिक बॉर्ड परिक्षा मे 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर रायडीह प्रखण्ड टॉपर बनी है। समीक्षा कुमारी पीएम श्री एस एस +2 हाई स्कूल रायडीह की छात्रा है। समीक्षा कुमारी ने कहा कि स्कूल के एचएम डॉक्टर कृष्ण कुमार और शिक्षक शिक्षिका हमे बहुत ही अच्छे से पढ़ाया और मोटिवेट किया और मेरे पिता संजय कुमार गुप्ता घर मे मुझे हमेशा पढ़ाई लिखाई के प्रति गाईड कर रहे थे। कठिन मेहनत और लगन के साथ परिक्षा की तैयारी की थी जिसका परिक्षा फल संतोष जनक रहा। आगे समीक्षा सिविल सर्विस सेवा मे जाने का लक्ष्य लेकर पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने सिविल सेवा मे जाकर देश और समाज की सेवा करने का लक्ष्य रखी है। मैट्रिक बोर्ड परिक्षा मे प्रखण्ड टॉपर बनने पर समीक्षा को स्कूल और गांव के सभी लोग बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामना दे रहे है।










































# 5000 रुपये घूस लेते रोजगार सेवक को धनबाद एसीबी ने रंगे हाथ दबोचा

## मनरेगा, अबुआ आवास में मजदुरी भुगतान के बदले घूस मांगने पर हुई कार्रवाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**जमुआ/गिरिडीह।** धनबाद एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने गिरिडीह जिले के जमुआ प्रखंड अंतर्गत टीकामगहा पंचायत में पदस्थापित एक रोजगार सेवक को 5000 रुपये घूस लेते रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। उसकी पहचान राजेश कुमार साहू के के रूप में हुई है। वह सकरडीहा गांव का रहने वाला है। एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर किया। पता चला है कि राजकुमार नामक व्यक्ति ने एसीबी में शिकायत की थी कि रोजगार सेवक अबुआ एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की मजदूरी भुगतान के नाम पर ग्रामीणों से बार-बार पैसे की मांग कर रहा है। इससे परेशान होकर ग्रामीणों ने धनबाद एसीबी को गुप्त सूचना दी थी। शिकायत की गंभीरता को देखते हुए एसीबी ने पहले मामले का सत्यापन किया और आरोपों की पुष्टि होने पर जाल बिछाकर आरोपी को रंगेहाथ पकड़ लिया। गिरफ्तारी के बाद राजेश साहू को एसीबी अधिकारियों ने जमुआ थाना लाया। वहां से धनबाद ले गए, जहां आगे की कार्रवाई की जा रही है।



आरोपित रोजगार सेवर को गिरफ्तार कर ले जाती धनबाद एसीबी की टीम।

## 'सिंगल यूज प्लास्टिक' का उपयोग नहीं करने की अपील

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** विश्व पर्यावरण दिवस अभियान के सातवें दिन बुधवार को धनबाद मंडल के गोमो, पारसनाथ, डाल्टनगंज एवं गढ़वा रोड स्टेशनों पर स्थित फूड स्टॉल वेंडर का निरीक्षण किया गया। इस दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने को लेकर जागरूक किया गया। साथ ही धनबाद, गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज और सिंगरौली स्टेशनों पर स्थापित बोतल क्रशिंग मशीनों का निरीक्षण कर लोगों को उसका उपयोग करने को लेकर जागरूक किया गया।




**अभिहित अधिकारी–सह–अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी खाद्य सुरक्षा से संबंधित**

**–: आम सूचना :–**

एतद् द्वारा सभी खाद्य कारोबारीयों को सूचित किया जाता है कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत प्रावधान के अनुसार सभी खाद्य कारोबारकर्त्ता निम्न निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करेंगे :–

- खूदरा एवं थोक दुकानदार द्वारा कोई भी बिक्री किया जाने वाला खाद्य पदार्थ खास कर लोकल पैकेज जैसे लेज, कुरकुरे एवं चिप्स, चॉकोलेट, नमकीन, ब्रेड, मिक्चर, कुकिज, काला जामून एवं सोनपापडी, पानी, जूस आदि में यदि मैनूफेक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट, मैनूफेक्चरर का पूरा पता, FSSAI License No. Ingrient list आदि पैकेट में लिखा हुआ अवश्य होना चाहिए यदि पैकेट में उपरोक्त बाते लिखी हुई नही पाई जाती है, तो निरिक्षण के दौराण में यदि उनके बिक्री काउण्टर में पाया जाता है तो उस खाद्य पदार्थ को जब्त कर नष्ट कर दिया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही दुकानदार की स्वयं होगी। साथ ही साथ खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के सुसंगत धारा के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी जिसमें जूर्माना एवं सजा की प्रावधान है।
- त्यौहारों में ब्रेड, केक, पेस्टी आदि की मांग बढ़ जाने के कारण मिलावटी/खराब क्वालिटि का बिक्री खाद्य कारोबारकर्ता द्वारा किया जाता है। अतः ब्रेड, केक, पेस्टी आदि के बिक्रेताओं को निदेश दिया जाता है कि खाद्य सामग्री की बिक्री करते समय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2006 का पालन करते हुए करेंगे। ग्राहकों से भी अनुरोध है कि ब्रेड, केक, पेस्टी आदि खरीदतें समय फुड लाईसेंस नम्बर एवं मैनुफेक्चरींग डेट और एक्सपायरी डेट आदि का ध्यान रखकर ही खाद्य सामग्री की खरीद करें।
- हार्ट बाजारों में खूले में तेल की बिक्री की जाती है, जो की गैर कानूनी है, यदि बिक्री करते हुए पाये जाते हैं तो उनका तेल जब्त कर नष्ट कर दिया जाएगा, जिसकी सारी जवाबदेही दुकानदार की स्वयं होगी।
- दुकानदार द्वारा टिना में बिक्री किया जाने वाला राईसब्रान ऑयल/भेजीटेबल ऑयल आदि का भी नमूना लिया जाएगा यदि नमूना अवमानक पाया जाता है, तो दुकानदार के खिलाफ FSS Act-2006 के अन्तर्गत कार्रवाई की जाएगी।
- दुकानदार द्वारा बिक्री किया जाने वाला लोकल ब्राण्ड सोस में भी गुणवत्ता का ध्यान नही रखा जाता है। जांच में यदि नमूना फेल पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई किया जाएगा।
- लेज, कुरकुरे एवं चिप्स, चॉकोलेट, नमकीन, ब्रेड, मिक्चर, कुकिज, काला जामून, सोनपापडी, सोस, पानी, जूस, तेल, आटा, चाउमिन आदि के मैनुफेक्चरर को निर्देश दिया जाता है कि खाद्य पदार्थों के निर्माण में साफ–सफाई एवं गुणवत्ता एवं उपरोक्त बताये गए FSS Act-2006 के नियमों का पालन करते हुए खाद्य पदार्थों का निर्माण कर बिक्री करना सुनिश्चित करेंगे। जिससे की उपभोक्त के स्वास्थ्य में हानिकारक प्रभाव न पड़े।
- खूदरा एवं थोक बिक्रेता भी खाद्य सामग्रियों की खरीद बिक्री में FSS Act-2006 के नियमों का पालन करते हुए करेंगे।
- दुकान परिसर में साफ–सफाई एवं रख–रखाव का उचित ध्यान रखेंगे।
- सभी आवासीय विद्यालयों जैसे–कस्तुरबा विद्यालय, अनुसूचित जनजाति विद्यालय, आवासीय क्रिडा प्रशिक्षण केन्द्र एवं अन्य सरकारी और प्राईवेट संस्थान (हॉस्पीटल कैन्टीन, मुख्यमंत्री दाल भात केन्द्र, उपकारा एवं परिसदन भवन आदि) जहां मेस/कैन्टीन की सुविधा उपलब्ध है एवं सरकारी स्कुलों में बच्चों को परोसा जाने वाला MDM एवं आंगनबाड़ी में छोटे बच्चों को परोसा जाने वाला भोजन स्वच्छ पोष्टिक एवं शुद्ध होना चाहिए। प्रतिष्ठान/संस्थान में किचन परिसर की साफ–सफाई के साथ–साथ कच्चा खाद्य सामग्री भी ताजा होना चाहिए। पैकेट सामग्री जैसे–मसाला, तेल, बिस्कीट, बेसन, नमक, ब्रेड, दुध आदि में FSS Act-2006 के नियमों के अनुसार मैनुफेक्चरिंग डेट, एक्सपायरी डेट एवं FSSAI License No, Ingridient list अंकित होना आवश्यक है।
- उक्त सरकारी एवं प्राईवेट संस्थान/प्रतिष्ठानों का (स्कुल किचन, होटल, किराना दुकान, खाद्य ट्रांसपोर्टर, दुध एवं पनीर बिक्रेता, मिठाई दुकान, लोकल बाजार हाट, हॉस्पीटल कैन्टीन, मुख्य मंत्री दाल भात केन्द्र आदि) का नियमित अंतराल में औचक निरीक्षण खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, खूँटी के द्वारा करते हुए जांच हेतु नमूना लिया जाएगा। यदि जांच रिपोर्ट नियमानुसार नही पाया जाता है, तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिसमें सजा एवं जूर्माना की प्रावधान है, जिसकी सारी जवाबदेही प्रतिष्ठान संचालनकर्त्ता की होगी।

अभिहित अधिकारी–सह–
अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
खूँटी

PR 353704 (District)25-26*D


## नीलम को झामुमो का पुनः केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट सदस्य बनने पर दी बधाई



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** झामुमो धनबाद जिला समिति की ओर से बुधवार को बधाई संदेश जारी कर संगठन की कर्मठ, जुझारू एवं समर्पित नेत्री डॉ नीलम मिश्रा को झामुमो में केंद्रीय मीडिया पैनलिस्ट सदस्य के रूप में पुनः मनोनीत किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। जिला समिति की ओर से कहा गया कि यह नियुक्ति पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों एवं संगठनात्मक मजबूती को जन-जन तक पहुंचाने में आपकी प्रभावशाली भूमिका को दर्शाता है। हमें पूरा विश्वास है कि डॉ नीलम पुनः अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठापूर्वक, पारदर्शिता और उत्कृष्टता के साथ करेंगी एवं पार्टी के विचारों को राज्य से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक मजबूती से पहुंचाएंगी। वहीं, झामुमो के केंद्रीय सदस्य सह मीडिया पेनेलिस्ट सदस्य डॉ निलम मिश्रा ने कहा कि मैं झामुमो के संरक्षक दिशोम गुरु शिबू सोरेन, केंद्रीय अध्यक्ष हेमंत सोरेन , केंद्रीय महासचिव विनोद पाण्डे और कल्पना मुर्मू सोरेन सहित सभी केंद्रीय नेताओं का आभार प्रकट करती हूं जिन्होंने मुझ पर विश्वास जताते हुए यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी पुनः सौंपी है। मैं अपने कार्य के माध्यम से पार्टी की विचारधारा, जनहितकारी नीतियों एवं झारखंड की अस्मिता की आवाज को मीडिया के माध्यम से सशक्त रूप से सामने लाने का कार्य करती रहूंगी। वहीं, बधाई देने वालों में जिला अध्यक्ष लक्खी सोरेन, जिला सचिव मन्नू आलम, जिला उपाध्यक्ष मुकेश सिंह, अजय रवानी, कालीचरण महतो,सह सचिव मनोज महतो, तपन तिवारी आदि शामिल थे।

# रानी अहिल्याबाई होलकर न्याय, सेवा और लोक कल्याण की अद्भुत मिसाल थीं: बिरंची नारायण

### रानी अहिल्याबाई ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया: राज सिन्हा

### रानी अहिल्याबाई के शासनकाल में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरि थी : रागिनी सिंह

- रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर भाजपा धनबाद महानगर की ओर से संगोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर बुधवार को भाजपा की ओर से बेकारबांध में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता महानगर अध्यक्ष श्रवण राय, संचालन जिला उपाध्यक्ष विष्णु त्रिपाठी और धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री नरेंद्र त्रिवेदी ने किया। उक्त कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोकारो के पूर्व विधायक बिरंची नारायण शामिल हुए। उन्होंने रानी अहिल्याबाई होलकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। कहा कि वह न्याय, सेवा और लोक कल्याण की अद्भुत मिशाल थी। उन्होंने अपने प्रशासनिक कार्यों और समाज सेवा से यह सिद्ध कर दिया कि नारी शक्ति कभी कमजोर नहीं होती। उनके जीवन से हम सभी को एक कर्तव्यनिष्ठा परोपकार और नेतृत्व क्षमता की सीख मिलती है। उनके जीवन के अलग-अलग आयाम थे, जो प्रेरणादायक एवं अनुकरणीय थे। कहा कि भारत की आजादी की लड़ाई में महिलाओं का भी अमूल्य योगदान रहा है। मालवा की सत्ता की बागडोर संभालने के बाद रानी अहिल्या बाई होल्कर ने मातृभूमि की रक्षा की। अपने 28 वर्षों के शासनकाल में रानी अहिल्या बाई ने मालवा को सुरक्षित एवं सुदृढ़ किया। बिरंची नारायण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनकी विरासत को आगे बढ़ाते हुए अयोध्या में श्री राम मंदिर, काशी में कॉरिडोर, ओडिशा में जगन्नाथ महाप्रभु कॉरिडोर और गुवाहाटी में माता कामाख्या मंदिर कॉरिडोर का निर्माण कराया। वहीं, धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने कहा कि समाज सेवा और परोपकार ही सच्चा धर्म है। रानी अहिल्याबाई ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए काम किया। समाज को नई दिशा दी। भाजपा कार्यकर्ताओं को उनके पदचिन्हों पर चलकर जन कल्याण की भावना को और मजबूत करना चाहिए। रानी अहिल्याबाई ने धर्मशालाओं और मंदिरों का निर्माण कर समाज को सशक्त बनाया। विधायक ने कहा कि रानी अहिल्याबाई का त्याग और समर्पण आज के समाज के लिए भी अनुकरणीय है। रानी अहिल्याबाई की विरासत का ही परिणाम है कि आज भारत की महिलाएं घर परिवार को संभालते हुए कार्पोरेट, शासन एवं युद्ध के मैदान तक का नेतृत्व कर रही हैं। जबकि झरिया विधायक रागिनी सिंह ने कहा कि रानी अहिल्याबाई होलकर ने समाज में व्याप्त कुरीतियों एवं रूढ़िवादिता के खिलाफ आवाज बुलंद की। उनके शासनकाल में महिलाओं की सुरक्षा सर्वोपरी थी। उन्हें स्कूल जाने का भी अवसर नहीं मिला, लेकिन उनके माता-पिता ने घर पर ही उन्हें नैतिक मूल्यों का पाठ पढ़ाया। उनके साहस, विनम्रता एवं शालीनता से प्रभावित होकर मालवा के शासक ने अपने पुत्र से उनका विवाह कराया। वहीं, धनबाद जिला महानगर अध्यक्ष श्रवण राय ने रानी अहिल्याबाई के संघर्ष पूर्ण जीवन गाथा के बारे में विस्तार से बताया। संगोष्ठी में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजकुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री धनेश्वर महतो, जिला उपाध्यक्ष महेश पासवान,जिला मंत्री पंकज सिन्हा, वीरेंद्र हांसदा, अजय निषाद, ध्रूव हरि, प्रियंका देवी, रीता यादव, कंचन चौरसिया, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री रमा सिन्हा, भाजपा महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष विभा रानी सिंह, भाजयुमो जिला अध्यक्ष नित्यानंद मंडल, जिला मीडिया सह प्रभारी पंकज सिन्हा और योगेंद्र यादव आदि उपस्थित थे।



## निर्गत किया गया विवाह प्रमाण पत्र

**फुसरो/बेरमो (आजाद सिपाही)।** नगर परिषद के प्रशासक सह कार्यपालक पदाधिकारी राजीव रंजन की ओर से बुधवार को प्रथम विवाह निबंधन करते हुए विवाह प्रमाण पत्र निर्गत किया गया। जिसमें वैवाहिक दंपत्ति वर विनीत कुमार चौरसिया संग पत्नी रीम्मी चोरसिया को विवाह निबंधन करते हुए विवाह प्रमाण पत्र सौंपा। ईओ ने कहा कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत संपन्न विवाह का निबंधन एवं विवाह प्रमाण पत्र निर्गत किया जा रहा है। नगर क्षेत्र में संपन्न विवाह के इच्छुक दंपत्ति अपने विवाह का आवेदन प्रज्ञा केंद्र (सीएससी), जन सुविधा केंद्र, सेल्फ रजिस्टर्ड सिटिजन (झारसेवा.झारखंड.जीओवी.इन) में ऑनलाइन आवेदन करते हुए फुसलो नगर परिषद कार्यालय में आवश्यक विवाह प्रमाण पत्र प्राप्त कर सकते हैं।

## बिजली की लचर व्यवस्था से परेशान होकर चैंबर के सदस्यों ने सौंपा ज्ञापन

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के प्रवक्ता विजय सैनी ने शहर की लचर बिजली व्यवस्था में सुधार एवं अन्य मांगों को लेकर बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। चेंबर ऑफ कॉमर्स पुराना बाजार के अध्यक्ष सोहराब खान ने कहा कि पुराना बाजार बिजली विभाग को सबसे ज्यादा राजस्व देता है। बावजूद इसके सही ढंग से बिजली नहीं मिलती है। बिजली की लचर व्यवस्था से व्यापार प्रभावित हो रहा है। डीवीसी ट्रांसफार्मर में खराबी के कारण रोटेशन पर बिजली मिल रही है। कांड्रा से यथाशीघ्र पुराना बाजार एवं बैंक मोड को बिजली आपूर्ति चालू की जाए। वहीं महासचिव पवन सोनी ने बताया कि पुराना बाजार में अतिरिक्त ट्रांसफार्मर की मांग बिजली विभाग के जीएम से की है। साथ ही बिजली बिल में त्रुटि में सुधार, बिजली बिल समय पर उपलब्ध कराने को लेकर सकारात्मक बात हुई है। वहीं, बिजली जीएम अशोक कुमार सिन्हा से जीटा महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि व्यवसायियों की समस्या का जल्द निदान, निर्बाध बिजली आपूर्ति के साथ ही सिंदरी, झरिया, बरवाअड्डा, करकेन्द और हीरापुर चेंबर क्षेत्र की बिजली समस्याओं को लेकर भी वार्ता हुई। राजीव शर्मा और राजेश गुप्ता ने जीएम से सभी चेंबर क्षेत्र में शिविर लगाने की भी बात कही गयी। इस पर बिजली विभाग के जीएम अशोक कुमार सिन्हा से आश्वाशन दिया कि समस्याओं का जल्द समाधान किया जाएगा। इस दौरान बिजली जीएम के साथ वार्ता में जीटा महासचिव राजीव शर्मा, जिला चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजेश गुप्ता, महासचिव पवन सोनी, प्रवक्ता विजय सैनी, नवनीत रिटोलिया, अमरजीत सिंह, इमरान अली, दीपक सिंह, सलाउद्दीन महाजन,सिंदरी चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष दीपक कुमार दीपू, वशिष्ठ नारायण सिंह, करकेंद थोक वस्त्र व्यावसायिक संघ के अध्यक्ष उमेश हेलीवाल, रितेश नारनोली, हीरापुर चेंबर के अध्यक्ष संजीव चौरसिया, बरवाअड्डा अध्यक्ष पप्पू सिंह, झरिया से श्रीकांत अंबष्ट, शिव चरण शर्मा और देवेश बोले आदि मौजूद थे।



### अबुआ आवास की किस्त नहीं मिलने पर डीडीसी से मिलीं सुनीता

# डुमरी के 1900 लाभुकों को अबुआ आवास की पहली किस्त का इंतजार

आजाद सिपाही संवाददाता

**डुमरी/बेरमो।** अबुआ आवास योजना की स्वीकृति के बाद भी पहली किस्त के इंतजार में प्रखंड से लेकर जिला तक चक्कर लगा रहे लाभुकों की शिकायत लेकर जिप सदस्या सुनीता कुमारी बुधवार को डीडीसी से मिलीं। उन्हें बताया कि डुमरी प्रखंड को 4000 अबुआ आवास का लक्ष्य मिला था। जिसमें 3800 आवास की स्वीकृति हुई है। जिसकी पहली एवं दूसरी किस्त 1900 लाभुकों तक पहुंच चुकी है। वहीं, 1900 लाभुक आज भी पहली किस्त के इंतजार में प्रखंड एवं जिला कार्यालय के चक्कर लगाकर परेशान है। उन लाभुकों में से अधिकतर लोगों का प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची में नाम था। पर अबुआ आवास योजना की स्वीकृती होने के कारण उनका प्रधानमंत्री आवास की सूची से नाम हटा दिया गया है। अब ऐसी स्थिति उत्पन्न हो गई है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से भी उन्हें वंचित रहना पड़ रहा और अबुआ आवास योजना की पहली किस्त भी नहीं मिल पा रही है। जिप सदस्या ने बताया कि पूरा वाकया सुनने के बाद डीडीसी ने कहा कि सरकार की गाइडलाइन का इंतजार है। जैसे ही गाइडलाइन आएगा उस पर काम किया जाएगा।





**Department of Rural Development**
**Government of Jharkhand**
**Jharkhand State Livelihood Promotion Society**
**RECRUITMENT DRIVE FOR CONSULTANT POSITIONS UNDER FINANCIAL INCLUSION DOMAIN OF JSLPS**

The Rural Development Department, Government of Jharkhand implements several programmes that aim at alleviating rural poverty through creating sustainable employment opportunities for the rural poor. Jharkhand State Livelihood Promotion Society (JSLPS) is implementing many of important poverty alleviation programmes of RDD. JSLPS is a registered Society created by the Rural Development Department of GoJ. JSLPS is mandated to fight against poverty, by enabling and empowering the poor. JSLPS while implementing programmes aims to improve rural livelihood options and work with Community Institutions towards social and economic empowerment. Currently, on behalf of RDD, GoJ, JSLPS is implementing programmes/projects like DAY – NRLM and DDU – GKY. Besides this, other state and central sponsored special projects are also being implemented by JSLPS. For further details, please visit www.jslps.in.

To successfully implement these programmes/projects, JSLPS requires eligible and competent professionals to work on **consultant basis** with JSLPS. Applications are invited from suitable candidates for the following positions:

| Sl. No. | Program/ Project (Domain) | Position | Category | Place of Posting | Proposed No. of Position | Date of Walk-In Selection Process |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | DAY - NRLM (Financial Inclusion) | Consultant - Retired/Voluntarily Retired Banker (Financial Inclusion) | B | SMMU | 2 (UR- 1, ST-1) | 5th June, 2025 |
| 2 | | Consultant - Assistant (Financial Inclusion) | C | SMMU | 1 (UR- 1) | 6th June, 2025 |

The selection will be conducted as per the below mentioned schedule:

- **Registration Time** :**10.00 AM to 12.00 PM** (No application shall be accepted after registration time.)
- **Venue** : **Kejriwal Institute of Management and Development Studies, Namkum, Ranchi**

***This may extend to next or other day depending upon number of candidates appearing for Registration in the selection process.*** All interested candidates appearing in selection process must be ready for this.

**Important Instructions:**

1. All above Consultant positions are purely on contractual basis till March'26, as per the Consultant Policy (extension of consultancy contract will be based on requirement of the project and/or performance of the candidate). Numbers of position may increase or decrease based on requirement of the project. Services of Consultants hired through this advertisement may be taken for the implementation of special projects and any related assignment of JSLPS. The employment of consultants will be governed by the approved consultancy policy of JSLPS.
2. Further details regarding eligibility criteria (Education as well as Experience), selection process & reservation cut off for each level of selection is also uploaded on http://www.jslps.in/Careers.aspx Candidates appearing for the above position/s must read it carefully. Only bona fide candidates meeting the eligibility criteria shall be entertained for this Walk-In selection process. The candidates who do not possess relevant educational qualification and experience will not be shortlisted to appear in the selection process.
3. The selection process will comprise of Written Test, Group Discussion/Presentation and Personal Interview. Written test for all advertised positions will be the base for shortlisting for next stages of hiring process. The overall score acquired in all the three stages will decide the selection or rejection of a candidate. The final merit list of candidates will be announced after applying approved cut off for each stages/level of selection process.
4. All reserved positions of this advertisement will take reference to state level ideal reservation norms followed by Government of Jharkhand. Reservation benefits will only be available to the residents of Jharkhand Only, having valid credentials, issued from competent authority. The reservation for Women, PWD, EWS, PVTG and Women will also be applicable with reference to the norms as followed by Government of Jharkhand.
5. The Candidate has to carry following documents (original as well as self-attested photocopy) at the time of Walk-In Selection Process:
   a. All Educational / Academic Certificates.
   b. All Experience Certificates (Relieving and Experience Letter from all previous employers. Appointment letter of current employer).
   c. Valid domicile and caste certificates for availing reservation benefits.
   d. Aadhar card/Driving Licence/Voter ID or other relevant photo Identity Proof.
   e. 2 passport size recent coloured photograph of self.
6. No TA/DA/lodging facility will be given to candidates for attending the Walk-In selection process.
7. All applicants must take this into consideration that vacancy announced herewith will co-terminus with the completion of the projects/programmes or availability of fund or any decision taken by JSLPS, RDD, Government of Jharkhand. Therefore, the contract may be of shorter period. Those applying must agree to this condition.

PR 353702 Jharkhand State Livelihood Promotion Society(25-26)D **(COO – JSLPS)**

## गाजा में खाने के लिए भगदड़, 3 की मौत, 46 घायल



राफा (आजाद सिपाही)। गाजा के दक्षिणी शहर राफा में खाना लेने पहुंचे लोगों में भगदड़ मच गयी। इससे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गयी, वहीं 46 घायल हो गये। इसके अलावा 7 लोग लापता भी हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक यह भगदड़ इजराइली सैनिकों के हवा में फायर करने के बाद बची। वहीं इजराइल सेना ने कहा कि उसके सैनिकों ने भीड़ को नियंत्रण में रखने के लिए चेतावनी के तौर पर गोलियां चलायी थीं। गाजा में लोगों को खाना मुहैया कराने के लिए फूड सेंटर शुरू किये जा रहे हैं। राफा शहर में ऐसे ही एक सेंटर पर खाना लेने के लिए हजारों लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गयी थी। इजराइली फायरिंग के बाद हजारों फिलिस्तीनी खाने के लिए सेंटर पर दौड़ पड़े।

# डीपीएस में अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार बर्दाश्त नहीं : डॉ जया चौहान

## हर माह काम के आधार पर शिक्षकों को भी मिलेगा पुरस्कार

- स्कूल में शुगर टेस्ट की भी होगी व्यवस्था
- छात्रों के लिए स्किल डेवलपमेंट पर भी जोर



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** रांची के डीपीएस की नवनियुक्त प्राचार्य डॉ जया चौहान का विजन एकदम साफ है। वह शालीन और मिलनसार महिला हैं। पूरी तरह से काम पर जोर देती हैं। उनके योगदान के बाद से ही स्कूल का माहौल बदल गया है। वह अनुशासनहीनता और करप्शन को बर्दाश्त नहीं करने वाली हैं। इसके साफ संकेत उन्होंने बुधवार को आजाद सिपाही से बातचीत करने के दौरान दिये। उन्होंने कहा कि डीपीएस का देश ही नहीं बल्कि इसका नाम विदेशों में भी हो इसके लिए वह काम करेंगी। यहां से निकलने वाले बच्चे देश के अलावा विदेश में भी अपनी पहचान बनायें उस पर फोकस होगा। अभी योगदान दिये कुछ ही दिन हुआ है, वह सब कुछ समझ रहीं हैं। गर्मी छुट्टी होने के बावजूद वह हर दिन ऑफिस आ रहीं हैं। एकेडमिक क्षेत्र में ज्यादा काम करने को उन्होंने टारगेट बनाया है। वह जल्द ही हर माह बेहतर काम करने वाले शिक्षकों को पुरस्कृत करेंगी।

शिक्षकों का रेगुलर एकेडमिक ऑडिट होगा। उनका पूरा फोकस छात्रों और शिक्षकों पर है। छात्र सिर्फ अच्छे अंक ही नहीं लायें बल्कि अच्छे नागरिक बनें इस दिशा में काम करेंगी। अच्छा व्यवहार करना, अनुशासित रहना, माता-पिता और अपने से बड़ों का सम्मान करना, भारतीय संस्कृति जो कुछ सिखाती है। उसमें बच्चे आगे बढ़ें, इसपर भी फोकस रहेगा। इस विद्यालय के बच्चे खेल के क्षेत्र में भी नाम रोशन करें, इस पर भी जोर दिया जायेगा। जो बच्चे अच्छे खिलाड़ी बन सकते हैं और विद्यालय का नाम कर सकते हैं उन्हें हर प्रकार की सुविधा का इंतजाम किया जायेगा। उन्होंने कहा कि शुगर रोग की समस्या से छात्रों को अवगत कराया जायेगा। विद्यालय में शुगर टेस्ट की व्यवस्था की जायेगी। कोल्डड्रींक्स और अन्य शीतलपेय पदार्थ से होने वाली हानि की जानकारी विद्यार्थियों को दी जायेगी। डॉ जया चौहान का पूरा फोकस विद्यालय के छात्रों का भविष्य बेहतर हो इस दिशा में केंद्रित है। विद्यालय में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपनी समस्या बेहिचक उनसे कह सकते हैं।

# भारत में बने कावेरी इंजन की रूस में फ्लाइंग टेस्टिंग



आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत में बने कावेरी जेट इंजन की फ्लाइंग टेस्टिंग डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑगेर्नाइजेशन (डीआरडीओ) रूस में कर रहा है। ये रियल सिचुएशन में इंजन की कैपेसिटी आंकने के लिए अहम है। अधिकारियों ने बताया इंजन पर करीब 25 घंटे का परीक्षण होना बाकी है। स्लॉट मिलने पर टेस्टिंग की जायेगी। इसकी कैपेसिटी शोकेस के लिए इसे एक लाइट कांबैट एयरक्राफ्ट (एलसीए) में लगाने की योजना है। शुरूआत में कावेरी इंजन को तेजस जैसे स्वदेशी एलसीए में लगाने की योजना थी, लेकिन कार्यक्रम में देरी के चलते तेजस में अमेरिकी इंजन जीइ-404 लगाया गया। इस इंजन को अब भारत में बने लंबी दूरी के घातक अनमैंड एयर व्हीकल (यूएवी) यानी स्टेल्थ ड्रोन की पावर बढ़ाने के लिए फिर से तैयार किया जा रहा है। एएमसीए के लिए पावरफुल इंजन बनाने की तैयारी कावेरी 80 किलो न्यूटन थ्रस्ट (पावर) वाला एक लो बाईपास, ट्विन स्पूल टर्बोफैन इंजन है। बेहतर मैनुअल कंट्रोल के लिए इसमें ट्विन-लेन फुल अथॉरिटी डिजिटल इंजन कंट्रोल (एफएडीइसी) सिस्टम लगाया गया है।

# राष्ट्रपति शासन वाले मणिपुर में नयी सरकार बनाने की तैयारी



- राज्यपाल के पास पहुंचे 10 विधायक, 44 विधायकों के समर्थन का दावा

आजाद सिपाही संवाददाता

**इंफाल।** मणिपुर में 10 विधायकों ने बुधवार को राज्यपाल अजय कुमार भल्ला से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश किया है। इनमें आठ भाजपा, एनपीपी के एक और एक निर्दलीय विधायक शामिल थे। विधायकों ने दावा किया है, इनके पास 44 विधायकों का समर्थन है। राज्यपाल से मुलाकात के बाद भाजपा विधायक थोकचोम राधेश्याम ने कहा कि कांग्रेस को छोड़कर 44 विधायक मणिपुर में सरकार बनाने के लिए तैयार हैं। नयी सरकार के गठन का विरोध करने वाला कोई नहीं है। मणिपुर विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत ने 44 विधायकों से मुलाकात की है। दूसरी तरफ, विधानसभा अध्यक्ष सत्यव्रत केंद्रीय नेतृत्व के बुलावे पर दिल्ली रवाना हो गये हैं। जल्द ही सरकार बनाने पर आलाकमान का फैसला आ सकता है। मणिपुर में 60 विधानसभा सीटें हैं। सरकार बनाने के लिए बहुमत का आंकड़ा 31 है। बताते चलें कि 9 फरवरी को भाजपा सरकार का नेतृत्व करने वाले तत्कालीन सीएम एन बीरेन सिंह ने इस्तीफा दे दिया था।

# डीएसपीएमयू में शीघ्र ही भारतीय ज्ञान प्रणाली केंद्र स्थापित होगा: डॉ तपन कुमार शांडिल्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** बुधवार को पूर्वाह्न 11 बजे डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के सभागार में व्यावहारिक वेदांत एवं मूल्यों के विज्ञान विषय पर एक दिवसीय अंतराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ कुलगीत एवं द्वीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत अतिथियों को पुष्पगुच्छ दे कर सम्मानित किया गया। स्वागत भाषण एवं विषय प्रवेश विश्वविद्यालय के दर्शनशास्त्र विषय की विभागाध्यक्ष डॉ आभा झा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि वेदांत का प्रभाव केवल भारत के आध्यात्मिक और दार्शनिक मूल्यों तक ही सीमित नहीं है बल्कि




भारत की राजनीतिक और सामरिक संस्कृति पर भी वेदांत का गहरा प्रभाव पड़ा है। उन्होंने कहा कि वेदांत केवल एक दार्शनिक विचारधारा नहीं बल्कि जीवन को सुंदर, सरल और सार्थक बनाने की एक पद्धति है। आज की इस जटिल दुनिया में वेदांत का व्यवहारिक रूप अपनाना आवश्यक है, जिससे व्यक्ति न केवल आत्मिक शांति पा सकता बल्कि समाज में प्रेम, करुणा और एकता का संदेश फैला सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय दर्शन को आध्यात्मिक दर्शन माना जाना चाहिए। वेदांत दर्शन असीमित है। वेदांत अपने मूल्यों द्वारा समाज का विकास करता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और वक्ता पद्मश्री डॉ अशोक भगत ने वेदांत पर अपने विचारों को व्यक्त करते हुए कहा कि सभी जीवों का एक साथ होना ही वेदांत है। उन्होंने काफी सारगर्भित तरीके से वेदांत को परिभाषित करते हुए उसके मूल तत्वों को उदाहरणों के साथ समझाया। विशिष्ट वक्ता डॉ आरके राय ने कहा कि मानवता ही सबसे बड़ा गुण होता है। मौके पर रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि मनुष्यों को वेद, ग्रंथ और उपनिषद का सार समझना अपने जीवनकाल में अति आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रतिदिन 15- 20 मिनट वेद , उपनिषद जैसे ग्रंथों को पढ़ना आवश्यक बताया। सरला बिरला विश्वविद्यालय के महानिदेशक डॉ गोपाल पाठक ने व्यावहारिक वेदांत एवं विज्ञान के मूल्यों को महाभारत के प्रसंगों से जोड़ कर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने काफी रोचक तरीके से भगवान कृष्ण के विभिन्न चरित्रों के संवाद के माध्यम से वेदांत के मूल ज्ञान की चर्चा की। उन्होंने इस संदर्भ में अहिल्या बाई होल्कर के व्यावहारिक ज्ञान का उल्लेख किया। मौके पर

झारखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ टीएन साहू ने कहा कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में वेदांत का चिंतन असीमित है। इस अवसर पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डॉ यूसी मेहता और साईं नाथ विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ एसपी अग्रवाल ने भी उपरोक्त विषय पर अपना व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में मंच संचालन हिंदी विभाग के प्राध्यापक मनीष मिश्रा ने और धन्यवाद कार्यक्रम की समन्वयक और इएलएल विभाग की समन्वयक डॉ पीयूषबाला ने दिया। यह जानकारी पीआरओ डॉ राजेश कुमार सिंह ने दी।





























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**